door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 230 | गुवाहाटी | गुरुवार, 16 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

डीएनएलए ने फिर हथियार उठाने की दी चेतावनी पेज 3
लद्दाख की पहली सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट रिगजिन से मिले उत्तरी सेना ... पेज 4
शीघ्र गठित होगा ''राज्य राजधानी क्षेत्र'' मुख्यमंत्री ने मांगी कार्ययोजना : योगी पेज 5
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए अतिक्ति बजट दे केंद्र सरकार : शिक्षा मंत्री पेज 8

*बजट सत्र : मुख्यमंत्री की विपक्ष को खरी-खरी*

# ड्रग्स, रेप, डकैती बंद होगी तो एनकाउंटर भी होगा बंद : डॉ. शर्मा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** यदि सकारात्मक सोच हो तो सब कुछ अच्छा ही लगेगा। अगर विरोध करने की ही मानसिकता हो तो उल्टा लगेगा। वर्तमान में अब आंदोलन, धरना, प्रदर्शन नहीं है। बोडोलैंड में 2 साल में कोई गोली नहीं चली। बंदूक खरीदने के बजाज बंदूक जमा करने का समय है। यह हमें तय करना है कि शांति चाहिए, विकास चाहिए, रोजगार चाहिए या नहीं। मई महीने के भीतर एक लाख नौकरी पूरी हो जाएगी। असम में 12 लाख 36 हजार 299 बेरोजगार हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 5 साल में दो लाख नौकरी हुई है। हम एक साल में एक लाख दे रहे हैं। असम में नौकरी में कोई भ्रष्टाचार नहीं, योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। ये बातें बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि एपीएससी में पहले एक करोड़ रुपए की रिश्वत पर नौकरी मिलती थी। सब बंद हो गया। हमने चुनाव में वादा किया था कि एक लाख नौकरी और दो लाख स्वरोजगार देंगे, उसे पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाचित बरफुकन हमारे लिए गौरव की बात हैं। जिस प्रकार महाराष्ट्र के लिए शिवाजी, गुजरात के लिए सरदार वल्लभभाई




पटेल, उसी प्रकार असम के लिए लाचित बरफुकन हैं। स्वाधीनता के 75 वर्ष बाद दुनिया के समक्ष लाचित बरफुकन और बिहू को ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चराईदेव को वर्ल्ड हेरिटेज के लिए नामांकित किया है। अब से पहले किसी ने यह काम नहीं किया। यह दल की बात नहीं, राष्ट्रीय चेतना का विषय है। आगामी 14 अप्रैल को बोहाग बिहू को पूरे भारत के समक्ष मनाया जाएगा। इसे दुनिया के सामने ले जाएंगे। असम की परंपरा को दुनिया के सामने ले जाने का हमने संकल्प लिया है। इसमें कोई विरोधी सामने नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि हम असम के -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह : 8000 से अधिक चार्जशीट, सजा केवल 494 को

**गुवाहाटी।** असम में 2017 से लेकर अभी तक बाल विवाह और पॉक्सो (पॉक्सो) मामले में 8000 से अधिक के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई, लेकिन इनमें से सिर्फ 494 लोगों को ही दोषी ठहराया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य विधानसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस विधायक अब्दुर रशीद मंडल की ओर से बाल विवाह और पॉक्सो मामले को लेकर किए गए एक सवाल का जवाब देते हुए असम के सीएम ने कहा कि राज्य में अब तक 6174 लोगों को जमानत पर रिहा किया गया है। बता दें कि असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा के पास गृह विभाग भी है। शर्मा ने सदन को बताया कि बाल विवाह निषेध -शेष पृष्ठ दो पर



## पेपर लीक मामले में छात्रों से पूछताछ जारी



**गुवाहाटी।** असम राज्य बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा के प्रश्नपत्र के कथित रूप से लीक होने की जांच के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कई छात्रों को पूछताछ के लिए बुधवार को यहां सीआईडी मुख्यालय लाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी (आपराधिक जांच विभाग) के एक अधिकारी ने कहा कि हमने पूरे असम में छात्रों, शिक्षकों व अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। उन्हें आगे की पूछताछ के लिए गुवाहाटी लाया गया है। हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

## मलावी, मोजांबिक और मेडागास्कर में तूफान से हुई तबाही पर मोदी दुखी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मलावी, मोजांबिक और मेडागास्कर में आए चक्रवाती तूफान फ्रेडी से हुई तबाही पर दुख जताते हुए कहा कि इस कठिन समय में भारत आपके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि मलावी, मोजांबिक और मेडागास्कर में चक्रवाती तूफान फ्रेडी से हुई तबाही से व्यथित हूं। मलावी के राष्ट्रपति लाजर मैकार्थी चकवेरा, मोजांबिक राष्ट्रपति फिलिप न्यासी और मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना शोक संतप्त परिवारों और चक्रवात से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना।

## पूर्वोत्तर में 48 घंटे भारी बारिश की संभावना



**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत में बुधवार सुबह से ही बारिश, आंधी और यहां तक कई जगह ओलावृष्टि भी हो रही है। बुधवार को गंगटोक में भयंकर ओलावृष्टि हुई और सिक्किम के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की रिपोर्टों के अनुसार, दक्षिण असम में बारिश के साथ एक चक्रवाती बारिश की संभावना है। साथ ही अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी 15 मार्च से 18 मार्च तक बारिश की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड और मणिपुर में गरज और बिजली गिरने के साथ भारी बारिश की संभावना है। अगले तीन दिन में मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में भी बारिश की संभावना है। रिपोर्टों में -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## 2024 के लिए आरएसएस तैयार दस हजार स्वंयसेवक करेंगे सर्वे

**समालखां।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के तीन दिनों तक चलने वाली प्रतिनिधी सभा की बैठक खत्म हो गई है। इसके साथ ही कुछ प्रस्ताव और कई विषयों पर चर्चा हुई है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बैठक में देश में आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई और ना ही संघ इस तरह की कोई चर्चा करता है। बावजूद इसके प्रतिनिधी सभा में जिस तरह के कार्य स्वंयसेवकों को सौंपे गए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि लोकसभा 2024 के चुनाव से पहले संघ की जनता से बड़े फीडबैक लेने की तैयारी है। दत्तात्रेय होसाबले ने कहा कि शाखा के स्वंयसेवक बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेते हैं। ऐसे में इन स्वंयसेवकों से फीडबैक लिया गया है। इसके साथ ही 10000 स्वंयसेवकों को सर्वे करने को कहा गया है। इस सर्वे में मुख्य रुप से यह पूछा जाएगा कि संघ की ओर से किस तरह के सामाजिक कार्यों को अंजाम दिया गया है। सामाजिक परिवर्तन -शेष पृष्ठ दो पर



## ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ने इंडियन कॉन्स्युलेट का गेट किया ब्लॉक

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में बुधवार को खालिस्तान समर्थकों ने इंडियन कॉन्स्युलेट के मेन गेट को जबरदस्ती ब्लॉक कर दिया। यह कॉन्स्युलेट ब्रिस्बेन के सबअर्बन एरिया तारिंगा में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक खालिस्तान समर्थक झंडे, पोस्टर और बैनर लेकर यहां पहुंचे। उन्होंने कॉन्स्युलेट में प्रवेश कर रहे लोगों को अंदर नहीं आने दिया। इसकी वजह से कॉन्स्युलेट में काम नहीं हो पाया। पिछले ही हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज भारत दौरे पर आए थे। मीडिया बीफ्रिंग के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरोसा दिलाया था कि मंदिरों और भारतीयों पर हमलों के मामलों में खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक खालिस्तान समर्थकों ने कॉन्स्युलेट के एंट्री गेट को ब्लॉक कर दिया। इसकी वजह से वो लोग भी कॉन्स्युलेट के अंदर नहीं जा पाए, जिन्हें यहां जरूरी काम थे। परविंदर सिंह क्वींसलैंड के रहने वाले हैं। उन्होंने ऑफिस से छुट्टी ली, क्योंकि उन्हें कॉन्स्युलेट में काम था। उन्हें बेटे का ओवरसीज इंडियन कार्ड लेना था, लेकिन वो कॉन्स्युलेट में जा ही नहीं सके। सिंह ने कहा कि क्या -शेष पृष्ठ दो पर



### सुप्रभात

*आसमान की तरफ देखो। हम अकेले नहीं हैं। सारा जहां हमारा दोस्त है और सपने देखने और उन्हें पूरा करने वालों की मदद करता है।*

– **एपीजे अब्दुल कलाम**

## बारामती : ड्रेनेज चैंबर में दम घुटने से चार की मौत



**मुंबई।** पुणे के बारामती में एक नाले में दम घुटने से चार लोगों की मृत्यु हुई। जानकारी के मुताबिक, प्रवीण अटोले नामक एक व्यक्ति मोटर पाइप साफ करने के लिए अंदर गया, लेकिन वह बेहोश हो गया और उसे बचाने के लिए उसके पिता अंदर गए तो वे बेहोश हो गए। पुलिस का कहना है कि उनके पीछे दो लोग भी अंदर गए और उनकी मृत्यु हो गई। मालेगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से एक भानुदास अटोले के खेत में स्थित ड्रेनेज चैंबर में मवेशियों का गोबर भरा गया था। इसे साफ करने का काम चल रहा था। कुछ कचरा -शेष पृष्ठ दो पर

## म्यांमार के सैन्य शासकों ने बौद्ध मठ में 29 लोगों की जान ली

**नेपीडॉ।** म्यांमार के दक्षिणी शान राज्य में शनिवार को एक मठ में तीन भिक्षुओं सहित कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई। रविवार को ऑनलाइन पोस्ट की गई तस्वीरों में गांव के मठ के प्रवेश द्वार के पास खून से लथपथ कई शव दिखाई दे रहे हैं, जिनमें तीन बौद्ध भिक्षुओं के हैं। मठ के सामने के हिस्से पर भी गोलियों के निशान थे। विद्रोही समूहों और सेना समर्थित जुंटा ने एक-दूसरे पर नरसंहार करने का आरोप लगाया है। म्यांमार नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में सागैंग क्षेत्र के म्यिनमु टाउनशिप में जून्टा सैनिकों द्वारा कथित तौर पर 17 ग्रामीणों की हत्या करने के कुछ ही हफ्तों बाद ताजा घटना शनिवार को नन्नेइन्ट गांव में हुई। सरकार विरोधी करेनी नेशनलिटीज डिफेंस फोर्स (केएनडीएफ) द्वारा प्रकाशित और म्यांमार नाउ द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित की गई तस्वीरों -शेष पृष्ठ दो पर



## आईआईटी, मद्रास के एक और छात्र ने की आत्महत्या

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के एक और छात्र ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। इस छात्र की पहचान पुष्पक के तौर पर हुई। ये आंध्र प्रदेश का रहने वाला था और वो यहां बीटेक तृतीय वर्ष में पढ़ रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसके सहपाठियों ने दावा किया कि छात्र पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने को लेकर चिंतित था। मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि छात्र को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और अपने शैक्षणिक -शेष पृष्ठ दो पर





### न्यूज गैलरी

## प्रतिमा भौमिक ने विधायिकी छोड़ी

**अगरतला।** केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने त्रिपुरा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में धनपुर सीट से जीते विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के उम्मीदवार कौशिक चंदा को हराया था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भौमिक ने कहा कि दो मार्च को धनपुर विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की और तदनुसार दो सम्मानजनक पदों पर आसीन होने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे लोकसभा सदस्य और केंद्रीय राज्य मंत्री होने के बावजूद धनपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया था। पार्टी की सलाह पर मैंने धनपुर सीट से विधायक के पद से अपना इस्तीफा राज्य विधानसभा परिसर में प्रोटेम स्पीकर को सौंप दिया। भौमिक के साथ कृषि और किसान कल्याण मंत्री रतन लाल नाथ भी थे। उन्होंने प्रोटेम स्पीकर बिनय भूषण दास को शुभकामनाएं दीं।

## एम्स के डॉक्टरों ने सुई की मदद से अंगूर जितने दिल का वॉल्व खोला

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने मां के गर्भ में पल रहे बच्चे के अंगूर जितने छोटे दिल की सफल सर्जरी की। डॉक्टरों ने बैलून डाइलेशन सर्जरी करके बच्चे के दिल का बंद वाल्व को खोला। इस सर्जरी को डॉक्टरों ने सिर्फ 90 सेकेंड में पूरा किया। मां व बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। ऑपरेशन एम्स के कार्डियोथोरासिक साइंस सेंटर में किया गया। एम्स के डॉक्टरों की टीम ने यह प्रोसिजर पूरा किया। अब टीम बच्चे के हार्ट चैम्बर्स की ग्रोथ को मॉनिटर कर रही है। 28 साल की महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला की पिछली तीन प्रेग्नेंसी लॉस हो गई थीं। डॉक्टरों ने महिला को बच्चे की हार्ट कंडीशन के बारे में बताया था और इसे सुधारने के लिए ऑपरेशन की सलाह दी थी, जिसे महिला व उसके पति ने मान लिया। टीम ने बताया कि जब बच्चा मां के गर्भ में होता है, तब भी कुछ गंभीर तरीकों के हार्ट डिजीज का पता लगाया जा सकता है। अगर इन्हें गर्भ में ही ठीक कर दिया जाए तो जन्म के बाद बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर रहने की संभावना बढ़ जाती है और बच्चे का सामान्य विकास होता है। सर्जरी करने वाले डॉक्टर ने बताया कि बच्चे पर की गई सर्जरी का नाम बैलून डाइलेशन है। यह -शेष पृष्ठ दो पर



## प्रचंड गर्मी को लेकर केंद्र ने दिल्ली समेत सभी राज्यों को चेताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अब एक बार फिर गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। आलम यह है कि रविवार को अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2-3 दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। हालांकि इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी भारत को प्रभावित करेगा, जिससे तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें बताया गया कि इस साल सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने और मार्च के आखिरी सप्ताह में सिंधु-गंगा मैदान एवं पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किए जाने की संभावना है। कैबिनेट सचिव राजीव -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# लैंड फॉर जॉब मामला : लालू परिवार को मिली जमानत



**पटना।** नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती को जमानत मिलने के बाद राजद विधायक द्वारा भाजपा विधायकों को मिठाई देने की पेशकश की गई। इस दौरान राजद और भाजपा विधायकों विधानसभा में आपस में ही भिड़ गए। वहीं भाजपा ने राजद पर धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है। दरअसल, भाजपा विधायक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे जबकि राजद विधायक मिठाई बांट रहे थे। दोनों के बीच हुई भिडंत पर विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सभी (भाजपा विधायक) यहां थे और हमने उन्हें (राजद) को अंदर जाने के लिए जगह छोड़ दी लेकिन बाहर आकर वे गुंडागर्दी करने लग पड़े। लड्डू खिलाने के बहाने धक्का-मुक्की करने लगे। सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद के विधायकों ने हमें परेशान किया। मैं राज्यपाल के पास जाऊंगा। वहीं इस मामले पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि कई वरिष्ठ नेता इस गलत व्यवहार में लिप्त हैं। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। भाजपा के खिलाफ जान-बूझकर यह कार्रवाई की गई है। मालूम हो कि लालू परिवार पर लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी की पूछताछ ते बाद आज कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया था, आज कोर्ट लालू परिवार को बेल दे दी।

# जेकेजे ज्वेलर्स के कलैक्शन को लोगों ने खूब सराहा



**गुवाहाटी।** देश की अग्रणी तथा सबसे लोकप्रिय ज्वेलरी ब्रांड में से एक राजस्थान के जयपुर स्थित जेकेजे ज्वेलर्स की ओर से पहली बार गुवाहाटी में पोलकी ज्वेलरी एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। खानापाड़ा स्थित होटल ताज विवांता में आयोजित इस एक दिवसीय प्रदर्शनी को ग्राहकों ने खूब सराहा। जेकेजे ज्वेलर्स की ओर से अपने एक्सक्लूसिव आभूषणों के कलेक्शन व डिजाइन के साथ प्रदर्शनी लगाई गई थीं। इस सिलसिले में जेकेजे ज्वेलर्स के जतिन मोसून ने बताया कि हमे ऐसा लग ही नहीं रहा की हम गुवाहाटी में पहली बार प्रदर्शनी आयोजित कर रहे हैं। यहां के लोग व उनकी चॉइस की भी दात देनी होगी। हमरे कलैक्शन को यहां के ग्राहकों ने खूब सराहा और खरीददारी भी की। उन्होंने बताया कि इस बार गुवाहाटी में आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी में डायमंड और पोल्की के एकया कलेक्शन प्रस्तुत किए गए, जो अपने आप में एक हैं। हमारा मानना है कि हर ब्राइड अपने आप में एक सेलिब्रिटी है और अपने आपको एक सेलिब्रिटी की तरह ही हमरे आभूषण पहनने के बाद महसूस करता है। उन्होंने कहा की जेकेजे ज्वेलर्स 1868 में स्थापित एक विश्वसनीय ब्रांड है, जिसके जयपुर में तीन शोरूम है। यह शोरूम एमआई रोड, मानसरोवर और विद्याधर नगर में स्थित हैं, जहां देश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं और अपने पसंदीदा आभूषणों की खरीदारी उचित दरों पर करते हैं। जेकेजे ज्वेलर्स की स्थापना सत्यनारायण मोसुन ने की थी। आज जेकेजे ज्वेलर्स की बागडोर उनके भाई श्याम सुंदर, प्रमोद सहित उनके पुत्र पुखराज, सुनील, अनिल, चेतन संभाल रहे हैं। उन्होंने सभी गुवाहाटी वासियों से मिले प्यार हेतु तहे दिल से आभार व्यक्त किया और जल्द ही पुन: यहां प्रदर्शनी आयोजित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि गुवाहाटीवासी जयपुर आकर जेकेजे ज्वेलर्स के शोरूम में कलेक्शन को देखें एवं खरीदारी कर अपने खास मौकों को और यादगार बनाएं।

## ढेकियाजुली में ढोल बजाने की कार्यशाला

**शोणितपुर (हि.स.)।** असमिया संस्कृति के प्राण सरीखा उत्सव रंगाली बिहू के आयोजन को महज एक महीने का समय शेष है। इस बीच राज्यभर में अब असमिया समाज पूरे उत्साह के साथ रंगाली बिहू को मनाने की तैयारियों में जुट गया है। इसके मद्देनजर राज्य में बिहू कार्यशालाएं शुरू की जा रही हैं। इस कड़ी में ढेकियाजुली भी पीछे नहीं है। ढेकियाजुली के शंकरदेव शिशु निकेतन विद्यालय की पहल के तहत विद्यालय परिसर में 15 दिवसीय बिहू नृत्य और ढोल बजाने की कार्यशाला शुरू की गई हैं। बबीता सैकिया और हेमंत गोस्वामी की देखरेख में 15 दिवसीय कार्यशाला में लगभग एक सौ छात्र भाग ले रहे हैं। इनमें विभिन्न जाति, भाषा और समुदायों के छात्र शामिल हैं। वहीं शोणितपुर जिला मुख्यालय तेजपुर के शालनीबाड़ी थाने की पुलिस ने सोनाबिल में तस्करी के आरोप में 32 मवेशियों से भरे ट्रक को जब्त किया है। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रक का काफी दूर तक पीछा करने के बाद जब्त किया।

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन का दीक्षांत समारोह




**सोनीपत।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने मंगलवार, 14 मार्च 2023 को अपने कैंपस, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, सोनीपत में डिजाइन स्नातकों का दूसरा बैच प्रस्तुत किया। इस दीक्षांत समारोह पर छात्रों का हर्षोल्लास बढ़ने के लिए मौजूद थे संसद के सदस्य कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर जिन्होंने स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एक अत्यंत ऊंचा मकाम प्राप्त किया है। इस वर्ष युनिवर्सिटी ने स्नातक और स्नातकोत्तर के 158 छात्रों को डिग्रियां दी। स्वयं करके सीखने का दृष्टिकोण रखने वाले इस इंस्टीट्यूट में छात्रों को आत्मनिर्भर होने के सभी विकल हैं जैसे अत्याधुनिक कार्यशालाएं, 3डी प्रिंटिंग/लेजर कटिंग/सीएनसी मशीनों के साथ रैपिड प्रोटोटाइप फैब-लैब, एआर वीआर सुविधाएं, एनिमेशन, साउंड और फिल्म स्टूडियो, प्रिंटमेकिंग के लिए वर्कशॉप, पैटर्नमेकिंग और छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के लिए गारमेंट निर्माण। यह लीग से हटकर दृष्टिकोण है जिसने कैंपस से छात्रों को लेने के लिए एमेजॉन, ओगिल्वी, स्क्वारेबोट, वर्लपूल, अरविंद फैशन, मैक्स, अजियो, आदि जैसे महत्वपूर्ण ब्रैंड को आकर्षित किया। इस वर्ष ड्ढ्ढष्ठ के 96 प्रतिशत से ज्यादा छात्र पूर्णकालिक प्लेसमेंट योजना में नामांकित कराए हैं और 16-24 लाख का पैकेज हासिल किया है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन भी अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व करता है जिसमें प्रतिष्ठित टॉयकैथॉन, ऑटोमोटिव डिजाइन प्रतियोगिताओं और जल कौशल सहित कई पुरस्कार और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं। लगभग पांच वर्षों की छोटी सी अवधि में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन को प्रतिष्ठित उपाधियों और प्रशंसाओं से नवाजा गया है। संस्थान को विश्व संस्थागत रैंकिंग द्वारा परिणाम आधारित शिक्षा में + ग्रेड विश्वविद्यालय घोषित किया गया है और मानसिक स्वास्थ्य में ष्ठद्बड्ढ्ढह्वह्यह्यष्ठ रेटिंग प्राप्त है। एसोचैम द्वारा डिजिटल एडॉप्शन और एनईपी के अनुरूप देश के शीर्ष 20 विश्वविद्यालयों में रखा गया, ड्ढ्ढष्ठ को इंडिया टुडे द्वारा सर्वश्रेष्ठ उभरते विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध किया गया है। स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर को दो स्वतंत्र सर्वेक्षणों द्वारा टॉप 25 के तहत रखा गया था और करियर 360 द्वारा स्कूल ऑफ डिजाइन को 12वीं सर्वश्रेष्ठ रैंक दी गई है, जिससे यह उत्तर भारत का पहला निजी स्कूल बन गया है। ड्ढ्ढष्ठ इस वर्ष ह्लष्ट मान्यता के लिए आवेदन करेगा। प्रसन्न एवं भावविभोर डॉ. संजय गुप्ता (कुलपति - वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन) ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए एक दीक्षांत समारोह छात्रों और शिक्षकों दोनों द्वारा वर्षों की कड़ी मेहनत की परिणति है। यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए खुशी का दिन है और दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर को पाकर हम बहुत खुश हैं। खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ भारत में खेलों और फिटनेस को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों ने उन्हें हमारे लिए एक प्रेरणा बना दिया है। जिस तरह उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की, उसी तरह हमारे छात्रों ने अपनी रचनात्मक दृष्टि, प्रतिभा और नवीनता के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास किया है।

No. TSK WL/2023/03

**TENDER NOTICE (e-Tender)**

e-Tender are invited online through e-procurement system i.e. through the website www.assamtenders.gov.in. for supply of Floating Anti-Poaching Camp cum Mechanized Boat.

The e-Tender is Two-Bid System, to be submitted with affixed Court Fee Stamp worth **Rs.8.25/- (Rupees Eight and paisa Twenty Five)** only in favour of Divisional Forest Officer, Tinsukia Wildlife Division, Tinsukia. The Tender Fee and EMD should be paid through online mode in the portal i.e. *www.assamtenders.gov.in.*

**IMPORTANT PARTICULARS OF THE E-TENDER**

| Sl. No. | Name of Work | Total unit | Rate per Unit (Rs. In lakhs) | Tender Cost (Rs. In lakhs) | Location /Work site | Earnest money (%) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of Floating APC cum Mechanized Boat. | 2 nos. | 25.00 | 50.00 | Tinsukia Wildlife Division, Tinsukia. | 1% on estimated cost for SC/ST/ OBC/MOBC and 2% for Others. | As per stipulated time period. |

**Key Points:**

1) The Contractors / Bidders must be registered with www.assamtenders.gov.in for participating in the bidding process. The Bid document may be downloaded through the portal *www.assamtenders.gov.in* by using their own user ID.
2) The bidders must have good record on successful completion of any work in last 3 (three) years.
3) Online submission of Technical & Financial Bid is mandatory. Manual submission (without online submission) of bid will be considered as non-responsive. Bidders need to submit the required papers for technical bid by scanning and uploading the same.
4) The bidder shall submit the cost of the tender processing fee and the earnest money deposit through online in the portal *www.assamtenders.gov.in*
5) The last date of bid submission is fixed on 05/04/2023 up to 12.00 hours (IST).

*Divisional Forest Officer*
*Tinsukia Wildlife Division*
*Tinsukia.*

***-- Janasanyog /C/22879/22***

# पृष्ठ एक का शेष

## ड्रग्स, रेप, डकैती ...

कर्मचारियों को महीने की 1 तारीख को वेतन दे सकते हैं। लोग कह रहे हैं कि सरकार ने कर्ज लिया है, तो सवाल उठता है कि कर्ज किसे मिलता है, जो लौटा सकता है। आरबीआई ने हमें 22 हजार करोड़ कर्ज लेने के लिए कहा था लेकिन हमने 19 हजार करोड़ ही लिया। मध्य प्रदेश सरकार ने असम की दो योजनाओं का अनुकरण किया है। इसमें अरुणोदय योजना भी शामिल है। हम जीडीपी में 3 साल के भीतर पंजाब को पीछे छोड़ देंगे। मैं पूरे दायित्व के साथ बता रहा हूं कि हाई कोर्ट ने हमारे खिलाफ आज तक एक भी नेगेटिव कमेंट नहीं किया है। असम में 2020 में 29 हजार अपराध महिलाओं के विरुद्ध दर्ज हुए थे जबकि 2022 में मात्र 12 हजार दर्ज हुए। उन्होंने कहा कि असम में अपराध 50 प्रतिशत कम हो गया है। नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज रिकॉग्नाइज हो गया है। इस साल 4 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं। 70 साल में तीन मेडिकल कॉलेज थे। मध्य प्रदेश, बिहार के समान असम में मेडिकल कॉलेज होने जा रहे हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री रहते हुए हमने 10,000 से ज्यादा विद्यालयों का प्रादेशिकीकरण किया था। चाय बागानों में 100 हाई स्कूल खोले गए। विद्यालय बंद किए जाने के आरोप के संबंध में कहा कि विद्यालय बंद नहीं हुआ, एमालगेशन हुआ है। नजदीक में अलग-अलग विद्यालय हैं, जिनमें छात्र कम हैं, उनको एक साथ जोड़ा गया है। राज्य में 8 नए विश्वविद्यालयों का काम चल रहा है। मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण जितना असम में हो रहा है, उतना किसी राज्य में नहीं हो रहा है। असम के पर्यावरण को बचाने के लिए विद्युत उत्पादन न कर हम बिजली खरीद रहे हैं। राज्य में धान की खरीद बढ़ाई गई है। असमिया गमछा सरकार खरीद रही है। इसके जरिए राज्य के हस्ततांत क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले वर्ष में बसुंधरा योजना से सात लाख जबकि इस साल दस लाख लोगों ने जुड़ने के लिए आवेदन किया है। हम अपना घर के साथ अपना वाहन सरकारी कर्मचारियों के लिए शुरू करने जा रहे हैं। जिन लोगों ने हमें विधानसभा भेजा है, उनको अरुणोदय चाहिए। 5 साल के कार्यकाल में संपूर्ण बीपीएल को अरुणोदय के अंतर्गत ले आएंगे। दरिद्रता को समाप्त करने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन कार्ड, अरुणोदय, हेल्थ इंश्योरेंस, घर, बिजली सबके पास हो यह हमारा लक्ष्य है। डॉ. शर्मा ने कहा कि फॉरेस्ट एरिया में वही व्यक्ति रह सकता है जो ट्राइबल हो या तीन चार पीढ़ी से रहता हो।

## बाल विवाह : 8000 से ...

अधिनियम 2006 के तहत 4,049 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले में 2017 से लेकर इस साल फरवरी तक राज्यभर में 8,908 लोगों की गिरफ्तारी हुई। मुख्यमंत्री की ओर से राज्य विधानसभा में दी गई जानकारी से पता चला है कि इस दौरान राज्य में 134 बालकों और 2,975 बालिकाओं की शादी कराई गई। जबकि कानूनी रूप से लड़कों की शादी के लिए निम्नतम 21 साल और लड़कियों की शादी के लिए 18 साल की उम्र की तय की गई है। इसके बाद निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई की ओर से पूछे गए एक अलगल प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अप्रैल 2021 से लेकर फरवरी 2023 तक राज्य में बाल विवाह के 4111 मामले सामने आए। शर्मा ने आगे कहा कि इस 22 महीने की अवधि के दौरान राज्य में बाल विवाह को लेकर 4670 मामले रजिस्टर किए गए। सीएम ने कहा कि इनमें से 7,142 को अभियुक्त के रूप में नामित किया गया है। जिसके बाद 3483 लोगों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार लोगों में से 1,182 अभी जेल में हैं जबकि 2,253 को जमानत मिल चुकी है। शर्मा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार की ओर से बच्चों की जिम्मेदारी उठाने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है, लेकिन अगर बच्चों के देखभाल और सुरक्षा की जरूरत होती है तो कदम उठाए जाएंगे।

## पेपर लीक मामले ...

उन्होंने इस बारे में और जानकारी नहीं दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी. पी. सिंह बुधवार सुबह डिब्रूगढ़ पहुंचे। डिब्रूगढ़ में अब तक छह छात्रों को हिरासत में लिया गया है। शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने यहां विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा कि पेपर लीक की जड़ तक पहुंचने के लिए सीआईडी की जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ छात्रों और अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है या उन्हें हिरासत में लिया गया है। लेकिन हमें धैर्य बनाए रखना होगा और पेपर लीक कहां से हुआ- यह जानने के लिए सीआईडी जांच पूरी होने का इंतजार करना होगा। विपक्षी कांग्रेस ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के गेट पर प्रदर्शन किया और प्रश्नपत्र लीक होने या नहीं होने की स्थिति स्पष्ट करने की सरकार से मांग की। विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने कहा कि सरकार ने हमें सदन में बताया कि परीक्षा रद्द कर दी गई क्योंकि व्हाट्सएप पर कुछ सामग्री थी। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वास्तव में क्या हुआ।

## 2024 के लिए ...

में स्वंयसेवकों के योगदान किस तरह से रहा इसे लेकर सर्वे की बात है और छह महीने के भीतर इस रिपोर्ट को तैयार करना है। डॉ मनमोहन वैद्य ने साफ किया कि आगामी शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए संघ की ओर से फिलहाल कोई बड़े कार्यक्रम नहीं करने की योजना है। किसी भी योजना को अगले वर्ष के प्रतिनिधी सभा में कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी और इसे लेकर कार्यक्रम बनाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ कार्य को बढ़ाने के लिए संघ के नियमित प्रचारकों व विस्तारकों के अतिरिक्त 1300 कार्यकर्ता दो वर्ष के लिए शताब्दी विस्तारक निकले हैं। इसके लिए 1500 लोगों की टीम और तैयार की जा रही है, जो संघ के काम को जन जन तक पहुंचाएंगे। किसी भी बड़े कार्यक्रम नहीं करने की वजह जानकार साल 2024 का लोकसभा चुनाव भी बता रहे हैं। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि प्रतिनिधि सभा में समाज के उन लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया है जो समाज के विकास के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कार्य विस्तार तथा कार्य की गुणात्मकता बढ़ाने की योजना अवश्य बनी है। स्थान-स्थान पर ग्राम-बस्तियों की परिस्थिति का अध्ययन कर वहां की समस्याओं के समाधान की दिशा में शाखा के स्वयंसेवक समाज को जोड़कर प्रयास करेंगे। इसके लिए समाज के उन लोगों को खास तौर पर जोड़ा जाएगा जो समाज में सकारात्मक सोच रखते हैं। अगले एक वर्ष तक एक लाख स्थानों तक पहुंचना संघ का लक्ष्य है। वर्ष 2020 में आई कोरोना आपदा के बाद भी संघ कार्य बढ़ा है। 2020 में 38913 स्थानों पर 62491 शाखा, 20303 स्थानों पर साप्ताहिक मिलन व 8732 स्थानों पर मासिक मंडली चल रही थी। 2023 में यह संख्या बढ़कर 42613 स्थानों पर 68651 शाखाएं, 26877 स्थानों पर साप्ताहिक मिलन तथा 10412 स्थानों पर मासिक मंडली तक पहुंच गई है। संघ दृष्टि से देशभर में 911 जिले हैं, जिनमें से 901 जिलों में संघ का प्रत्यक्ष कार्य चलता है। 6663 खंडों में से 88 प्रतिशत खंडों में, 59326 मंडलों में से 26498 मंडलों में संघ की प्रत्यक्ष शाखाएं लगती हैं। निश्चित रुप से अधिक से अधिक शाखा के माध्यम से संघ की सोच को जनमानस तक पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा।

## ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ...

अब ये खालिस्तानी हमें बताएंगे कि ऑस्ट्रेलिया में हमें कैसे रहना है? क्वींसलैंड पुलिस और सरकार को इन लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले ही तो हमें यह भरोसा दिलाया था। ब्रिस्बेन में सराह गेट्स हिंदू ह्यूमन राइट्स की डायरेक्टर हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन कॉन्स्युलेट को जबरदस्ती बंद कराया गया। यहां सिख फॉर जस्टिस के खालिस्तान समर्थक प्रोपेगैंडा चला रहे हैं। सराह ने कहा कि ब्रिस्बेन के सिख टेम्पल की बस में प्रोटेस्टर्स को यहां लाया गया। ये बहुत फिक्र की बात है। इस इलाके में रहने वाले लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता है। गेट्स के मुताबिक, जब खालिस्तानी समर्थक हंगामा कर रहे थे, तब वो खुद घटनास्थल पर मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात ही पुलिस और स्थानीय नेताओं ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की थी। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि लॉ एंड ऑर्डर की दिक्कत बिल्कुल नहीं होने दी जाएगी। हर नागरिक की हिफाजत सबसे अहम जरूरत है। डेमोक्रेटिक प्रोटेस्ट अपनी जगह ठीक है, लेकिन इससे किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। 22 फरवरी को कॉन्स्युलेट की हेड अर्चना सिंह जब ऑफिस पहुंची थीं, तब उन्हें कैंम्पस में खालिस्तान के कुछ फ्लैग मिले थे। उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। 11 फरवरी को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने कहा था कि हमारा देश एक मल्टी कल्चर नेशन है। हम सबकी आस्था का सम्मान करते हैं। यहां धार्मिक स्थलों की इमारतों पर हमला करने वालों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एल्बनीज से चर्चा के दौरान ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को अफसोसनाक बताया था। एल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में धार्मिक इमारतों पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह हिंदू मंदिर हों, मस्जिद हों या चर्च हों। ऐसी गतिविधियों की हमारे देश में कोई जगह नहीं है। ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा एजेंसियां यह सुनिश्चित करेंगी कि ऐसी गतिविधियां न हों।

## बारामती : ड्रेनेज चैंबर ...

मोटर पंप में फंस गया था, इसलिए प्रवीण अटोले इसे हटाने के लिए अंदर गए, लेकिन दम घुटने के कारण वह बेहोश हो गए। उनके बाद उनके पिता भानुदास अटोले, प्रकाश सोपान अटोले और बाबासाहेब गवाहने एक-एक करके चैंबर में दाखिल हुए और वे सभी बेहोश हो गए और अंदर जमा पानी में गिर गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि चारों को चेंबर से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आगे की जांच जारी है।

## म्यांमार के सैन्य...

में स्पष्ट रूप से पीड़ितों के सिर और उनके शरीर के अन्य हिस्सों पर बंदूक की गोली के घाव दिखाई दे रहे हैं। केएनडीएफ के प्रवक्ता के अनुसार, तब से अब तक कुल 22 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि अन्य सात के अभी भी घटनास्थल पर होने की आशंका है। प्रवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर सुरक्षा कारणों से कहा कि मठ के पीछे सात और शव हैं जिन्हें हम अभी तक एकत्र नहीं कर पाए हैं। सैन्य नेता मिन आंग हलिंग के 2021 के तख्तापलट में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से म्यांमार राजनीतिक हिंसा में घिर गया है, जिसने 55 मिलियन लोगों के दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र के एक कार्यशील लोकतंत्र बनने की किसी भी उम्मीद को उलट दिया। तख्तापलट के बाद लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एक क्रूर सैन्य कार्रवाई हुई, जिसमें नागरिकों को सड़क पर गोली मारते देखा गया। इस बीच, म्यांमार के जुंटा प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने आरोपों को खारिज कर दिया कि सेना जिम्मेदार थी। म्यांमार के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल लाइट द्वारा मंगलवार को की गई टिप्पणियों में, उन्होंने करेन नेशनल पुलिस फोर्स (केएनपीएफ), पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) और करेनी नेशनल प्रोग्रेसिव का नामकरण करते हुए मठ में हिंसा के लिए *आतंकवादी समूहों* को जिम्मेदार ठहराया। एडवोकेसी ग्रुप असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स (एएपीपी) के अनुसार, तख्तापलट के बाद से, म्यांमार में कम से कम 2,900 लोग जुंटा सैनिकों द्वारा मारे गए हैं और 17,500 से अधिक गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश अभी भी हिरासत में हैं। तख्तापलट के परिणामस्वरूप देश में लंबे समय से स्थापित जातीय मिलिशिया से संबद्ध सेना और प्रतिरोध समूहों के बीच लड़ाई में वृद्धि हुई है, जो दशकों से उग्रवाद से ग्रस्त है। प्रतिरोध समूहों ने बार-बार म्यांमार की सेना पर उन क्षेत्रों में सामूहिक हत्याओं, हवाई हमलों और नागरिकों के खिलाफ युद्ध अपराधों को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

## आईआईटी मद्रास...

कार्यों को पूरा करने में शायद समस्या हो रही थी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने और पोस्टमॉर्टम के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। इससे पहले पिछले महीने भी इसी संस्थान में एक छात्र ने आत्महत्या किया था। बीते महीने आईआईटी मद्रास में इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष के छात्र ने खुदकुशी की थी। पुलिस के अनुसार, बीते महीने फांसी लगाने से जिस छात्र की मौत हुई वो महाराष्ट्र का रहने वाला था। उसकी पहचान 27 साल के स्टीफन सनी के तौर पर हुई थी। आईआईटी मद्रास ने एक बयान में कहा कि बड़ी दुख के साथ बताया जा रहा है कि आईआईटी मद्रास 14 मार्च, 2023 को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के बीटेक छात्र के असामयिक निधन की सूचना देता है।

## एम्स के डॉक्टरों ने ...

प्रोसिजर अल्ट्रासाउंड गाइडेंस में किया जाता है। इसके लिए हमने मां के पेट से बच्चे के दिल में एक सुई डाली। फिर बैलून कैथेटर की मदद से हमने बंद वॉल्व को खोला ताकि ब्लड फ्लो बेहतर हो सके। हम उम्मीद करते हैं कि सर्जरी के बाद बच्चे का दिल बेहतर तरीके से विकसित हो पाएगा और जन्म के समय दिल की बीमारियों का खतरा कम रहेगा। कार्डियोथॉरासिक साइंसेस सेंटर की टीम के सीनियर डॉक्टर ने बताया कि ऐसा ऑपरेशन गर्भ में पल रहे बच्चे की जान के लिए खतरनाक भी हो सकता है इसलिए इसे बहुत संभल कर परफॉर्म करना होता है। ज्यादातर हम जब ऐसे प्रोसिजर करते हैं, तो वे एंजियोप्लास्टी के तहत होते हैं, लेकिन इसे एंजियोप्लास्टी के तहत नहीं किया जा सकता था। ये पूरा प्रोसिजर अल्ट्रासाउंड गाइडेंस के तहत किया जाता है और इसे बहुत जल्दी करना होता है, क्योंकि इसमें हार्ट चेंबर को पंक्चर किया जाता है। अगर इसमें कोई चूक हुई या समय अधिक लगा तो बच्चे की जान भी जा सकती है। इसलिए बहुत जल्दी और सटीक अनुमान के साथ परफॉर्म किया जाता है। हमने ये प्रोसिजर 90 सेकेंड में पूरा किया।


## प्रचंड गर्मी को ...

गौबा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में आईएमडी ने बताया कि पूर्वी एवं मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों एवं पश्चिमोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। आईएमडी ने गर्मियों के असर को कम करने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक में बताया कि मार्च के अंत में सिंधु-गंगा के मैदान और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज होने की संभावना है। आधिकारिक बयान के अनुसार, कैबिनेट सचिव ने रेखांकित किया कि चूंकि तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, इसलिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इससे निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी करनी चाहिए। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सुबह-सुबह गर्मी रहने के साथ ही न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान के 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान, अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मध्यम श्रेणी में (150) रहा।

## पूर्वोत्तर में 48 घंटे ...

कहा गया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र को मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट पर रखा गया था। ऑरेंज अलर्ट का तात्पर्य है कि क्षेत्र खतरनाक मौसम का सामना करेगा और एहतियाती उपाय किए जाने हैं। आईएमडी को उम्मीद है कि ऑरेंज अलर्ट बुधवार को असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा के लिए येलो अलर्ट में बदल जाएगा, लेकिन आने वाले दिनों में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के लिए खराब मौसम की उम्मीद है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**(संत)**

**भक्त आश प्रभु का करे, भक्त आश करे देव।**
**महिमा सन्तन को कहे, जेहि पीछे सब देव॥ 25॥**

**शब्दार्थ :** (देव) देवता, दिव्य शक्तिमान।

**भाष्य :** भक्त, प्रभु की आशा करते हैं और देवतागण भक्तों की आशा करते हैं एवं समस्त देवतागण जिसके पीछे रहते हैं। एसे संतों की महिमा का वर्णन कौन कर सकता है? संतों की महिमा अपार है।

**वास एकांत सरेह में, एकाकी निरद्वन्द्व।**
**मोह कर्म की पाश को, काटि छुटे दुख फन्द॥ 26॥**

**शब्दार्थ :** (सरेह) खेत का मैदान (निर्द्वन्द्व) द्वंद्वरहित (पाश) बंधन (फन्द) फांस।

**भाष्य :** संतजन एकाकी, निर्द्वंद्व हो कर`कांत सरेह में वास करते हैं और मोह-कर्म के पाश को काटकर दु:खमय बंधन से छूट जाते हैं।

# डीएनएलए ने फिर हथियार उठाने की दी चेतावनी



**डिमा हसाउ ( हि.स. )।** राज्य के पहाड़ी जिला के युद्धविराम करने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन डिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) ने सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरा नहीं किए जाने पर जंगल में लौटने की धमकी दी है। उन्होंने जिला मुख्यालय हाफलोंग के हरंगाजाओ में अपने निर्धारित कैंप के पास मीडिया से बातचीत करते हुए बुधवार को यह ऐलान किया। स्वयंभू डिप्टी सी-इन-सी ने कहा कि वे असम और भारत सरकार के आह्वान के जवाब में संघर्ष विराम पर आए हैं। उन्हें पूरी उम्मीद थी कि सरकार उनकी मांगों को पूरा करेगी लेकिन अब डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें खाने का सामान भी ठीक से नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उपस्थित कार्यकर्ताओं में से आधे को ही भोजन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब दस कैडर होते हैं तो भोजन पांच कैडरों का ही दिया जाता है। इसलिए उन्होंने सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं माने जाने पर वापस जंगल जाने की धमकी दी।

## पड़ोसी राज्य से लाई गई ब्रॉयलर मुर्गियों के साथ वाहन जब्त

**धुबड़ी ( हि.स. )।** राज्य में बाहर से लाई जाने वाली ब्रॉयलर मुर्गियों में खतरनाक बीमारी को देखते हुए असम में इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य के बाहर से ब्रॉयलर मुर्गियों को लेकर असम में प्रवेश करने वालों को रोकने का निर्देश पशु चिकित्सा विभाग और पुलिस को दिए गए हैं। धुबड़ी जिला में असम-पश्चिम बंगाल सीमा पर पुलिस द्वारा अधिक सतर्क रहने के आदेशों के बावजूद, गोलकगंज के बालाजान में प्रतिबंधित ब्रॉयलर मुर्गी से भरे वाहनों को जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया है कि गोलकगंज थाना अंतर्गत बालाजान में लोगों ने ब्रॉयलर मुर्गी लेकर पश्चिम बंगाल से असम में प्रवेश करने के दौरान बोलेरो पिकअप वैन को पकड़ा। पश्चिम बंगाल से धुबड़ी आते समय स्थानीय लोगों ने वाहन को पकड़कर गोलोकगंज थाने को सूचना दी। स्थानीय लोगों की सूचना के आधार पर पुलिस ब्रॉयलर मुर्गी लेकर आए वाहन को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस के इतने सख्त होने के बावजूद ब्रॉयलर मुर्गी असम-पश्चिम बंगाल सीमा पार करने में कैसे कामयाब हो जाते हैं, इसको लेकर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। लोगों ने घटना की जांच की मांग की है। राज्य में स्वाइन फ्लू और एवियन इन्फ्लूएंजा को देखते हुए राज्य सरकार ने एक आदेश के तहत राज्य में दूसरे राज्यों से ब्रॉयलर मुर्गी और सुअर के लाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

## बॉक्स में मिला नवजात का शव

**कछार ( हि.स. )।** कछार जिलांतर्गत कटिगोरा चौरंगी इलाके में एक गत्ते के बॉक्स में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया है कि कटिगोरा के चौरंगी में बारूनी मेला के मैदान के जंगली इलाके से नवजात का शव एक गत्ते के बॉक्स से बरामद हुआ है। कटिगोरा पुलिस ने मौंके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों को शक है कि अवैध मातृत्व के कलंक से बचने के लिए ही इस तरह का जघन्य कृत्य किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धुबड़ी में आग से दो घर और दो दुकान जलकर राख

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी जिला के वार्ड नंबर 14 में बीती रात दो परिवारों के दो घर और दो किराने की दुकानों में अचानक आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया है कि धुबड़ी पुलिस थाने के तहत आने वाले हाजारीगांव निवासी अब्दुस सलाम और शाह आलम के आवास में बीती देर रात करीब 11 बजे के आसपास आग लग गई। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की चार गाड़ियां पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। हादसे में करीब 5 लाख रुपए की संपत्ति और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## नगरबेड़ा के जामलाई एनसी गांव में आंधी और ओलावृष्टि



**नगरबेड़ा ( निसं )।** राज्य के विभिन्न हिस्सों के साथ कामरूप के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जामलाई एनसी गांव में बीती रात तूफान के कारण गांव के कई परिवारों को भारी नुकसान पहुंचा है। यह पता चला है कि गांव में एक परिवार के तीन घर तूफान से क्षतिग्रस्त हो गए। घर की टिन की चादरें छीन ली जाती हैं, बत्तख-मुर्गियां आदि मर जाती हैं। रात में आंधी के साथ इतने ओले पड़ते हैं कि सब्जियों को नुकसान पहुंचता है, तमोल के पेड़ गिर जाते हैं, इसके अलावा सड़क पर पेड़ गिरने से बिजली कट जाती है और घर की टिन की चादर फट जाती है। इस बीच, भीषण तूफान ने जामलाई एनसी गांव के कृषि क्षेत्र में धान की खेती को व्यापक नुकसान पहुंचाया। गरीब परिवारों ने भी आर्थिक मुआवजे के लिए सरकार से अपील की।

# काहीबाड़ी में दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ आयोजित होगा ग्रामीण पर्यटन मेला

**बाक्सा ( हि.स. )।** बाक्सा जिला के मनाह राष्ट्रीय उद्यान के काहीबाड़ी रेंज में 18 से 19 मार्च तक दो दिवसीय कार्यक्रमों के तहत ग्रामीण पर्यटन मेला आयोजित किया जाएगा। जहां मनाह राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के विभिन्न समुदायों के लोग अपनी अनूठी सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ इसमें भाग लेंगे। असमिया, बोडो, संथाली और बंगाली सहित विभिन्न जातीय समूह अपने अनूठे खाद्य पदार्थों के साथ-साथ अपनी विशिष्ट वेशभूषा और हाथ से बने सामान इस मेले में प्रदर्शित करेंगे। इच्छुक खरीदारों द्वारा अलग-अलग आउटलेट में प्रदर्शित उत्पादों को खरीदने की सुविधा भी होगी। बोडोलैंड पर्यटन विभाग के निदेशक जयंत शर्मा और बोडोलैंड पर्यटन विभाग के ओएसडी सनत कुमार महंत ने बुधवार को बताया कि पहली बार ग्रामीण पर्यटन मेले का आयोजन बोडोलैंड पर्यटन विभाग करने जा रहा है। पर्यटन विभाग के दोनों अधिकारियों ने विश्व धरोहर स्थल मनाह राष्ट्रीय उद्यान को लोगों से और अधिक परिचित कराने के उद्देश्य से ग्रामीण पर्यटन मेला आयोजित करने की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने बताया कि बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो और वन विभाग के कार्यकारी सदस्य धर्मनारायण दास और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीण पर्यटन मेले में मौजूद रहेंगे।

## सामूहिक विवाह में 201 जोड़े दांपत्य बंधन में बंधे

**चराइदेव ( हि.स. )।** चराईदेव जिला मुख्यालय सोनारी के टियक चाय बागान बाजार घर में आज (बुधवार) उत्सव सरीखे माहौल के बीच सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। हिंदू धर्म के विभिन्न समुदायों के रीति-रिवाजों के माध्यम से समारोह में लगभग 201 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम चराइदेव जिला विवाह सुधार समिति की पहल और द हंस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। हिंदू धर्म के कई समुदायों के दूल्हा और दुल्हन अपने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कार्य संपन्न हुआ। लोगों के आशीर्वाद के साथ, पुजारी के मंत्र, होम और अग्नि को साक्षी मानकर विवाह समारोह संपन्न हुआ। खासकर गरीबी के प्रभाव और विभिन्न कारणों से दोनों संगठनों ने औपचारिक रूप से विवाह पूरा नहीं कर पाने वालों के हितार्थ आज इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस समारोह में 60 साल का दूल्हा भी शादी समारोह में शामिल हुआ।

## नगर में शीतला पूजा मनाई गई

**गुवाहटी ( नसं )।** फैंसी बाजार के विभिन्न मंदिरों में शीतला पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थानी मान्यता एवं परंपरा के अनुसार शीतला माता को ठंडे खाद्य पदार्थों का भोग लगाया जाता है। जिसमें गुलगुले, राबड़ी, मीठी निमकी, मीठा चावल, दही आदि का भोग लगा के बच्चों की सलामती की मन्नत मांगी जाती है। मान्यता के अनुसार बच्चों को चेचक से रक्षा करने के लिए शीतला पूजा विशेष रूप से की जाती है। फैंसी बाजार के सीताराम ठाकुरबाड़ी, गोविंद देव ठाकुरबाड़ी, आठगांव गणेश मंदिर,चाभीपुल राम जानकी मंदिर, आर्य नगर शिव शीतला हनुमान मंदिर में महिलाओं एवं बच्चों की काफी भीड़ देखी गई। सभी ने ठंडे और बासी खाद्य पदार्थों से शीतला माता की पूजा की।

# हिंदी भाषी परिषद ने राज्यपाल से की मुलाकात




**गुवाहाटी ( निसं )।** असम सरकार द्वारा गठित हिंदी भाषी विकास परिषद के चेयरमैन जुगल किशोर पांडे के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल ने असम के महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से राजभवन मे मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल मे परिषद के सचिव दिनेश पारीक, सदस्य विधानंद उपाध्यक्ष, प्रेमकांत चौधरी ,निक्की जालान, सुमन सिंह कुसुम कानू शामिल थे। महामहिम ने प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न मुद्दो पर विस्तृत रूप से चर्चा की। परिषद की और से एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन मे मांग की गई की हिंदी भाषी की जनसंख्या अनुरूप हिंदी माध्यम स्कुल की स्थापना एव हिंदी माध्यम के अध्यापको की नियुक्ती हो। इसके साथ परिषद की और से गुवाहाटी मे भगवान परशुराम चौक एव सिलचर में अमर शहीद मंगल पांडे चौक की मांग की गई। जुगल किशोर पांडे ने ज्योतिकुची मे निर्माणाधीन छठ एव गणगौर घाट तथा गणगौर माता मंदिर की जानकारी देते हुए बताया की आगामी 24 मार्च को छठ एव गणगौर घाट का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। परिषद की और से राज्य की प्रथम महिला अनिता कटारीया को कार्यक्रम मे शामिल होने का निमंत्रण दिया गया।

# विश्वनाथ चाराली में हिंदी भाषा पर कार्यशाला संपन्न



**विश्वनाथ ( निसं )।** विश्वनाथ चाराली राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति, विश्वनाथ के एक कक्ष मे कल संपन्न शैक्षिक कार्यशाला मे अनेक शिक्षण-संस्थाओं की छात्र-छात्राओं की भागीदारी उपयोगी रही। इस कार्यशाला मे प्रयागराज से पधारे भाषाविज्ञानी एवं समीक्षक आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडे ने समस्त छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित एक अध्यापक और चार अध्यापिकाओं से उनका परिचय प्राप्त करने के बाद स्वर और व्यंजन का बोध कराए था तथा किसी भी शब्द मे पंचमाक्षर का कितना महत्व होता है, इसे बताया, समझाया तथा लिखाया था। उन्होंने अनुस्वार का शुद्ध प्रयोग करना सिखाया था। उन्होंने वर्णमाला का शुद्धता के साथ उच्चारण करना सिखाया था। आचार्य ने आरंभ मे पाठशाला मे पाठ के साथ जुड़े हुए शब्द शाला का अर्थ पूछा था, परंतु कोई भी प्रशिक्षणार्थी बताने मे समर्थ नहीं रहा, फिर आचार्य ने पाठ और शाला का अर्थ समझाते हुए, पाठशाला की उपयोगिता को समझाया। उन्होंने पाठशाला, विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय को हिंदी और अंग्रेजी मे समझाया था। उन्होंने वर्ण और अक्षर में अंतर सुस्पष्ट करते हुए, मात्रा का बोध कराए था। उन्होंने यह भी सिखाया था कि किसी भी अर्द्ध-अक्षर में कोई भी मात्रा नहीं लगती। वाक्य का गठन कैसे किया जाता है। वाक्य-गठन के समय किसी भी वाक्य मे कर्त्ता, कर्म तथा क्रिया की किस प्रकार की उपयोगिता और महत्ता रहती ह, भूमिका रहती है, इसे लिखकर समझाया था। उन्होंने यह भी बताया और समझाया था कि किसी भी वाक्य मे किस स्थान पर कर्त्ता, कर्म तथा क्रिया रहती हैं तथा उनकी पहचान करने के लिए किस पद्धति का उपयोग करेंगे। आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पांडे ने काल, काल के भेद-उपभेद को अंग्रेजी और हिंदी मे सोदाहरण समझाया था। इसके लिए उन्होंने कार्यशाला मे उपस्थित एकमात्र अध्यापक सुरेंद्र साहनी का चयन किया था। आचार्य बताते रहे और साहनी कृष्णपट्ट पर सुलेखन करते रहे। इस प्रकार उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं ने अपनी पुस्तिका मे लिखे हुए को उतारा था। उसके पश्चात् आचार्य ने पचास से भी अधिक शब्दों के शुद्ध लिंगों के कारण सहित ज्ञान कराए और लिखाए। इनके अतिरिक्त उन्होंने एक छात्रा को बुलाकर उससे चार अशुद्ध वाक्य लिखवाए थे, जिन्हें शुद्ध करने थे। उन्होंने अनेक छात्र-छात्राओं और अध्यापिकाओं से उन अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करने के लिए कहे, परंतु उनमे से कोई भी शुद्ध नहीं कर सका, अंत मे, आचार्य ने एक-एक वाक्य को कारण-सहित शुद्ध किया था। उपर्युक्त कार्यशाला मे लगातार 3 घण्टे तक प्रशिक्षण-कर्म किया जाता रहा तथा सभी प्रशिक्षु तन्मयतापूर्वक समझते रहे, लिखते रहे। कार्यशाला के अंत में चित्रा पौडेल और संतोष महतो ने आचार्य को अंगवस्त्र और विद्यालयीय पत्रिका महाबाहु दर्पण भेंटकर अपना सम्मान प्रदर्शित किया।

## टाउन मौजा में रेलवे की जमीन से 20 मार्च बेदखली अभियान

**करीमगंज ( हि.स. )।** करीमगंज टाउन मौजा के ब्लॉक-9 भाग-5 के अंतर्गत रेलवे की भूमि पर किये गये अवैध कब्जा को आगामी 20 मार्च को खाली कराए जाएगा। लमडिंग कार्यालय के मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) संपदा अधिकारी की ओर से जारी एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि रेलवे विभाग से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के परामर्श से 20 मार्च को रेलवे संबंधित भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने करीमगंज अंचल अधिकारी अंतरा सेन और कार्यपालक मजिस्ट्रेट विक्रम चशा को इस कब्जा विरोधी अभियान के दौरान कानून व्यवस्था की निगरानी करने की जिम्मेदारी दी है।

# आलोपति माजर चर मंडल कांग्रेस की पूर्ण समिति का गठन



**नगरबेड़ा ( निसं )।** बरपेटा जिले के मंदिया ब्लॉक कांग्रेस के तहत आलोपति माजर चर मंडल कांग्रेस की पूर्ण समिति के गठन की प्रक्रिया आज औपचारिक रूप से पूरी हो गई। आलोपति माजर चर मंडल कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नूर मोहम्मद अली की अध्यक्षता में आलोपति माजर चर स्थित बाजार की प्रबंध समिति के कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में महासचिव आबुल बासार अंसारी ने बैठक का उद्देश्य बताया। नवगठित पूर्ण समिति जिसमें सात सदस्यीय जूरी द्वारा गठित किया गया समिति शामिल है जिसमें आठ उपाध्यक्ष, आठ सचिव, छह सहायक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, छः प्रचार सचिव, सात आयोजन सचिव और तीन कार्यालय सचिव शामिल हैं। सभा में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के महासचिव नजरुल इस्लाम, मंदिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अली अकबर अहमद, मंदिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सिद्दीक अली सिकदार, मंदिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव जेहरुल इस्लाम, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता खलीलुर रहमान, नौशाद अली बेपारी, पूर्व पंचायत अध्यक्ष साबेद अली अहमद, ताजिम उद्दीन अहमद, बरपेटा जिला कांग्रेस समिति के कार्यकारी सदस्य सौकातुल इसलाम उपस्थित रहे। सभा में आने वाले निर्वाचन रणनीति के बारे में बिस्तार आलोचना हुई। सभा में पंचायत का भारी संख्या में कांग्रेस कर्मी मौजूद रहे।

## मासिक धर्म पर लायंस, उमंग का जागरूकता अभियान




**गुवाहाटी ( विभास )।** महिलाओं की अग्रणी संस्थाओं में से एक लायंस क्लब आफ गुवाहाटी उमंग के तत्वाधान में मासिक धर्म पर अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषि गर्ग सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में महानगर के चार विभिन्न स्थानों पर मासिक धर्म पर आयोजित जागरूकता सभा के दौरान सेनेटरी नैपकिन पैड का भी वितरण किया गया। सबसे पहले रूपनगर स्थित कल्याणी निवास, 8 नंबर गेट स्थित शांति धान आश्रम, 7 नंबर गेट के पास रेलवे लाइन किनारे बस्ती तथा अंत में शांतिपुर स्थित आश्रम गली में क्लब की ओर से मासिक धर्म पर जागरूकता अभियान व सैनिटरी नैपकिन पैड का वितरण किया गया। इस कार्य को संपादित करने में अध्यक्ष सीमा सोनी, सचिव कंचन पोद्दार, संतोष मिंडा, सुजाता जैन, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन सहित सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

# स्टेशन के अपग्रेडेशन के लिए पुराने भवनों का ध्वस्तीकरण



**गुवाहाटी ( विभास )।** रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए रेल मंत्रालय ने विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के अंतर्गत भारतीय रेल के कई स्टेशनों का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण योजनाओं की रुपरेखा तैयार की है। चिन्हित 204 स्टेशनों में से, पूसी रेल के अधीन न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन को बेहतर, अतिरिक्त और बढ़ी हुई यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ अपग्रेड करने के लिए भी चिन्हित किया गया है। अपग्रेडेशन का कार्य पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है। योजनानुसार सिविल निर्माण कार्य शुरू करने के लिए स्थल तैयार करने हेतु मुख्य स्टेशन भवन में सामने के खुदरा क्षेत्रों और कार्यालयों आदि सहित पुरानी संरचाओं को तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आगमन-1 टर्मिनल की नींव का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। आगमन-2 और प्रस्थान टर्मिनल के लिए कार्य जल्द ही शुरू होगा। यूटीएस सह पीआरएस काउंटरों को रेलवे विद्युतीकरण के विश्राम गृह के पास रामनगर कॉलोनी रोड पर एक नए स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। जैसे-जैसे अपग्रेडेशन का कार्य आगे बढ़ेगा, मौजूदा पार्किंग क्षेत्र, पार्सल और आरएमएस कार्यालयों को भी जल्द ही नए स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। एक ही समय में यात्रियों को हवाई अड्डे जैसा अनुभव और आराम प्रदान करने के लिए स्टेशन में विशाल कवर्ड पार्किंग क्षेत्र, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, पीने का पानी, वातानुकूलित लॉबी, कार्यालय, दुकानें, हाई स्पीड एस्केलेटर, लिफ्ट, एयर कॉनकोर्स, होटल आदि जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। यात्रियों के लिए प्रवेश और निकास की व्यवस्था पूरी तरह से अलग होगी। स्टेशन का अपग्रेडेशन कार्य पूरा होने के बाद, वर्तमान में छत्तीस हजार प्रति दिन से 70 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए तैयार होगा। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के संपूर्ण अपग्रेडिंग कार्य की अनुमानित लागत करीब 334.72 करोड़ रुपए होगी। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पूसी रेल के सबसे बड़े और सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक है, जो सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के अपग्रेडेशन से उत्तर बंगाल के साथ-साथ सिक्किम में यात्रा, पर्यटन आदि सहित स्थानीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। अपग्रेडेशन की इस परियोजना को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# लद्दाख की पहली सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट रिगजिन से मिले उत्तरी सेना प्रमुख, किया सम्मानित

**– लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एलएसी पर तैनात सैनिकों के योगदान का आह्वान किया**
**– सेना के एक समूह ने पति की मृत्यु के बाद मार्गदर्शन देकर सपनों को पूरा करने में मदद की**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उत्तरी सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी बुधवार को लद्दाख दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने लद्दाख की पहली सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट रिगजिन कोरोल से मुलाकात की। उन्होंने सभी बाधाओं को पार कर लद्दाख की पहली महिला अधिकारी बनने और अपने पति के सपने को साकार करने के लिए लेफ्टिनेंट रिगजिन की सराहना की, जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन लगा दिया। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लद्दाख में प्रतिनियुक्त महिला अधिकारी चोरोल से मुलाकात के बाद केंद्र शासित प्रदेश के उप सेक्टर उत्तर में परिचालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने भारत की सीमा रक्षा को मजबूत करने में एलएसी पर तैनात सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान का भी आह्वान किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट रिगजिन कोरोल की भेंट की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा की गई है। इसे साझा करते हुए उत्तरी कमान ने लिखा, 'लद्दाख से महिलाओं के लिए एक आइकन का सम्मान। उत्तरी सेना कमांडर ने सभी बाधाओं को पार



कर लद्दाख की पहली महिला अधिकारी बनने और अपने पति के सपने को साकार करने के लिए लेफ्टिनेंट रिगजिन कोरोल की सराहना की। लेफ्टिनेंट रिगजिन चोरोल की सैन्य यात्रा उनके पति 3 लद्दाख स्काउट्स के राइफल मैन रिगजिन खंडप की कुछ साल पहले ही ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद शुरू हुई।

पिछले साल वह भारतीय सेना के अधिकारियों के नए बैच के साथ चेन्नई में ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी से पास-आउट हुईं। अपने 15 महीने के बच्चे की परवरिश करने की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने अपने दिवंगत पति की इच्छा पूरी की। भारतीय सेना ने उन्हें उत्तरी कमान में पहली महिला अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा भारतीय सेना ने हाल ही में कर्नल के पद पर चयनित महिला अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे हैं। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों को उनके पुरुष समकक्षों के बराबर स्थायी कमीशन दिया है। चोरोल ने पिछले साल कहा था कि मेरे पति लद्दाख स्काउट्स में थे और आर्मी ऑफिसर बनना चाहते थे। मैं उनकी मौत के बाद सेना में शामिल होना चाहती थी, क्योंकि वह चाहते थे कि मैं उनके सपने को साकार करूं। भारतीय सेना के अधिकारियों के एक समूह ने उनके पति की मृत्यु के बाद उनका मार्गदर्शन किया और सपनों को पूरा करने में मदद की। लेफ्टिनेंट रिगजिन चोरोल अर्थशास्त्र में स्नातक हैं। अपने 15 महीने के बेटे के साथ उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तब काफी लोकप्रिय हुई, जब वह पिछले साल 151 पुरुष और 35 महिला कैडेटों के साथ ओटीए से पास आउट हुईं थीं।

# बंगाल आ रही हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, नागरिक सम्मान देने की तैयारी में ममता सरकार

**कोलकाता, (हि.स.)।** पदभार संभालने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार बंगाल आ रही हैं। राष्ट्रपति 27 मार्च को कोलकाता पहुंचेंगी। उसी शाम राज्य सरकार की ओर से उन्हें नागरिक सम्मान दिया जाएगा। नेताजी इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने हाथों से यह सम्मान देने वाली हैं। उन्होंने ही इस कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ ममता बनर्जी की पार्टी के कई नेताओं ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी,



जिसे लेकर देशभर में आलोचना हुई थी। खासकर ममता कैबिनेट में सहयोगी अखिल गिरी के बयान को लेकर विवाद गहराया था इसीलिए अब जबकि राष्ट्रपति बंगाल आ रही हैं तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी तरफ से बेहतर संदेश देने की कवायद में जुट गई हैं।

# लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाने के लिए माफी मांगे राहुल गांधी : स्मृति इरानी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लंदन में दिए बयानों के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्हें संसद की कार्यवाही से भागने की बजाय यहां आकर देश से माफी मांगनी चाहिए। स्मृति इरानी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने एक ऐसे देश में जाकर विदेशी ताकतों का आह्वान किया, जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है। वहां राहुल ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाने का काम किया है। स्मृति इरानी ने कहा कि वे राहुल गांधी से सवाल पूछना चाहती हैं कि उन्होंने विदेश में जाकर क्यों कहा कि उन्हें किसी विश्वविद्यालय में बोलने नहीं दिया जाता है? मंत्री ने कहा कि



वर्ष 2016 में जब एक विश्वविद्यालय में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लग रहा था, तब राहुल गांधी वहां जाकर उसका समर्थन कर रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि लंदन में राहुल गांधी ने जो कहा, वह लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संसदीय परंपरा, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और वोट करने वाले हर नागरिक का अपमान है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता को देश से माफी मांगनी ही चाहिए। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान मोदी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि विपक्षी नेताओं के फोन टेप कराए गए। संसद में विपक्षी सांसदों के माइक बंद कर दिए जाते हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा था।

# यमुना की सफाई के लिए एलजी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना की अध्यक्षता में बीती रात एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में दिल्ली में करीब 200 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन नेटवर्क के दुरुस्त नहीं होने से यमुना की सफाई में सबसे बड़ी परेशानी को लेकर चर्चा की गई। इन सीवर लाइन में गाद निकालने की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में एलजी ने जल बोर्ड के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि वह जल्द से जल्द इसके उपाय करें। एनजीटी 30 जून को यमुना के कायाकल्प की दिशा में अब तक हुई प्रगति का जायजा लेगा। पिछले सप्ताह जी 20 सम्मेलन में हिस्सा लेने आए विदेशी मेहमानों को एलजी यमुना के एक किनारे पर ले गए थे और वहां पर कुछ हिस्से को बेहतर बनाने की दिशा



में जो काम हुआ है उसे उन्होंने दिखाया था। उसी तर्ज पर दिल्ली में कई जगहों पर यमुना की घाट को बनाने की योजना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यमुना की सफाई के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजना जिसके तहत सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम जारी है, उस पर तेजी से काम किया जाए। यमुना को लेकर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की फरवरी माह की रिपोर्ट में बताया गया है कि यमुना में गंदगी को रोकने के लिए 40 डिसेंट्रलाइज एसटीपी (सीवर ट्रीटमेंट प्लांट) की डेडलाइन को कम कर दिया गया है। अब यह प्लांट जल्दी बन कर तैयार हो जाएंगे।

# टीएमसी की दो टूक किसी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होगी

**कांग्रेस की विपक्षी एकता को जोरदार झटका**


**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विपक्षी एकता को लेकर बुधवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। तृणमूल कांग्रेस ने कह दिया है कि वह कांग्रेसी नेताओं द्वारा बुलाई बैठक में शामिल नहीं होगी। दरअसल, संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है। हंगामे को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस नेताओं की ओर से बड़ी बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विपक्षी दलों के लगभग सभी नेता शामिल हो रहे हैं। लेकिन टीएमसी ने दूरी बना ली है। ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी कांग्रेस पर ही हमलावर है। इस बीच लोकसभा में टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कह दिया है कि उनकी पार्टी किसी विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होगी। अपने बयान में बंदोपाध्याय ने कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद अपना सत्र शुरू करने में सफल नहीं हो रही है। सत्ता पक्ष हो या मुख्य विपक्षी दल, दोनों एक-दूसरे के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी अन्य विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले रहे हैं। टीएमसी संसद में अपने ही मुद्दों और एजेंडे पर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में, कांग्रेस पूरी तरह से भाजपा और सीपीएम के साथ मिलीभगत है, इसकारण हम कांग्रेस नेताओं द्वारा बुलाई गई बैठकों में हाथ नहीं मिला सकते हैं। बंधोपाध्याय का यह बयान विपक्षी एकता को बड़ा झटका है। हाल में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी दलों से




भाजपा को हराने के लिए एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने की अपील की थी। उन्होंने समान विचारधारा वाले दलों को आमंत्रित भी किया था। हालांकि, बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी के बीच जबरदस्त वार-पलटवार का दौर भी देखने को मिला। इस बीच ममता बनर्जी ने पहले ही ऐलान किया है, कि उनकी पार्टी 2024 का चुनाव अपने दम पर लड़ेगी।

# अडानी मुद्दे पर विपक्ष ने की जेपीसी की मांग, सड़क पर उतरे सांसद

**नई दिल्ली, (हि. स.)।** अडानी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग तेज करते हुए कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने बुधवार को विरोध मार्च निकाला। विपक्षी नेता संसद भवन से प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय तक मार्च करने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर रोक लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम सभी मिलकर प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को अडानी घोटाले में ज्ञापन सौंपने जा रहे हैं। लेकिन, सरकार ने हमें विजय चौक पर ही रोक लिया है। एलआईसी, एसबीआई और अन्य बैंकों को नुकसान पहुंचाने वाला लाखों करोड़ों का घोटाला हुआ है। सरकार सरकारी संपत्तियों को खरीदने के लिए एक खास व्यक्ति को पैसा दे रही है। एक व्यक्ति की संपत्ति में करोड़ों रुपये का इजाफा हुआ है। हम मामले की जांच




चाहते हैं और जेपीसी से जांच होनी चाहिए।

इस बीच दिल्ली पुलिस की विजय चौक पर भारी तैनाती रही। पुलिस ने सांसदों से अपने मार्च को आगे नहीं ले जाने का आग्रह किया। पुलिस का कहना है कि यहां सीआरपीसी की धारा 144 लगी हुई है। मार्च में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शामिल नहीं हुई। जयराम रमेश ने ईडी को लिखे पत्र को सार्वजनिक करते हुए ट्वीट किया कि समान विचारधारा वाले 16 विपक्षी दलों के नेताओं और सांसदों को आज दोपहर ईडी के कार्यालय तक चलने से रोक दिया गया। विपक्ष अडानी घोटाले की जांच के लिए शिकायत पत्र ईडी निदेशक को सौंपना चाहते थे। अब यह पत्र ईडी को ईमेल के जरिये भेजा जा रहा है। पत्र में समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), नेशनल कॉन्फ्रेंस, वाम दल, डीएमके, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य पार्टियों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया

**नासिक (ईएमएस)।** प्याज, टमाटर, मेथी के पत्ते,धनिया के पत्ते और फूलगोभी जैसी फसलों की कीमतों में तेज गिरावट के विरोध में नासिक में इकटठा हुए हजारों किसानों नासिक से मुंबई तक एक मार्च का आयोजन किया। महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार दोपहर 3 बजे प्रदर्शनकारी किसानों के नेताओं और प्रतिनिधियों को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। किसानों ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के



नेतृत्व में आदिवासी किसान मार्च पर निकले हैं। उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए ये मार्च शुरू किया है। प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्य के अन्य मंत्रियों से मिलने के लिए मुंबई जाएगा। इस दौरान मार्च जारी रहेगा। प्रदर्शनकारी रात बिताने के लिए नासिक शहर के बाहरी इलाके में एक खुले मैदान में रुके हैं। एक वीडियो में नासिक के एक किसान को कीमतों में गिरावट के विरोध में अपनी तैयार-बिक्री वाली फसलों पर बुलडोजर चलाते हुए दिखाया गया है। किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

# दिल्ली में कुत्तों की दहशत, हाथ में डंडा लेकर चलते हैं लोग

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेकर हैदराबाद तक सड़कों पर आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से लोग डरे हुए हैं। मासूम बच्चों को नोंचकर मार डालने की खबरों ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। दिल्ली में बसंत कुंज के सिंधी कैंप में रहने वाले दो बच्चों को आवारा कुत्तों ने मार डाला। इस घटना से सभी स्तब्ध हैं। वसंत कुंज में कुत्तों का ऐसा आतंक है, कि लोग हाथ में डंडा लेकर चलते हैं। इस इलाके में रोजाना सरकारी अस्पताल में 300 से ज्यादा कुत्ते काटने के मामले आ रहे हैं।

इस बीच, गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के विरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोक अभियान के अध्यक्ष विजय गोयल ने 15 मार्च को जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि आवारा कुत्तों के डर से लोग पार्कों में नहीं जा सकते। गली से बाहर निकलते ही कुत्ते भौंकने लगते हैं। विदेशी टूरिस्ट दिल्ली की सड़कों पर कुत्तों के डर से खौफ में हैं। चांदनी चौक की एक-एक गली में 20-20 कुत्ते हैं। कुत्तों के हमला करने की कई वजहें होती हैं। जब कुत्तों को लगता है कि उस कोई शख्स नुकसान पहुंचा सकता है, तब वह उसपर हमला कर सकता है। रही बात बच्चों की बच्चे वैसे ही कुत्तों को देखकर डर जाते हैं। जैसे ही बच्चे डरकर भागने लगते हैं या डरकर रुकते हैं, तब कुत्ते उनपर हमला कर देते हैं। आम तौर पर जानवरों में ये आम देखा गया है कि वहां बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर देते हैं। कुत्तों या आवारा जानवरों पर एक्शन होने पर जानवर प्रेमी लोग विरोध के लिए उतर आते हैं। इसके पीछे उनके कई तर्क होते हैं। पर बड़ा सवाल है कि क्या मासूमों की जान की कीमत पर कुत्तों या आवारा जानवरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाए? कई बार नगर निगम का दस्ता इन कुत्तों को पकड़ने के लिए आते हैं, तब उन्हें विरोध का भी सामना करना पड़ता है।

इसके बाद एक उपाय ये हो सकता है कि इन कुत्तों को रेबिज के इंजेक्शन दिए जाएं। ताकि अगर ये किसी बच्चे या बड़ों को काटे तब किसी को कोई नुकसान नहीं हो। अब जानवर प्रेमियों से ये भी अपील है कि वहां जानवरों से प्यार करें लेकिन आम लोगों को उससे होने वाले खतरों को भी समझें।

# रेलवे भर्ती घोटाला मामले में लालू, राबड़ी और मीसा भारती को जमानत

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रेलवे भर्ती घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटी आरजेडी सांसद मीसा भारती को जमानत दे दी। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने पचास पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी। लालू, राबड़ी और मीसा भारती आज राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने 27 फरवरी को इन तीनों समेत सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सात अक्टूबर 2022 को रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के




खिलाफ दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। रेलवे भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। रेलवे भर्ती घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था। भोला यादव 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में बहादुरपुर सीट से विधायक चुने गए थे। बता दें कि सीबीआई ने मई के तीसरे सप्ताह में इस मामले में लालू यादव के परिजनों से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती के पटना, गोपालगंज और दिल्ली स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में सीबीआई ने 23 सितंबर को प्रारंभिक जांच दर्ज किया था।

# डीसीडब्ल्यू ने डीजीसीए को उड़ानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में सिफारिशें कीं

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में उड़ानों में यात्रियों द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। ऐसी घटनाएं यात्रियों के लिए बेहद अप्रिय और आघात पहुंचाने वाली हैं। डीसीडब्ल्यू ने इन घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीसीए को एक नोटिस जारी कर उपरोक्त घटनाओं में उनके द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ ऐसे मामलों से निपटने के लिए एयरलाइनों को निकाय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का विवरण मांगा। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बुधवार को कहा कि डीजीसीए को सिफारिशें



भेज दी हैं और 30 दिनों में मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा, 'उड़ानों में यौन उत्पीड़न और अनियंत्रित व्यवहार के बढ़ते मामले बहुत परेशान करने वाले हैं। डीजीसीए के वर्तमान दिशा-निर्देश और सलाह यौन उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम और निवारण के मुद्दे को ठीक से संबोधित नहीं करते हैं। वास्तव में, डीजीसीए दिशानिर्देश यौन उत्पीड़न को 'अनियंत्रित व्यवहार' के रूप में मानते हैं। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इन दिशानिर्देशों को तत्काल संशोधित करने की आवश्यकता है। हमने डीजीसीए को एक विस्तृत सिफारिश भेजी है और 30 दिनों के भीतर उस पर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। हमें इस अपराध से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।" डीसीडब्ल्यू ने इस संबंध में एयरलाइंस और डीजीसीए से जवाबदेही की मांग की है और सिफारिश की है कि उड़ानों और हवाई अड्डों पर यौन उत्पीड़न के मामलों के साथ-साथ उनके खिलाफ की गई कार्रवाई पर डीजीसीए द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ एक मासिक रिपोर्ट साझा की जानी चाहिए।

# 60 प्रतिशत युवा आबादी की ऊर्जा से भारत बनेगा विकसित देश : तोमर

**बेंगलुरू/ नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि देश की 60 फीसदी युवा आबादी की ऊर्जा से भारत विकसित देश बनेगा। हमारा देश एक विशाल लोकतंत्र है, जिसकी विशेषताओं में एक तो जनसंख्या और दूसरी हमारे युवाओं की 60 प्रतिशत आबादी है। ये दोनों ताकत मिलकर इतनी बड़ी हैं कि भारत किसी भी चुनौती का मुकाबला कर सकता है। तोमर ने बुधवार को बेंगलुरू कृषि विश्वविद्यालय की ओर से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग से आयोजित 05 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम "एग्री यूनिफेस्ट" को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव से आगामी 25 वर्षों के समय को अमृत काल नाम दिया है, इसका ठीक से सदुपयोग हो और हमारे देश की युवा आबादी की ऊर्जा का भी सदुपयोग हो तो वर्ष 2047 तक हम अपने देश को विकसित भारत के रूप में अवश्य देख सकेंगे। तोमर ने कहा कि भारत में विभिन्न भाषाएं है, विभिन्न रीतियां और परंपराएं हैं, फिर भी अटक से कटक तक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारतीय संस्कृति व संस्कृति की आत्मा एक ही है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जगह "एग्री यूनिफेस्ट" जैसे आयोजनों के माध्यम से विविध क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाएं उभरती हैं तो देश की सांस्कृतिक एकता का परिचय होता है। एकता, एकात्मता में बदलती है और जब एकात्मता बलवती होती है तो भारत की ताकत बढ़ती है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, कर्नाटक के कृषि मंत्री बी.सी. पाटिल, आईसीएआर के उप महानिदेशक (शिक्षा) डॉ. आर.सी. अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, वैज्ञानिक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आयोजन में 60 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों/केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 2500 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थी शामिल हुए हैं, जो 05 विषयों (संगीत, नृत्य, साहित्य, रंगमंच, ललित कला) के तहत 18 आयोजनों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।



आईसीएआर द्वारा 1999-2000 के दौरान अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव की संकल्पना व शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य विभिन्न भारतीय संस्कृतियों को जोड़कर भारतीय कृषि को एकीकृत करना है, ताकि कृषि विश्वविद्यालयों के युवाओं की प्रतिभा निखर सकें और वे भारतीय सांस्कृतिक विविधता की सुंदरता को चित्रित करें।

# पीयूष गोयल की लोकसभा में हंगामा करने वालों सदस्यों को निलंबित करने की मांग

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान आज (बुधवार) लोकसभा में विपक्ष के हंगामा कर रहे सदस्यों को निलंबित करने की मांग की। सदन में पक्ष-विपक्ष की तकरार के चलते हैं हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही 2:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा की भी रही जहां आवश्यक कार्य प्रक्रिया के बाद कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने इस दौरान संसद को आस्था का केंद्र और लोकतंत्र का मंदिर



बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी सांसद को सदन के भीतर या बाहर इसकी आलोचना नहीं करनी चाहिए। साथ ही अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों के सदन के बीचों बीच आकर तख्तियां दिखाने के व्यवहार की भी आलोचना की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सदन में राहुल गांधी की विदेश में की गई टिप्पणियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। सदन की कार्यवाही की शुरूआत के दौरान ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच पहुंचकर हंगामा करने लगे। यह सदस्य अडाणी हिंडनबर्ग मामले में संयुक्त संसदीय दल (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे थे। राज्यसभा में संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने जैसे ही अपनी बात रखनी चाही विपक्ष ने भी हंगामा शुरू कर दिया। हंगामें को देखते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

# शीघ्र गठित होगा "राज्य राजधानी क्षेत्र", मुख्यमंत्री ने मांगी कार्ययोजना : योगी

**लखनऊ, (हि. स.)।** एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और उसके आस-पास क्षेत्रों को समाहित करते हुए राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शासन के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दो सप्ताह में इस सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समन्वित और संतुलित विकास के लिए राजधानी के रूप में लखनऊ की क्षमताओं को विस्तार देने के उद्देश्य से लखनऊ और आस पास के जिलों को जोड़ते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर "उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र" का गठन किया जाना है। राजधानी लखनऊ आज मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से लैस हो रही है। विभिन्न नगरों से लोग यहां आकर अपना स्थायी निवास बनाना चाहते हैं। आस-पास के जिलों में भी जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। कई बार अनियोजित विकास की शिकायतें भी मिलती हैं। ऐसे में एससीआर का गठन समन्वित विकास की दृष्टि से उपयोगी होगा। राज्य राजधानी क्षेत्र की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर आगामी दो सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आज पुरातन काशी काशी नगरी आज "नेचर कल्चर और एडवेंचर" का संगम बन रही है। काशी में हुए विकास कार्यों से आस-पास के जिलों के पोटेंशियल में भी विस्तार हुआ है। ऐसे में हमें इंटीग्रेटेड रीजनल डिवलेपमेंट प्लानिंग पर फोकस करना चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भांति नियोजित विकास के उद्देश्य से जनपद वाराणसी व इसके सीमा से लगे जनपद भदोही, गाजीपुर, बलिया, चंदौली को जोड़ते हुए एकीकृत विकास योजना तैयार करें। पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक प्रगति को तेज रफ्तार देने के उद्देश्य से यह प्रयास महत्वपूर्ण हो सकता है। आवास विभाग द्वारा प्रारंभिक अध्ययन के साथ अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज वाराणसी में जल, थल और वायु परिवहन की अभूतपूर्व परिवहन सेवा उपलब्ध है। अब शीघ्र ही यहां रोप-वे सेवा भी उपलब्ध होगी। रोप-वे निर्माण कार्य का यथाशीघ्र शिलान्यास कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। देश के सभी प्रमुख शहरों में उत्तर प्रदेश का सूचना और पर्यटन केंद्र अवश्य हो। इसके माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और औद्योगिक संभावनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विकास प्राधिकरण, नगरीय निकाय में अर्बन टाउन प्लानर की तैनाती की जाए। परियोजनाओं का निर्धारण करते समय आगामी 50 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रखें। विकास प्राधिकरण, नगरीय निकाय, स्थानीय प्रशासन और पुलिस यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी, किसी भी परिस्थिति में अवैध बस्तियां, रिहायशी कॉलोनी बसने न पाएं। प्राधिकरणों में मैनपॉवर की कमी न हो। आवश्यकतानुसार नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। बिजली बिल के समयबद्ध भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि लोगों को समय पर सही बिल मिले। ओवरबिलिंग, फाल्स बिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान करता है। इस



व्यवस्था में सुधार के लिए बिलिंग और कलेक्शन क्षमता बढ़ाने के लिए ऊर्जा विभाग को ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। ग्रामीण इलाकों में विशेष प्रयास की जरूरत है। बिजली के तारों को भूमिगत किये जाने के कार्य को समय से पूरा किया जाए। केबल टीवी, इंटरनेट ब्रॉडबैंड कनेक्शन आदि के लटकते-झूलते तारों का समुचित समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के संकल्प की पूर्ति में "सेफ सिटी परियोजना" अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों की सुरक्षा व्यवस्था स्मार्ट हुई है। विभिन्न वित्तीय निकायों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उसे आईटीएमएस से इंटीग्रेट किया जाए। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए 17 शहरों को "सेफ सिटी" बनाने के रूप में विकसित किया जाए। उत्तर प्रदेश 17 सेफ सिटी वाला पहला प्रदेश हो सकेगा। योगी ने कहा कि लखनऊ के साथ-साथ वाराणसी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, नैमिषारण्य, मां विंध्याचलधाम, माँ शाकुम्भरी देवी धाम, माँ ललिता देवी धाम, माँ पाटेश्वरी धाम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थलों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट एक बड़ी चुनौती है। विगत दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हमारी टीम ने ट्रैफिक मैनेजमेंट का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया था। चैत्र नवरात्र के दौरान इसी प्रकार इन महत्वपूर्ण स्थलों के लिए योजना बनानी चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी यहां की व्यवस्था का निरीक्षण करते रहें।चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम का अधिकधिक प्रयोग करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वाराणसी में मणिकर्णिका घाट व हरिश्चंद्र घाट पर स्वच्छता कार्यों को और व्यवस्थित किये जाने की आवश्यकता है। दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए यहां शौचालय की व्यवस्था हो। कई निजी औद्योगिक संस्थाओं ने इस कार्य मे सहयोग की इच्छा जताई है, उनसे संवाद कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। वाराणसी में वरुणा कॉरिडोर का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। इसे यथाशीघ्र पूरा कराया जाए। अयोध्या के विकास की समीक्षा करते हुए कहा कि राम जी की पैड़ी और नया घाट पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाये जाएं। सिंचाई विभाग द्वारा इन घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ें। प्रदेश में बहुत से पुराने माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनकी प्रदेश के शैक्षिक माहौल को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य सरकार से सहायता प्राप्त इन माध्यमिक विद्यालयों में आज अवस्थापना सुविधाओं के विकास की आवश्यकता है। ऐसे में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के व्यापक हित को देखते हुए प्रबंध तंत्र की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं ध्यान रखते हुए इन विद्यालयों के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यालय में बैठने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान, डीआईओएस, बीएसए, जिला पूर्ति अधिकारी जैसे जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में ही आम जन से मिलें, उनकी शिकायतों, समस्याओं को सुनें और मेरिट के आधार पर निस्तारित करें। जनसुनवाई कार्यालयों में ही हो। उन्होंने कहा कि गांवों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास में आमजन को सहभागी बनाने के लिए मातृभूमि योजना प्रारंभ की जा रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने इस योजना से जुड़कर अपने गांव में अपने पूर्वजों के नाम पर भवन, सड़क, कम्युनिटी सेंटर, आदि बनवाने की इच्छा जताई है। अधिकाधिक लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। आम जनजीवन के लिए समस्या बन रहे आवारा कुत्तों के स्थायी समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। सभी प्रमुख नगरों में एनिमल बर्थ कंट्रोल यूनिट की स्थापना की जानी चाहिए। संबंधित विभाग द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जाए। गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जाती है। इस बार हमें समय से तैयारी कर लेनी चाहिए। अग्निशमन दस्ता हर समय तैयार रहे। खेत-खलिहान व वनों में आग लगने की घटनाओं पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जाए।

## बिजली विभाग कर्मियों की हड़ताल के दौरान मजिस्ट्रेट, पुलिस, रिटायर्ड कर्मियों के हाथ सौंपी डीएम ने बागडोर

**महोबा, (हि.स.)।** जिले में बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल से निपटने के लिए जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अपनी सूझ-बूझ से एक अनोखा रास्ता निकाला है। इस पहल के तहत सभी जिले के सभी विद्युत उप केंद्रों में उपजिलाधिकारियों की तैनाती कर जिले की पुलिस और अपने अन्य विभागों से सम्बंधित टेक्निकल अधिकारियों, रिटायर्ड कर्मियों को विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। महोबा मुख्यालय के विद्युत सबस्टेशन कीरत सागर में सभी कर्मियों को प्रशिक्षण व कार्य से सम्बंधित निर्देश जिलाधिकारी की मौजूदगी में दिया गया।

जहाँ एक तरफ विद्युत विभाग के कर्मी हड़ताल पर बैठे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत व्यवस्था को सुचारु रूप से जारी रखने व सही रखने के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च से प्रदेश भर में बिजलीकर्मी अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं जिससे बिजली व्यवस्था बाधित होने की पूरी संभावना है महोबा में सभी विद्युत कर्मी 14 सूत्री मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं , विद्युत कर्मियों के धरने पर बैठने के कारण व कार्य बहिष्कार किए जाने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटने की तैयारी जिला प्रशासन ने अपने स्तर पर शुरू कर दी है। जिसके तहत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों मजिस्ट्रेट और रिटायर कर्मियों के साथ जिले में तैनात टेक्निकल कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है जिले के 13 विद्युत उपकेंद्र में मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ-साथ अन्य विभागों के टेक्निकल अधिकारी रिटायर्ड कर्मियों को पुलिस को तैनात किया गया इन सभी को शहर की विद्युत उपकेंद्र में प्रशिक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में काम करने की जानकारी सहित विद्युत पाट्र्स डाउन ट्रांसफार्मर सहित अन्य बारीकी परीक्षण भी दिए गए।

डीएम मनोज कुमार बताते हैं कि विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार की जानकारी होने पर शासन के निर्देश पर व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के लिए अस्थायी व्यवस्था है लोगों को विद्युत समस्या से न जूझना पड़े, इसका ख्याल रखा जा रहा है। हर केंद्र में मजिस्ट्रेट तैनात हैं जो पुलिस, रिटायर्ड कर्मियों और टेक्निकल कर्मियों के साथ व्यवस्था को बहाल रखेंगे । इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को बाकायदा ट्रेनिंग दिलवाई है । विद्युत कर्मी बताते हैं कि आज से कार्य बहिष्कार है जो 16 मार्च तक चलेगा।

## जातिगत जनगणना को लेकर अखिलेश पर ओपी राजभर ने कसा तंज

**आजमगढ़, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे सुभासपा के राष्टीय अध्यक्ष जनपद में ताबडतोड़ कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। आजमगढ़ के बाद लालगंज लोकसभा में कार्यकर्ता बैठक में एक बार फिर ओपी राजभर ने कांग्रेस से गठबंधन के जहां संकेत दिए वहीं सीएम योगी के नवरात्र में रामायण पाठ को जायज करार दिया तो स्वामी प्रसाद मौर्या व अखिलेश यादव पर जमकर बरसे। जिले के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकताओं ने जमकर स्वागत किया। इस अवसर पर ओपी राजभर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान अपने-अपने धर्म को मानने व काम करने का दिया था तो सरकार उसी संविधान के तहत यह कार्य कर रही है। सपा के स्वामी प्रसाद मौर्या का बिना नाम लिए सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर ने कहा कि जब उनको तुलसीकृत रामायण की चौपाई से तकलीफ थी तो उनको मोतियाबिंद हुआ था। वे



चार बार बसपा से मंत्री थे, बसपा की सत्ता जाते देखा तो रामम शरण गच्छामि हो गए और उसी तुलसीकृत रामायण पर माला-फूल अगरबत्ती चढ़ाने लगे, रामायण पढ़ने लगे। बेटी को सांसद बनवाया व अपने मंत्री बन गए। पांच सालों तक महिलाओ, दलितो व पिछड़ो का अपमान दिखाई नहीं दिया। फिर देखा कि सत्ता जा सकती है तो अखिलेशम शरणम गच्छामि हो गए। चुनाव लड़े लेकिन जमीन पर लोट गए। दस महीने तक शांत पडे रहे, अखिलेश की कृपा से एमएलसी बन गए तो बोलने लगे कि चौपाई ही गड़बड़ लिखी है। उन्होंने कहा कि सत्ता बदलने पर इनसब लोगों को दिखाई देने लगता है लेकिन जब सत्ता में रहते हैं तो पिछडे, दलित की हित की बात नहीं करते। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा कि जब वे सत्ता में रहते हैं तो समान शिक्षा, जातिगत जनगणना, फ्री बिजली आदि की बात क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि जब जनता के हित करने की बात आती है तो ये अपना हित करने लगते हैं। जब हित करने का टाइम समाप्त हो जाता है तो ये भीख मांगने लगते हैं। अब भाजपा से जातिगत जनगणना की भीख मांग रहे हैं, जबकि जब राजा थे तो नहीं किए अब भिखमंगा होकर भीख मांग रहे हैं। संसद में राहुल गांधी के विदेश में देश पर दिए गए बयान पर मचे बवाल पर ओपी राजभर ने इशारों में फिर कांग्रेस से गठबंधन के संकेत देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जो बोला लेकिन पीएम मोदी भी तो देश के खिलाफ बोल आए थे। उस पर क्यों वे लोग सदन में नहीं बोल रहे है। उस बात पर वे लोग बखेड़ा क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये नेता बिरादरी दो मुंहा सांप होती है। कब क्या बोलेगी, क्या करेगी, कोई नहीं बता सकता।

## 'हलाल सर्टिफिकेट' को लेकर हिन्दूवादी संगठन मुखर, शास्त्रीघाट पर दिया धरना

**वाराणसी, (हि.स.)।** मुगलों का महिमामंडन करने वाली वेब सीरीज 'ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड' एवं धार्मिक भेदभाव करने वाले 'हलाल प्रमाणपत्र'के खिलाफ हिन्दूवादी संगठन मुखर हो रहे हैं। बुधवार को हिन्दूवादी संगठनों के साथ वरुणापुल स्थित शास्त्रीघाट पर जुटे व्यापारियों ने धरना देकर इस्लामिक देशों में निर्यात करनेवालों के लिए हलाल सर्टिफिकेट (प्रमाणपत्र) अनिवार्य पर जमकर नाराजगी जताई। मुसलमानों को केवल मुसलमानों के साथ ही व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले 'हलाल प्रमाणपत्र'पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर कार्यकताओं ने कहा कि इससे धार्मिक भेदभाव हो रहा है। सरकार को इसमें हस्तक्षेप कर कार्यवाही करनी चाहिए। प्रमाण पत्र देनेवाले वाली संस्थाओं की 'सीबीआई एवं ईडी' द्वारा जांच आवश्यक है। कार्यकताओं ने कहा कि इस प्रमाणपत्र से भविष्य में स्थानीय व्यापारी, पारंपरिक उद्यमी के साथ अंततः राष्ट्र के लिए संकट खड़ा हो सकता है। हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकताओं ने कहा कि मुगलों का महिमामंडन करनेवाली वेब सीरीज 'ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड' से धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकती है। ऐसे में इस वेब सीरीज पर रोक लगाने के साथ इसे बनाने वाले निमार्ता और मुगलों का समर्थन करनेवाले कलाकारों पर कार्यवाही की जाए।




वक्ताओं ने कहा कि जिन मुगलों ने भारतीय संस्कृति नष्ट करने का प्रयास किया,हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया, हिन्दुओं का भारी संख्या में धर्मांतरण किया, ऐसे मुगल अकबर को 'सहिष्णु', 'सर्वधर्म समभावी', 'आध्यात्मिक' आदि उपाधियां लगाकर उसका झूठा इतिहास इस वेब सीरीज के जरिए प्रचारित किया जा रहा है। धरना -प्रदर्शन में हिन्दू जनजागृति समिति सहित अन्य संगठन भी शामिल रहे।

## 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान में बच्चों से छुड़ा रहें नशा : अनीता अग्रवाल

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने कहा कि आयोग द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसको ह्यएक युद्ध नशे के विरुद्धह्ण नाम दिया गया हैं। इसमें बच्चों को नशे की आदतें छुड़ाने, नशे की ओर ना बढ़ने के लिए उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग कार्य कर रहा है। अनीता अग्रवाल ने कहा कि ह्यएक युद्ध नशे के विरुद्धह्ण अभियान के कार्य को आयोग की ओर से सदस्य श्याम कुमार देख रहे हैं। इनके साथ में आयोग के सभी सदस्य अभियान में बढ़चढ़ कर भागीदारी कर रहे हैं। अपनी उत्तर प्रदेश के जनमानस से अपील भी है कि जहां भी नशा करते हुए बच्चें दिखायी



दें, उसकी जानकारी आयोग को अवश्य पहुंचाये। जिससे उस स्थान पर आयोग आवश्यक कार्यवाही कर सके। हमारा प्रयास है कि बच्चें नशा न करें और अगर किन्ही कारणवश नशे के शिकार हो गये हैं, तो उनसे नशा छुड़ाया जाये। उन्होंने कहा कि आयोग का कार्य है, जीरो से 18 वर्ष तक के बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना। बच्चे समय से स्कूल जाये, पढ़े-लिखे और अन्य जरुरतों की पूर्ति हो, इसकी निगरानी का कार्य आयोग करता है। पहले रेलवे स्टेशन या आसपास भीख मांगते हुए बच्चें दिखलायी पड़ते थे, ऐसे बच्चों के लिए तीन माह की अवधि पर रेस्क्यू करा के उन्हें मुख्य धारा में लाने का कार्य किया जा रहा है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने आगे कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से मिलने वाली सूचनाओं को आयोग स्वतः संज्ञान लेकर उस पर कार्य करता है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए उस पर आगे की कार्यवाही की जाती है। बताया कि बीते दिनों लखनऊ में डाक्टरों की लापरवाही से बच्चों का अहित हुआ था, उसे भी आयोग ने संज्ञान में लेकर कार्यवाही की थी।

## पलामू में झारखंड जगुआर के जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** पलामू जिले के लेस्लीगंज स्थित जैप 8 परिसर में झारखंड जगुआर के जवान अनीश कुमार वर्मा (33 ) ने आज (बुधवार) सुबह ट्रेनिंग के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद साथी जवान एवं उसके भाई ने आईआरबी के डीएसपी दीपक कुमार और प्रशिक्षक पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना के बाद जैप 8 परिसर में हंगामा कर रहे जवानों ने डीएसपी का घेराव किया। उन्होंने पलामू एसपी सह जैप 8 के समादेष्टा चंदन कुमार सिन्हा से डीएसपी को हटाने की मांग की है। इधर सूचना मिलने के बाद जमशेदपुर के बागबेड़ा से मृत जवान के परिजन पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। साथी जवानों का कहना है कि बुधवार सुबह 5:30 से 6:00 के बीच जब सारे जवान पीटी के लिए मैदान में चले गए तबअनीश ने स्टील के पाइप



से फांसी लगा ली। जब अनीश ट्रेनिंग के लिए मैदान में नहीं पहुंचे तो टेंट में खोजा गया। वहां अनीश फंदे पर लटके हुए थे। उनकी नब्ज चल रही थी। आनन-फानन में फंदे से उतारकर लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से जवान को एमआरएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। रास्ते में जवान की मौत हो गई। लेस्लीगंज स्थित जैप 8 के मुख्यालय में करीब 400 जवान 23 जनवरी से ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनमें अनीश वर्मा भी शामिल थे। अनीश मूल रूप से जमशेदपुर के बागबेड़ा के बीडी रोड के रहने वाले हैं। अनीश कुमार वर्मा वर्ष 2013 में आईआरबी में बहाल हुए थे। उसके बाद 2015 में उनका चयन झारखंड जगुआर में हुआ था। जगुआर में तैनात होने के बाद अनीश वर्मा बूढ़ापहाड़, सारंडा समेत कई बड़े नक्सल अभियान में शामिल रहे।

## झारखंड विधानसभा के मुख्य द्वार पर नियोजन नीति पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन बुधवार को भी भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति के विरोध में विधानसभा मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। भाजपा विधायकों ने 1932 की भेलो, 60-40 नाय चलतो, युवा विरोधी मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, नियोजन नीति लागू करो के नारे लगाए। भाजपा सदन के बाहर और भीतर इस मुद्दे का विरोध कर रही है। इस वजह से सोमवार और मंगलवार को प्रश्नकाल बाधित रहा। भाजपा विधायक अमर कुमार बावरी ने कहा कि सरकार का राज्य के युवाओं के भविष्य से कुछ लेना-देना नहीं है। लूट में लगी यह महागठबंधन की सरकार पिछले सवा




तीन वर्ष से युवाओं को ठग रही है। पांच लाख प्रतिवर्ष रोजगार का वादा कर सत्ता में आई हेमंत सरकार नौकरी तो नहीं दे सकी लेकिन हजारों करोड़ का खनिज लूट चुकी है। मुख्यमंत्री सदन का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सरकार युवाओं के मामले में पूरी तरह बैकफुट पर है।

## भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों से संबंधित पात्र उम्मीदवारों के लिए भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 20 मार्च तक बढ़ा दी गई है।अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, ट्रेडमैन, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग, असिस्टेंट नर्सिंग सेना चिकित्सा कोर श्रेणियों में सहायक (पशु चिकित्सा) और सिपाही फार्मा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ओपन है। एक अक्टूबर 2023 को साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के उम्मीदवार पात्र हैं। सेना में अग्निवीर बनने के लिए पहले 15 मार्च तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का समय था, जिसे अब 20 मार्च तक कर दिया गया है। भारतीय सेना ने वर्ष 2023-2024 की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत 16 फरवरी से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। अब रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 मार्च होने से छूटे हुए अभ्यर्थियों को मौका मिल सकेगा। अप्रैल में प्रस्तावित लिखित परीक्षा पास करने वालों को ही शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए कॉल लेटर भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर लॉग इन कर आवेदन कर सकते हैं।

## प्रशांत किशोर ने लालू परिवार पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हो रही कार्रवाई पर नीतीश को घेरा

**पटना, (हि.स.)।**प्रशांत किशोर ने बुधवार को लालू परिवार प्रहार करते हुए कहा कि अगर नीतीश कुमार में दम है तो बोलकर दिखा दें कि लालू परिवार भ्रष्टाचार में शामिल नहीं है।जन सुराज पदयात्रा के दौरान सारण जिले के मांझी प्रखंड में मीडिया संवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने लालू परिवार पर भ्रष्टाचार मामले में हो रही कार्रवाई के मुद्दे पर नीतीश कुमार को जमकर घेरा। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार खुश हैं या नहीं ये बात नीतीश कुमार से ज्यादा कौन जान सकता है। लालू यादव और उनके परिवार पर जो छापा पड़ा है, उस पर नीतीश कुमार ना तो पक्ष में बोल रहे हैं और ना ही विपक्ष में। नीतीश कुमार को साफ तौर पर कहना चाहिए कि लालू यादव हमारे सहयोगी हैं और इन पर भ्रष्टाचार के सारे आरोप



गलत हैं। अगर वो इस बात को नहीं कह रहे हैं तो आप समझ लीजिए वो क्या कहना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार को मालूम है कि 2025 में उनकी सरकार नहीं बनेगी और ना ही वो मुख्यमंत्री बन पाएंगे। इसलिए वो चाहते हैं कि बिहार को ऐसी सरकार मिले जो उनसे भी खराब काम करे। जिससे लोग यह कह सके कि नीतीश कुमार की सरकार कितनी भी खराब हो, लेकिन इससे तो अच्छी ही थी। प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं नीतीश कुमार को बहुत भीतर से जानता हूं कि वो क्या सोचते हैं। अगर नीतीश कुमार में दम है तो वो बोलकर दिखा दें कि लालू यादव, तेजस्वी और उनके परिवार के लोग भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हैं, और उनके साथ राजनीतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है।

## एसएसबी और नेपाली एपीएफ ने बॉर्डर क्षेत्र में, कि संयुक्त पेट्रोलिंग

**बगहा, (हि.स.)।** भारत -नेपाल सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी 21 वी वाहिनी वाल्मीकि आश्रम और एपीएफ वाल्मीकि आश्रम कंपनी के अधिकारी तथा जवानों ने संयुक्त रुप से पेट्रोलिंग की। एसएसबी के उपनिरीक्षक मोतीलाल के नेतृत्व में जवानों और नेपाल एपीएफ के जवानों के द्वारा तमसा नदी,सोनभद्र नदी के किनारे सीमा पर संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग की गई नेपाल एपीएफ वाल्मीकि आश्रम के नेतृत्व इस्पेक्टर सुधीर कुमार पांडे ने किया। भारत -नेपाल की सीमा नदी के रास्ते खुली सीमा होने के कारण इसका फायदा असामाजिक तत्व, शराब तस्कर, वन तस्कर और अपराधी प्रवृत्ति के लोग न उठा सकें। इस बातों को ध्यान में रखते हुए और बॉर्डर क्षेत्र में भयमुक्त माहौल को बनाने के लिए यह जॉइंट पेट्रोलिंग समय-समय पर की जाती है। दोनों देश के सीमा सुरक्षा बल के द्वारा सीमा क्षेत्र में नियमित गस्ती की जा रही है। भारत - नेपाल का खुली सीमा होने के कारण इसका फायदा उठाकर नदी के रास्ते प्रवेश न कर सके। इसलिए सीमा क्षेत्र में पैनी निगाह रखी जा रही है। इस संयुक्त पेट्रोलिंग में एसएसबी वाल्मीकि आश्रम सीमा चौकी के ओर से उपनिरीक्षक मोतीलाल ,मुख्य आरक्षी विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी पूरण चंद्र ,आ-



रक्षी मुन्ना राम, संजीव कुमार ,परमानंद राम ,मुकेश कुमार ,बरकत अली ,चंद्रकांत यादव , राजू आदि शामिल थे। वही नेपाल एपीएफ की ओर से वाल्मीकि आश्रम के इंस्पेक्टर सुधीर पांडे, चेत नारायण चौबे , नागेंद्र अधिकारी,जितेंद्र धानिया, ज्ञान बहादुर गुरुंग, कपिल केवट, टेक धीमरे, जीवन कुमार,अशोक यादव आदि शामिल थे।

## भ्रष्टाचार के मामलों को उठाकर अपनी राजनीतिक विरोधियों को प्रताड़ित कर रहा केन्द्र :उमेश कुशवाहा

**पटना, (हि.स.)।** जनता दल (यूनाईटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने केंद्र सरकार की विफलता एवं केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बेरोजगारी, महंगाई नियंत्रण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने में पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है, ऐसी स्थिति में भारत की जनता का इन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भ्रष्टाचार जैसे मामलों को उठाकर अपनी राजनीतिक विरोधियों को बदनाम एवं प्रताड़ित कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीबीआई दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत कार्य करती है सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मामले में यह मत व्यक्त किया था कि दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के धारा 5 के तहत केंद्र के राज्य में सीबीआई जांच कराने का तो अधिकार है लेकिन यह तब तक मंजूर नहीं किया जा सकता



है। जब तक राज्य इस पर हामी नहीं भरता है। इसी प्रकार सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के धारा 6 के तहत राज्यों को अपने इलाके में जांच की इजाजत देने या ना देने का अधिकार है सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर बल दिया कि यह प्रावधान संविधान के संघीय ढांचे के अनुरूप है एवं भारतीय संविधान के मौलिक ढांचे को निरूपित करता है परंतु केंद्र सरकार राजनीतिक हित साधने के लिए सुप्रीम कोर्ट के इस दिशा निर्देश का खुलेआम उल्लंघन कर संघीय ढांचे एवं संविधान के मूलभूत ढांचे को नष्ट करने का प्रयास करती है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष ने सीबीआई के पारदर्शिता बनाए रखने हेतु एल पी सिंह कमिटी, प्रशासनिक सुधार आयोग, एवं पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी के प्रतिवेदन के अनुरूप स्पष्ट विधान के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया ताकि राजनीतिक उद्देश्यों से सीबीआई, ईडी जैसे सम्मानित संस्थाओं के छवि को धूमिल होने से रोका जा सके।उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा ईडी के दुरुपयोग पर भी कड़ी आपत्ति जाहिर की।

## संपादकीय

# ‘राहुल’ पर घिरी कांग्रेस

**सत्ता** पक्ष को घेरने के लिए कांग्रेस ने कुछ मुद्दे इक्कठे किए थे, जिनमें हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट, सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की विपक्षी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में कार्यवाही जैसे मुद्दे शामिल थे, लेकिन राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयानों ने ‘कांग्रेस’ को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। कहाँ तो कांग्रेस सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाकर मैदान में उतरी थी लेकिन अब वह ही संसद से सड़क तक घिरी हुई नजर आ रही है। बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा काफी आक्रामक नजर आई। दरअसल, भारतीय लोकतंत्र पर प्रतिकूल टिप्पणियां करके कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने ही भाजपा को अवसर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने विदेशी दौरे पर कैमब्रिज विश्वविद्यालय और ब्रिटेन के संसदीय परिसर में अपने संवाद कार्यक्रमों में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिन्हें भारत का आम नागरिक भी स्वीकार नहीं कर सकता। आखिर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्रिटेन और अमेरिका को दखल देने के लिए आमंत्रित करना किस प्रकार उचित ठहराया जा सकता है। भाजपा का रुख देखकर इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशव्यापी विमर्श खड़ा करने का मन बना चुकी है। भारत के आंतरिक एवं लोकतांत्रिक मामलों में विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित करने के मामले पर भाजपा ने माँग रखी है कि राहुल गांधी संसद में आकर माफी माँगे और यह संसद उनके बयान के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करे। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर ‘संसद’ का भी अपमान करने का प्रयास किया, जब उन्होंने कहा कि संसद में उनके माइक को बंद कर दिया जाता है। जबकि उनका यह आरोप निराधार है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों के सभापति उनके इस आरोप को खारिज कर चुके हैं। कांग्रेस के नेताओं के सामने स्थिति विकट हो गई है कि आखिर वे भारतीय लोकतंत्र में विदेशी हस्तक्षेप की बात पर किस तरह से राहुल गांधी का बचाव करें? भारत विरोधी इस विचार को सही भी नहीं ठहराया जा सकता और अपने नेता का बचाव भी करना है, इस कारण कांग्रेस के नेता दुविधा में फंस गए हैं। कोई स्पष्ट जवाब नहीं होने के कारण कांग्रेस के प्रवक्ताओं को झल्लाते हुए भी देखा जा रहा है। कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल गांधी भाजपा के लिए नहीं अपितु कांग्रेस के लिए ही चुनौती बन गए हैं। कांग्रेस का अच्छा-भला जमा-जमाया राजनीतिक मैदान राहुल गांधी ने अपनी अपरिपक्वता के कारण बिगाड़ दिया। भाजपा नेताओं का यह कहना गलत नहीं है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा को गहरी चोट पहुंचाई है। भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की जिस प्रकार की छवि उन्होंने विदेशी मंचों से रखी है, वह सत्य से परे है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कैसे इस स्थिति से बाहर निकलती है और भाजपा भी इस मुद्दे को कहाँ तक लेकर जाती है? संभव है कि आनेवाले चुनावों तक यह मुद्दा गरम बना रहेगा।

बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा काफी आक्रामक नजर आई। दरअसल, भारतीय लोकतंत्र पर प्रतिकूल टिप्पणियां करके कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने ही भाजपा को अवसर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने विदेशी दौरे पर कैमब्रिज विश्वविद्यालय और ब्रिटेन के संसदीय परिसर में अपने संवाद कार्यक्रमों में कुछ ऐसी बातें कहीं, जिन्हें भारत का आम नागरिक भी स्वीकार नहीं कर सकता। आखिर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्रिटेन और अमेरिका को दखल देने के लिए आमंत्रित करना किस प्रकार उचित ठहराया जा सकता है। भाजपा का रुख देखकर इस बात का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राहुल गांधी के इस बयान को लेकर देशव्यापी विमर्श खड़ा करने का मन बना चुकी है। भारत के आंतरिक एवं लोकतांत्रिक मामलों में विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप के लिए आमंत्रित करने के मामले पर भाजपा ने माँग रखी है कि राहुल गांधी संसद में आकर माफी माँगे और यह संसद उनके बयान के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करे। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर ‘संसद’ का भी अपमान करने का प्रयास किया, जब उन्होंने कहा कि संसद में उनके माइक को बंद कर दिया जाता है।

## कुछ अलग

# लोकतंत्र, संविधान जिंदा हैं

**आज** तो बल्लियों उछलने का दिन है। भारतीय सिनेमा ने रचनात्मक आसमान छुए हैं। सुपरहिट फिल्म ‘आरआरआर’ के गीत ‘नाटू-नाटू’ को सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत की श्रेणी में ‘ऑस्कर अवार्ड’ से नवाजा गया है। यह प्रथम भारतीय गीत है। इससे पहले ‘जय हो...’ के गीत-संगीत के लिए ऑस्कर दिया गया था, लेकिन वह मूलतः ब्रिटिश फिल्म थी। इसके अलावा, ‘द एलिफेंट व्हिस्पर्स’ को सर्वश्रेष्ठ लघु वृत्तचित्र के लिए ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यकीनन दोनों ही उपलब्धियां असाधारण, अभूतपूर्व और अतुलनीय हैं। इस गीत-संगीत पर तो पूरी दुनिया झूम रही है। दोनों तरह के सिनेमा की रचना करने वाली टीमों को सलाम...जय हिंद! मन और भावुकताएं इसी विषय पर लिखने की थीं, लेकिन इनसे भी महत्त्वपूर्ण मुद्दा है-लोकतंत्र। यदि हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में हैं, तो सिनेमा, सृजन और अभिव्यक्ति की आजादी संभव और हासिल है। हमारा सशक्त विश्वास है कि भारत एक लोकतंत्र है और सबसे जीवंत उदाहरण है। यदि कुछ लोग बेचैन हैं, छटपटा रहे हैं, तो यह उनकी कुंठा हो सकती है। देश की जनता ने भी कमोबेश उन्हें खारिज कर दिया है। बहरहाल भारत तो प्राचीन, लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी कुछ भी बयान दे सकते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। यदि वह 2004 से लगातार लोकसभा सांसद हैं, तो सिर्फ लोकतंत्र के कारण...। प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई, टोरंटो, सियोल में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए जिस देश में जन्म लेने को पाप करार दिया था, हम मानते हैं कि उन्हें ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए। प्रधानमंत्री का पद राष्ट्रीय है, उसका अपना गौरव, अपनी गरिमा है, लिहाजा भारत का प्रथम प्रतिनिधि होने के नाते प्रधानमंत्री मोदी को यथार्थ इस तरह बयां नहीं करना चाहिए। हालांकि वह 2015 की बात है, लेकिन इसके ये मायने भी नहीं हैं कि राहुल गांधी को विदेशी ज़मीं पर ‘उजालों को अंधेरा’ कहने का कोई लाइसेंस मिल गया है। उन्होंने ब्रिटेन में भारत के लोकतंत्र पर जो सवाल उठाए, कटघरे में खड़ा किया और लोकतंत्र की बहाली के लिए विदेशी हस्तक्षेप का आग्रह किया, वह यथार्थ से परे की निराशाजनक कुंठा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ‘दुर्भाग्यपूर्ण’ माना है। इसी मुद्दे पर हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही नहीं चल पाई। बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ है। बड़ा अभूतपूर्व और अप्रत्याशित दृश्य सामने आया कि संसद के दोनों सदनों में सत्ता-पक्ष के सांसदों ने हंगामा किया और राहुल गांधी से माफी मांगने का आग्रह किया। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्रियों ने यह मांग की, जबकि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ‘देशद्रोह’ का केस चलाने की मांग की।

देश की जनता ने भी कमोबेश उन्हें खारिज कर दिया है। बहरहाल भारत तो प्राचीन, लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी कुछ भी बयान दे सकते हैं, यह कोई नई बात नहीं है। यदि वह 2004 से लगातार लोकसभा सांसद हैं, तो सिर्फ लोकतंत्र के कारण...। प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई, टोरंटो, सियोल में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए जिस देश में जन्म लेने को पाप करार दिया था, हम मानते हैं कि उन्हें ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए।


## ग्रामीण स्तर पर संचालित की जाने वाली अनेक योजनाओं में अध्यापक का ही सहारा लिया जाता है

# अध्यापकों से गैर शिक्षण कार्य क्यों?

डा. वरिंदर भाटिया

प्रशासनिक व्यवस्था शिक्षक को सब काम करने वाला सर्वगुण युक्त नि:सहाय प्राणी समझ लेती है जिससे आज हमारे अनेक शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझकर रह गए हैं। अनेक स्थानों पर उनसे स्टाफ की कमी के कारण दफ्तरी काम भी लिए जाते हैं। कंप्यूटर पर डाटा फीडगि हो या विद्यार्थियों की फोटो अपलोड व सत्यापन, दिनभर में ऐसे ही जाने कितने कार्य शिक्षकों को पढ़ाने के अलावा करने पड़ते हैं। इनसे कहीं क्लर्क जैसा काम करते गलती हो जाए तो जॉब पर आफत बन आती है। इस पर तुरंत प्रभाव से हमें सोचना होगा। डिम डे मील की पूरी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक की ही होती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से बच्चों को दिए जाने वाली अनेक सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफार्म, जूते, मोजे, बैग, पुस्तकें इत्यादि की खरीद-फरोख्त एवं बांटने की जिम्मेदारी भी अध्यापक की ही है।

**पंजाब** के स्कूल शिक्षा मंत्री ने गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिए शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य न लेने के मद्देनजर और छात्रों के भविष्य को बचाने के लिए पुरानी प्रथा को रोकने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि यह जरूरी है कि शिक्षक हमेशा स्कूलों में उपलब्ध रहें और उनसे पढ़ाने के अलावा कोई अतिरिक्त काम न लिया जाए। बात सिर्फ पंजाब तक नहीं सीमित है, देश के लगभग सभी राज्यों में शिक्षकों से गैर शिक्षण कार्य लेने की रिवायत ही चलती है जिससे सब जगह स्कूल शिक्षा बुरी तरह प्रभावित होती है। प्रशासनिक व्यवस्था शिक्षक को सब काम करने वाला सर्वगुण युक्त निःसहाय प्राणी समझ लेती है जिससे आज हमारे अनेक शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझकर रह गए हैं। अनेक स्थानों पर उनसे स्टाफ की कमी के कारण दफ्तरी काम भी लिए जाते हैं। कंप्यूटर पर डाटा फीडिंग हो या विद्यार्थियों की फोटो अपलोड व सत्यापन, दिनभर में ऐसे ही जाने कितने कार्य शिक्षकों को पढ़ाने के अलावा करने पड़ते हैं। इनसे कहीं क्लर्क जैसा काम करते गलती हो जाए तो जॉब पर आफत बन आती है। इस पर तुरंत प्रभाव से हमें सोचना होगा। मिड डे मील की पूरी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक की ही होती है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से बच्चों को दिए जाने वाली अनेक सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफार्म, जूते, मोजे, बैग, पुस्तकें इत्यादि की खरीद-फरोख्त एवं बांटने की जिम्मेदारी भी अध्यापक की ही है। यह प्रशासनिक कार्य है, न कि शिक्षा से जुड़े काम हैं। और तो और, ग्रामीण स्तर पर संचालित की जाने वाली अनेक योजनाओं में अध्यापक का ही सहारा लिया जाता है। चाहे ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जाने वाला टीकाकरण हो या बच्चों एवं गर्भवती स्त्रियों को आयरन एवं कैल्शियम की गोली बांटनी हो, यहां तक कि पेट के कीड़ों की गोलियां भी अध्यापक को ही बांटनी होती हैं। गैर-शैक्षणिक कार्य में अधिकतर स्कूल प्रबंधन, डेटा संग्रह और दस्तावेजीकरण शामिल होता है और कई बार इस कार्य में दोहराव और मात्रा ही अधिक होती है। दिन में गैर-शैक्षणिक कार्य का बार-बार वितरण और उच्च अधिकारियों के कॉल पर तैयार रहने का दबाव अक्सर शिक्षकों पर बोझ डालता है और शिक्षण के मुख्य कार्य को पूरा करने में समय लगाने की उनकी क्षमता को प्रभावित करता है। यह सब ठीक किया जाना चाहिए।



सीबीएसई की तरफ से कुछ समय पहले जारी एक सर्कुलर में कहा गया था कि शिक्षा का अधिकार-2009 के तहत किसी भी शिक्षक को गैर शिक्षण कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। यह भी कहा गया था कि टीचर्स को पढ़ाने, परीक्षा संचालन और जांच कार्यों के अलावा अन्य गतिविधियों में शामिल नहीं किया जाए। लेकिन अब भी ज्यादातर स्कूलों में शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराए जाते हैं। हमारे सरकारी और एडिड स्कूल इसका अपवाद नहीं हैं। पूरे विश्व में शिक्षा व्यक्ति के जीवन का आधार समझी जाती है। किसी भी ढांचे को खड़ा करने के लिए उसकी नींव को मजबूत किया जाना अति आवश्यक है। यदि नींव ही मजबूत नहीं होगी तो किसी भी ढांचे का अधिक समय तक टिके रह पाना संभव नहीं। हमारे टीचर ही शिक्षा की नींव बनाते हैं। यदि हम बच्चों को क्वालिटी स्कूल एजुकेशन दिलाना चाहते हैं तो टीचरों को टीचर ही रहने दिया जाना चाहिए। उन्हें शिक्षा पर फोकस बनाए रखने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। क्या उन्हें सेल्फ स्टडी के लिए समय नहीं चाहिए? हमारे शिक्षकों को जब तक गैर शैक्षणिक कार्यों में फंसाकर रखा जाएगा, तो उनसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की उम्मीद बेमानी है। हमारे शिक्षक दबाव में रहते हैं क्योंकि गैर शिक्षण कार्यों से जुड़े हर एक आदेश का पालन कर उनको नौकरी भी बचानी होती है। इलेक्शन ड्यूटी में तो अनेक महिला अध्यापकों की हालत बहुत खराब हो जाती है। क्या ऐसी गैर शिक्षण गतिविधियों में महिला अध्यापकों को राहत की जरूरत नहीं है? पचास की उम्र पार कर चुकी महिलाओं को फील्ड में गैर शिक्षण गतिविधियों से दूर रखना ठीक लगता है। याद रहे गैर शिक्षण कार्यों से जब स्कूल शिक्षा व्यवस्था बाधित होती है, इसका असर अंततः बच्चों की दी जाने वाली शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी पड़ता है। शैक्षणिक समयावधि के बाद शिक्षकों से अन्य और तरह के कार्य कराया जाना क्या नैतिकता होगी? क्या यह मानवीय दृष्टिकोण होगा? क्यों न हम अपने शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्यों के डर से निकालने की पहल करें। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह स्वीकार किया गया है कि गैर-शैक्षणिक कार्य शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसमें यह भी कहा गया है कि ‘उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार चुनाव ड्यूटी और सर्वेक्षण करने से संबंधित न्यूनतम कार्यों के अलावा शिक्षकों को स्कूल के समय के दौरान ऐसी किसी भी गैर-शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने के लिए न तो अनुरोध किया जाएगा और न ही अनुमति दी जाएगी जो शिक्षक के रूप में उनकी क्षमताओं को प्रभावित करती हो’। हमें प्रशासनिक कार्य करने के लिए स्कूलों में अधिक से अधिक गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती करने की आवश्यकता है। ऐसे मामलों में जहां दस्तावेजीकरण ऑनलाइन है, तब ऑफलाइन दस्तावेजीकरण को समाप्त किया जाना चाहिए। ग्रामीण स्कूलों में, जहां इंटरनेट/आईटी कनेक्टिविटी नहीं है या सीमित है, इन्हें उपलब्ध कराया जाना चाहिए और ऑफलाइन दस्तावेजीकरण की अनुमति दी जा सकती है। जहां पहले से ही डेटा उपलब्ध है, वहां स्कूलों को इसे संकलित करने और भेजने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। इसके अलावा शिक्षकों को अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के बजाय मुख्य रूप से कक्षा में पढ़ाई संबंधी कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। हम आज तक यह ही नहीं समझे हैं कि शिक्षा के गुणात्मक विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि हम चाहते हैं कि शिक्षकों द्वारा सुचारू रूप से शैक्षणिक कार्य किया जाए, तो शिक्षकों का विद्यालयों में निर्धारित पूरी कार्यावधि में उपस्थित रहना भी जरूरी है। क्यों न हम अपने अध्यापकों को सिर्फ अध्यापन और शिक्षा कार्यों में काम करने दें। एक बात तो पक्की है कि यदि हमारे शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्यों के दबाव से मुक्ति प्राप्त होती है तो इससे शिक्षा में गतिशीलता बढ़ेगी। बेहतर होगा इस बिंदु पर देश के सभी राज्यों में संजीदगी दिखाई जाए। विचार करें कि अगर अध्यापक दिनभर अन्य गैर शिक्षण कार्यों में ही व्यस्त रहेगा तो शिक्षण कार्य कब करेगा। आज विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर के निम्न होने के पीछे सबसे बड़ा कारण शिक्षक द्वारा गैर शैक्षणिक कार्यों में लगे रहना ही है।

# भारतीय विकसित देशों की नागरिकता क्यों ले रहे हैं

वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली द्वारा वर्ष 2018 में इकोनोमिक टाइम्ज में प्रकाशित एक प्रतिवेदन में बताया है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक रहती है। साथ ही, ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की है। उक्त संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान आता है। हेनली प्राईवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर ने, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर ने, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर ने, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर ने एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है।

**केंद्र** सरकार ने दिनांक 9 दिसम्बर 2022 को भारतीय संसद को सूचित किया कि वर्ष 2011 से 31 अक्टोबर 2022 तक 16 लाख भारतीयों ने अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों, की नागरिकता प्राप्त कर ली है। वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली द्वारा वर्ष 2018 में इकोनोमिक टाइम्ज में प्रकाशित एक प्रतिवेदन में बताया है कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक रहती है। साथ ही, ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की है। उक्त संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान आता है। हेनली प्राईवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर ने, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर ने, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर ने, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर ने एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है। इस प्रकार विश्व के कई देशों से डॉलर मिलिनायर विकसित देशों की नागरिकता ले रहे हैं। भारतीय किन कारणों के चलते अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं, इस विषय पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इसके पीछे दरअसल कई आर्थिक कारण ही जिम्मेदार हैं। सबसे पहिले तो भारत में लगातार तेजी से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीय अन्य देशों में अपना व्यवसाय फैला रहे हैं, इस व्यवसाय की देखभाल करने के उद्देश्य से कई भारतीय परिवार अपने कुछ सदस्यों को अन्य देशों विशेष रूप से विकसित देशों में नागरिकता प्रदान करवा रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में जारी नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति केवल एक देश की नागरिकता प्राप्त कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति ने अमेरिकी नागरिकता प्राप्त कर ली है तो उसे भारतीय नागरिकता छोड़नी होगी। दूसरे, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी जैसे तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीय नौजवानों को रोजगार के अधिकतम अवसर विकसित देशों में ही उपलब्ध हो रहे हैं, और इन देशों में वेतन भी भारत की तुलना में बहुत अधिक प्राप्त होता है। आज अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक जो उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में कार्यरत हैं उनका औसत वेतन प्रतिवर्ष 125,000 डॉलर से अधिक है जबकि अमेरिका में निवास कर रहे नागरिकों का औसत वेतन प्रतिवर्ष लगभग 70,000 डॉलर के आसपास है। एक तो नौकरियों की अधिक उपलब्धता दूसरे बहुत अधिक वेतन, ये बहुत महत्वपूर्ण कारक हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीयों को अन्य देशों में रोजगार प्राप्त करने हेतु आकर्षित कर रहे हैं। तीसरे, कई विकसित देशों ने अन्य देशों के नागरिकों को शीघ्रता से नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष निवेश योजनाएं चला रखी हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत यदि कोई विदेशी नागरिक इन देशों में एक पूर्व निर्धारित राशि का निवेश करता है एवं पूर्व निर्धारित संख्या में रोजगार के नए अवसर उस देश में निर्मित करता है तो उसे उस देश की नागरिकता ‘गोल्डन वीजा रूट’ के अंतर्गत शीघ्रता से प्रदान कर दी जाती है। इसी कारण के चलते भी कई भारतीय इन देशों में अपनी बहुत बड़ी राशि का निवेश कर रहे हैं एवं इस चैनल के माध्यम से इन विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं। अब तो इस प्रकार की योजनाएं यूरोपीय देश, पुर्तगाल, माल्टा, ग्रीस, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, सिंगापुर, यूएई, आदि भी लागू कर भारतीयों को अपने अपने देशों में आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में उन्हें सफलता भी मिल रही है क्योंकि इन देशों में व्यापार करने हेतु बहुत आसान नियम लागू किए गए हैं। इन देशों में बहुत अधिक मात्रा में जमीन उपलब्ध है एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी ये देश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस किए जाते हैं। इन देशों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं भी बहुत उच्च मानदंडों के आधार पर उपलब्ध हैं। यह समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं अतः हर प्रकार की सुविधा यहां उचित मात्रा में उपलब्ध है। व्यवसाय को बढ़ाने हेतु उचित वातावरण है, नागरिकों के रहने का स्तर भी बहुत ऊंचा है। देश में लगातार तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीयों की आर्थिक स्थिति में इतना अधिक सुधार हुआ है कि वे सपरिवार कई विकसित देशों की, पर्यटन की दृष्टि से, यात्रा पर जाने लगे हैं। वर्ष 2019 में 252,71,965 भारतीयों ने अन्य देशों की यात्रा की है, कोरोना महामारी के चलते यह संख्या वर्ष 2020 में 66,25,080 एवं वर्ष 2021 में 77,24,864 पर आकर कम हो गई थी परंतु वर्ष 2022 में (31 अक्टोबर तक) पुनः तेजी से बढ़कर 183,12,602 हो गई है। विकसित देशों की यात्रा के दौरान ये भारतीय वहां रह रहे नागरिकों के रहन सहन के स्तर एवं बहुत आसान जीवन शैली से बहुत अधिक प्रभावित होकर इन देशों की ओर आकर्षित होते हैं। भारत में आने के बाद ये परिवार लगातार यह प्रयास करना शुरू कर देते हैं कि किस प्रकार इनके बच्चों को इन विकसित देशों में रोजगार प्राप्त हों और मौका मिलते ही अर्थात रोजगार प्राप्त होते ही कई भारतीय इन विकसित देशों में बसने की दृष्टि से चले जाते हैं। दरअसल वैश्वीकरण के इस युग में पूरा विश्व ही एक गांव के रूप में विकसित हो रहा है। समस्त देश एक तरह से आपस में जुड़ से गए हैं। इन विकसित देशों में रह रहे वहां के मूल नागरिकों का भारतीय मूल के नागरिकों पर विश्वास भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि भारतीय मूल के नागरिकों का चाल चलन, जो भारत की महान सनातन संस्कृति का अनुसरण करता हुआ दिखाई देता है, को देखकर भी इन देशों के मूल नागरिक भारतीय मूल के नागरिकों से बहुत प्रभावित हो रहे हैं एवं आसानी से भारतीय मूल के नागरिकों को इन देशों में उच्च पदों पर आसीन कर रहे हैं।




## नागरिक बोध

# अभी भी नहीं टूटा कांग्रेस के नेताओं का मुगालता!

**लगभग** एक दशक से सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस के आला नेताओं का मुगालता शायद टूट नहीं पा रहा है। कांग्रेस के आला नेताओं का बर्ताव यही प्रदर्शित कर रहा है कि वे इस मुगालते में हैं कि आज भी उनकी सत्ता केंद्र और अनेक राज्यों में है। आजादी के बाद लगभग आधी सदी तक देश पर कांग्रेस का राज रहा है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है, किन्तु इक्कीसवीं सदी में कांग्रेस के रणनीतिकार सत्ता को थामने में पूरी तरह असफल ही साबित दिखाई दिए। हाल ही में उत्तर पूर्व (नार्थ ईस्ट) के चुनावी नतीजों ने कांग्रेस के नेताओं को आईना ही दिखाया होगा। भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित कांग्रेस के आला नेताओं को इस बारे में गौर करना चाहिए कि नार्थ ईस्ट में कांग्रेस का प्रदर्शन इतना गया गुजरा रहने के क्या कारण हो सकते हैं। मेघालय, त्रिपुरा, नागालेण्ड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद ही चुनाव हुए हैं, इसलिए इस पर विचार करने की जरूरत है कि आखिर चूक कहां हुई है! देश की राजनैतिक राजधानी दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि उत्तर पूर्व में चुनावों को कांग्रेस आलाकमान ने बहुत ही हल्के में लिया। नेहरू गांधी परिवार के वारिसान ने इन चुनावों में एक बार भी चुनावी राज्यों में जाना मुनासिब नहीं समझा। चुनावी नतीजों से देश भर में जो संदेश गया है वह कांग्रेस के पक्ष में तो कतई नहीं माना जा सकता है। चुनावी नतीजों पर अगर गौर करें तो 2018 में कांग्रेस ने 60 सीटों वाली मेघालय विधानसभा में 21 सीट जीती थीं, पर इस बार 16 सीटें और कम हो गईं, इस तरह कांग्रेस ने कुल 5 सीटों पर ही विजय हासिल की है। उधर, भाजपा पिछली बार दो सीटों पर विजयी हुई थी तो इस बार फिर भाजपा को दो ही सीटें मिली हैं। इसी तरह त्रिपुरा की 60 सीटों वाली विधान सभा में 2018 में भाजपा को 36 सीट मिलीथीं, तो कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी।

## देश दुनीया से

# भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम

**जब** एक ही सप्ताह इटली व ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भारत की ताकत का लोहा मान कर नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, तो हर भारतवासी का सीना गर्व से फूल जाता है। क्रिकेट डिप्लोमेसी में भारत अब मुशर्रफ और पाकिस्तान की मेजबानी नहीं करता, अपितु भारत विकसित राष्ट्रों के साथ कदमताल करते हुए नजर आ रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज का अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी के साथ केमिस्ट्री पूरे विश्व को एक संदेश था कि भारत अब मजबूत कदम से अपनी छाप छोड़ रहा है। भारत के कट्टर विरोधी तुर्किये भी जब भारत को दोस्त कह कर बुलाए तो कूटनीति की कुशलता समझ आती है। आज जब जी-20 शिखर सम्मेलन भारत में हो रहा है, दुनिया के शीर्ष देशों की प्रमुख हस्तियां इसमें शामिल होंगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, जर्मनी की चांसलर ओल्फ शोल्ज, कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिस टरुडो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व जापान के प्रधानमंत्री समेत कई सदस्य देशों के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। जी-20 में भारत के साथ अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ आदि देश सम्मिलित हैं। यह बड़ी बात है कि दुनिया के कल्याण के लिए भारत में ये सम्मेलन होगा। यह सम्मेलन तभी किसी देश में संभव है जब वो देश आतंकवाद की चपेट में न हो, आर्थिक पक्ष मजबूत हो और नेतृत्व क्षमता असाधारण हो। भारत की जी-20 अध्यक्षता में 200 से अधिक बैठकों का आयोजन देश के विभिन्न शहरों में होगा। इसी कड़ी में जी-20 में विज्ञान व तकनीक विषयों संबंधित बैठकें अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में निश्चित की गई हैं। इन बैठकों से हिमाचल, कांगड़ा व धर्मशाला को ग्लोबल पहचान मिलेगी, वहीं विज्ञान व तकनीक के विमर्श से कांगड़ा में रोजगार के द्वार खुलेंगे। धर्मशाला दलाई लामा के कारण वैश्विक राजनीति में एक बड़ा स्थान है। उसे दावोस की तर्ज पर विकसित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही सोच है। इन 200 बैठकों के बाद जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 को होगा। इसमें जी-20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता व प्रमुख शिरकत करेंगे। नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान सभी देशों के शीर्ष नेता जी-20 एजेंडा के आर्थिक पक्ष और दुनिया की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही जी-20 बैठकों के दौरान हुए विमर्श के बाद सांझा घोषणा की जाएगी। इन बैठकों से पहले ही योग, मोटे अनाजों, डिजिटल क्रांति के भारतीय सुझावों और नरेंद्र मोदी की सोच पर इन जी-20 देशों ने मोहर लगा दी है। समकालीन दुनिया तेजी से बहुध्रुवीय दुनिया में बदल रही है। इस तरह के गतिशील अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए एक बहुपक्षीय मंच की उपस्थिति अपेक्षित थी, जहां संप्रभु राष्ट्र एक साथ आएं और निरंतर परिस्थितियों के माध्यम से विमर्श करते हुए मानव कल्याण के भविष्य के लिए कार्यक्रम तैयार करते रहें। इसी प्रयास का एक प्रासंगिक उदाहरण जी-20 है जहां सदस्य देश, महाद्वीपों और जनसांख्यिकी में फैले हुए हैं, एक साथ आते हैं, अपनी ताकत, समस्याएं, संघर्ष, चुनौतियों को साझा करते हैं और ऐसी नीतियां बनाते हैं जो विभिन्न भू-राजनीतिक और राजनीतिक-आर्थिक समस्याओं को दूर करने में मदद करती हैं। कोविड-19 महामारी और वर्तमान यूक्रेन संकट ऐसी चुनौतियों के सबसे प्रत्यक्ष और प्रासंगिक उदाहरण हैं। जी-20 की अध्यक्षता इस प्रकार भारत को जिम्मेदारी की स्थिति के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसमें प्रधानमंत्री की राष्ट्र पर एक जहाज के कप्तान के समान जिम्मेदारी होती है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वार्ता के अक्सर जटिल विषयों के हल निकालने का मार्गदर्शन करने का काम एक प्रकार से सौंपा जाता है।

भारत के विश्व गुरु की ओर बढ़ते कदम भारत की 140 करोड़ जनता की ताकत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता को दर्शाते हैं। विश्व के सबसे मजबूत समूह जी-20 की अध्यक्षता कर भारत की नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरा विश्व अब मान रहा है। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। डिजिटल क्रांति में अग्रणी होने के साथ-साथ पिछले नौ वर्षों में भारत विश्व पटल पर एक सुदृढ़ हस्ताक्षर बन कर उभरा है। कोविड वैक्सीनेशन में भारत ने जो असरदार काम मानवता के लिए किया, वो विश्व के अन्य देश भी नहीं कर सके। आज संयुक्त राष्ट्र संघ में भी पूरा विश्व यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिए भारत की तरफ आस लगाए बैठा है।



# बलूचिस्तान में फिर हुआ आत्मघाती हमला, बम विस्फोट में दो की मौत, सात घायल

**इस्लामाबाद ।**

बलूचिस्तान के खुजदार में मंगलवार को हुए एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान की मीडिया ने दी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुदुस बिजेन्जो ने बम हमले की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादी निर्दोष जनता पर हमला कर रहे हैं। सरकार उनकी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। हालांकि, अभी किसी भी संगठन व आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उधर, खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले और पीरवाला में हुए अलग-अलग हमलों में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

**पिछले माह भी हुआ इसी तरह का हमला** – पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, बम धमाका बलूचिस्तान के खुजदार शहर में आगा सुल्तान इब्राहिम रोड पर हुआ। उपायुक्त खुजदार ने पुष्टि की कि एक वाहन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के जरिए निशाना बनाया गया था। इसी तरह का एक हमला पिछले महीने हुआ था जहां बलूचिस्तान के खुजदार जिले में एक चुंबकीय बम हमले में पुलिस वैन चालक और एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया था।

**पाक में बढ़ रहे आतंकी हमले** – मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरवरी में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कोहलू जिले में एक विस्फोट में फ्रंटियर कोर के दो अधिकारियों की मौत हो गई और तीन सैनिक घायल हो गए।धमाका कोहलू जिले के कहन इलाके में बदमाशों के खिलाफ अभियान में शामिल जवानों के एक वाहन के पास हुआ। बता दें कि, अपराधियों को पकड़ने के लिए इस क्षेत्र में सैनिटेशन ऑपरेशन जारी है।

**क्वेटा पुलिस लाइन्स इलाके में हुए हमले में पांच की मौत** – पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को पाकिस्तान के क्वेटा पुलिस लाइन्स इलाके में एक बम विस्फोट हुआ। जिसमें कम से कम पांच लोग घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

**आत्मघाती हमले में नौ पुलिसकर्मियों की मौत** – पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में 6 मार्च को हुए आतंकवादी हमले में नौ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। यह हमला ब्लूचिस्तान के बोलान इलाके में हुआ। पुलिस के जवान घटना के समय ड्यूटी से लौट रहे थे। उसी दौरान यह धमाका हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### अरुणाचल पर चीन के दावे को अमेरिका ने किया खारिज, भारत के समर्थन में संसद में पेश किया ये अहम प्रस्ताव



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने चीन और अरुणाचल प्रदेश को बांटने वाली मैकमहोन लाइन को अंतरराष्ट्रीय सीमा माना है। अमेरिका की संसद में इस मुद्दे पर एक द्विपक्षीय प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग माना है। प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद बिल हागेर्टी और जेफ मार्कले ने कहा कि जब चीन लगातार खुले और आजाद हिंद प्रशांत महासागर के लिए चुनौती बना हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि अमेरिका अपने रणनीतिक साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो, खासकर भारत के साथ। अमेरिकी संसद के इस द्विपक्षीय प्रस्ताव में अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग माना है और चीन के एलएसी पर यथास्थिति बदलने के प्रयासों और सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है। प्रस्ताव में अमेरिका-भारत के बीच की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और क्वाड में सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है। बता दें कि अमेरिकी संसद का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब एलएसी के पूर्वी सेक्टर में चीन के सैनिकों और भारत के सैनिकों के बीच हिंसक झड़पें हो चुकी हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका, अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग मानता है ना कि चीन का। चीन द्वारा सैन्य ताकत से एलएसी पर यथास्थिति बदलने की कोशिशों, विवादित स्थानों पर चीन द्वारा गांव बसाने और चीन के नक्शे में भारत के अरुणाचल प्रदेश को अपना बताने की भी अमेरिकी सांसदों ने आलोचना की।

### बोरिस जॉनसन से पार्टीगेट घोटाले में होगी पूछताछ, सांसद की कुर्सी पर लटकी तलवार

**लंदन ।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर पार्टीगेट मामले को लेकर मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। वहीं ब्रिटिश सांसद अगले हफ्ते बोरिस जॉनसन से पूछताछ करेंगे कि क्या उन्होंने पार्टीगेट के बारे में गलत जानकारी दी थी। वहीं इस पूछताछ के बाद जो जांच होगी वह संसद के सदस्य के रूप में उन्हें हटाने का कारण बन सकता है। हालांकि बोरिस जॉनसन ने संसद में बार-बार इस बात से इनकार किया कि उन्होंने या उनके कर्मचारियों ने डाउनिंग स्ट्रीट में भीड़ इकट्ठा करके किसी भी तरह का कोरोना लॉकडाउन कानूनों का उल्लंघन किया है। लेकिन पुलिस ने एक आपराधिक जांच के बाद दर्जनों सहयोगियों पर जुर्माना लगाया और जॉनसन ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्हें एक सभा में कानून तोड़ते हुए पाया गया। लॉकडाउन उल्लंघनों और अन्य घोटालों के आरोपों में घिरे रहने के बाद बोरिस जॉनसन ने जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। संसद की विशेषाधिकार समिति ने एक बयान में कहा कि बोरिस जॉनसन ने सार्वजनिक रूप से मौखिक साक्ष्य देने के लिए समिति के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। सुनवाई 22 मार्च को होगी।



### अमेरिका में नौकरी से निकाले गए एच1बी वीजाधारकों को मिल सकती है राहत, बाइडन सरकार लाई ये अहम प्रस्ताव




**वाशिंगटन ।** राष्ट्पति बाइडन की सलाहकार उप-समिति ने अमेरिकी सरकार से एच1बी वीजा धारी कर्मचारियों के लिए मौजूदा अनुग्रह अवधि 60 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करने की सिफारिश की है। समिति का कहना है कि अवधि बढ़ाने की सिफारिश इसलिए की जा रही है ताकि जिन कर्मचारियों की नौकरी गई है, उनको नई नौकरी खोजने के पर्याप्त अवसर हों सकें। एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई वासी और प्रशांत द्वीप के लोगों से जुड़े मामलों पर राष्टपति के सलाहकार आयोग के सदस्य अजय जैन भुटोरिया ने मंगलवार को कहा कि आव्रजन उप-समिति ने गृह सुरक्षा मंत्रालय और अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) को उन एच1-बी वीजा धारी कर्मचारियों के लिए अनुग्रह अवधि 60 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करने की सिफारिश की है, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। भुटोरिया ने नौकरी से निकाले गए एच1-बी कर्मचारियों के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा 60 दिन की अवधि पर्याप्त नहीं है और इस दौरान कई समस्याएं पेश आती हैं, जिसमें कम समय सीमा के भीतर नई नौकरी खोजना, एच1-बी के दर्जे को बदलने की जटिल कागजी कार्रवाई ।

## सुखोई-27 से रीपर ड्रोन का टकराव

# रूस-अमेरिका बता रहे अलग-अलग घटनाक्रम, क्या पहले भी ऐसा हुआ





**मॉस्को/वॉशिंगटन ।**

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मंगलवार को काला सागर (ब्लैक सी) पर हुए घटनाक्रम ने पूरे दुनिया की नींद उड़ा दी। दरअसल, यहां अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में रूस के सुखोई-27 विमान के अमेरिका के रीपर ड्रोन से टकराने की खबरें हैं। हालांकि, इस घटना को लेकर अमेरिका और रूस दोनों के ही अलग-अलग बयान हैं। दोनों ही देशों ने इसे लेकर राजनयिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। ऐसे में यह जानना अहम है कि काला सागर के ऊपर आखिर हुआ क्या था इस घटना को लेकर दोनों देशों का आधिकारिक बयान क्या है काला सागर का क्षेत्र दोनों देशों के लिए इतना अहम क्यों है क्या ऐसी घटना पहले भी कभी हुई है इसके अलावा इस टकराव में अब आगे क्या हो सकता है

**अमेरिका के मुताबिक क्या है पूरा घटनाक्रम** – अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी जनरल जेम्स हेकर ने कहा, हमारा एमक्यू-9 विमान अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर नियमित उड़ान पर था। इस दौरान एक रूसी जेट जानबूझकर अमेरिकी ड्रोन के सामने आ गया और टक्कर के बाद वह काला सागर में गिर गया। अधिकारी ने कहा कि मानवरहित ड्रोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। काला सागर दरअसल वह क्षेत्र है, जिसकी सीमाएं रूस और यूक्रेन से मिलती हैं। यूक्रेन को लेकर इस क्षेत्र में लंबे अरसे से तनाव बना हुआ है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि दो रूसी एसयू-27 विमानों ने अमेरिकी वायुसेना के खुफिया, निगरानी और टोही मानवरहित एमक्यू-9 ड्रोन का पीछा किया, जो काला सागर के ऊपर अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में उड़ान पर था। उन्होंने कहा कि टक्कर से पहले कई बार एसयू -27 जेट एमक्यू-9 के सामने से करीब 30-40 मिनट तक उड़े। बाद में रूस का एक जेट जानबूझकर अमेरिकी ड्रोन के ऊपर आ गया और अपने ईंधन को ड्रोन के ऊपर डंप कर दिया। इस घटना के कुछ देर बाद सुखोई-27 ने टक्कर मारकर ड्रोन के प्रोपेलर को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रोपेलर ड्रोन के पीछे की ओर लगा था। इस घटना के चलते अमेरिकी सेनाओं को ड्रोन को काला सागर में उतारना पड़ा।

**घटनाक्रम का रूस ने किस तरह जिक्र किया** – उधर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिकी ड्रोन उसकी सीमाओं के पास उड़ रहा था और इसी दौरान वह ऐसे क्षेत्र में पहुंच गया, जो कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से बाहर था। इसके बाद रूसी वायुसेना ने अपने फाइटर जेट्स को मोर्चे पर लगाया। रूस के मुताबिक, लड़ाकू विमानों की कुशलता की वजह से अमेरिकी ड्रोन खुद ही नियंत्रण खो बैठा और लगातार ऊंचाई खोते हुए काला सागर में गिर गया। रूस ने साफ किया है कि उसका लड़ाकू विमान अमेरिकी ड्रोन से नहीं टकराया, बल्कि ड्रोन पहले ही काला सागर में गिर गया। रूस ने दावा किया है कि उसके लड़ाकू विमान ने किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं किया, न ही जेट्स किसी तरह से भी ड्रोन के संपर्क में आए। गौरतलब है कि रूस ने क्रीमिया के करीब बॉर्डर क्षेत्रों पर निगरानी तंत्र जुटा रखा है और इस क्षेत्र को बाकी देशों के लिए ऑफ लिमिट घोषित किया है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कोई भी देश किसी और देश की सीमा के करीब के इलाके को ऑफ लिमिट घोषित नहीं कर सकता।

**दोनों देशों के बीच राजनयिक स्तर पर क्या हुआ**

**1. अमेरिका** – अमेरिकी सैन्य ड्रोन के गिरने की घटना पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि हमने कड़ी आपत्ति जताने के लिए रूसी राजदूत अनातोली एंटोनोव को तलब किया है। प्राइस ने यह भी कहा कि रूस में अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी ने भी रूसी विदेश मंत्रालय को एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस मामले पर रूस से वरिष्ठ नेताओं के स्तर पर बात कर रहे हैं। यह एक असुरक्षित और अव्यवसायिक घटना थी।

**2. रूस** – दूसरी तरफ रूसी राजदूत एंटोनोव ने कहा कि इस घटना को लेकर एहतियात बरते जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब तक क्रीमिया को रूस का हिस्सा नहीं मानता, लेकिन क्या यह जरूरी था कि वह रूस को भड़काने के लिए अपने ड्रोन्स का इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा कि हम क्रीमिया को रूस का ही हिस्सा मानते हैं। ऐसे में अमेरिका की अपनी समस्याएं हैं। लेकिन हम इस तरह की भड़काने वाली घटनाओं का सख्त विरोध करते हैं।

**क्या पहले भी हुई ऐसी घटनाएं** – यह पहली बार नहीं है जब काला सागर क्षेत्र में कोई रूसी विमान किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट के इतना करीब से उड़ा हो। 2020 में ही रूस के एक फाइटर जेट ने काला सागर के ऊपर अमेरिका के बी-52 बॉम्बर का रास्ता रोकने की कोशिश की थी। यह दोनों एयरक्राफ्ट तब सामने से 100 फीट (30 मीटर) तक करीब आ गए थे, जिससे दोनों ही असंतुलित हुए थे। इतना ही नहीं 2021 में काला सागर क्षेत्र में ही अमेरिकी युद्धपोतों के सैन्य अभ्यास के दौरान कुछ रूसी लड़ाकू विमान अमेरिकी डेस्ट्रॉयर यूएसएस डोनाल्ड कुक के ऊपर से उड़ान भरते देखे गए थे। गौरतलब है कि 2014 में रूस की तरफ से क्रीमिया पर कब्जा किए जाने के बाद से ही अमेरिका के यह युद्धपोत लगातार काला सागर में तैनात किए जाने लगे थे। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच इन्हें क्षेत्र से वापस बुला लिया गया। ऐसा नहीं है कि अमेरिका-रूस के एयरक्राफ्ट्स के बीच यह टकराव काला सागर तक ही सीमित रहा है। इससे पहले प्रशांत महासागर में भी दोनों के विमान आमने-सामने आ चुके हैं।

# जो बाइडन ने गन कल्चर रोकने से संबंधित नए कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर, बंदूक के दुरुपयोग पर लगेगा अंकुश




**वाशिंगटन।**

अमेरिका में बढ़ रही गन कल्चर को रोकने के लिए बाइडन प्रशासन ने कमर कस ली है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार (स्थानीय समय) को बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने संबंधी एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली पृष्ठभूमि की जांच की संख्या बढ़ाने के प्रयास को मजबूती मिलेगी। बाइडन ने पत्रकारों को बंदूक हिंसा पर जानकारी देते हुए कहा, आज मैं एक और कार्यकारी आदेश की घोषणा कर रहा हूं। वे और अधिक जिंदगियों को और तेजी से बचाने के लिए इस काम को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यकारी आदेश आग्नेयास्त्रों को खतरनाक हाथों में जाने से दूर रखने में मदद करेगा। बाइडन ने कहा कि जैसा कि मैंने सभी आग्नेयास्त्रों की बिक्री के लिए पृष्ठभूमि की जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए कांग्रेस को बुलाना जारी रखा और इस बीच मैंने इस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। मेरा कार्यकारी आदेश मेरे अटॉर्नी जनरल को निर्देश देता है कि हम नए कानून के बिना सार्वभौमिक पृष्ठभूमि की जांच के जितना करीब हो सके, उतना आगे ले जाने के लिए हर संभव कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बंदूक खरीदने से पहले यह जांचना सामान्य बात है कि क्या वह कोई गुंडागर्दी या घरेलू दुर्व्यवहार करने वाला है। बाइडन ने यह भी कहा कि पिछले साल, उन्होंने 30 वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा कानून बाईपार्टिसन सेफर कम्युनिटीज एक्ट पर हस्ताक्षर किए थे। यह मेरे पूर्ववर्तियों की तुलना में मेरे कार्यकाल में बंदूक हिंसा को कम करने के लिए अधिक कार्यकारी कार्रवाइयों को लेकर उठाया गया एक ठोस कदम था। व्हाइट हाउस के बयान के अनुसार, यह कार्यकारी आदेश रेड फ्लैग कानूनों के प्रभावी उपयोग को बढ़ाकर बंदूक उद्योग को जवाबदेह ठहराने के प्रयासों को मजबूत करने और समुदायों को डराने वाले निशानेबाजों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कानून प्रवर्तन प्रयासों में तेजी लाएगा। राष्ट्रपति बाइडन संघीय व्यापार आयोग को एक सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं जिसमें विश्लेषण किया गया है कि कैसे बंदूक निर्माता नाबालिगों को आग्नेयास्त्रों को बेच रहे हैं।


# ब्रिटिश प्रिंस ने इंडियन योगी से कराई थेरेपी: एंड्र्यू ने 32 लाख का बिल किंग चार्ल्स को भेजा, उन्होंने कहा- इसे खुद भरो



**लंदन।**

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने प्रिंस एंड्र्यू के इलाज के लिए फीस भरने से मना कर दिया है। एंड्र्यू कई सालों से एक भारतीय योगी से इलाज करवा रहे हैं। इसके लिए उन्हें सालभर में 32 लाख की फीस भरनी होती है। अब तक ये पैसे क्वीन एलिजाबेथ अपनी कमाई से देती थीं, लेकिन किंग चार्ल्स ने ऐसा करने से मना कर दिया। उन्होंने एंड्र्यू को खुद ये पैसे चुकाने को कहा है। भारतीय योगी कई सालों से एंड्र्यू को मंत्रों, मसाज और मेडिटेशन के जरिए थैरेपी देते हैं। इसके लिए वो अब तक एंड्र्यू के रॉयल लॉज वाले घर में करीब 1 महीने तक रहते हैं। पिछले साल सितंबर में अपनी मौत से पहले तक एलिजाबेथ बिल चुकाती रहती थीं। ये पैसे ब्रिटेन के मोनार्क की स्टेट डची ऑफ लैनकेस्टर से होने वाली कमाई से दिए जाते थे। लेकिन ब्रिटेन में बढ़ती महंगाई को देखते हुए किंग चार्ल्स ने ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। उनके मुताबिक इससे देश की जनता तक राजघराने को लेकर गलत मैसेज जाएगा। एंड्र्यू की 249 लाख सैलरी भी रुक सकती है इसके अलावा चार्ल्स जल्दी ही एंड्र्यू की 249 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर भी रोक लगा सकते हैं। ये पैसे भी उन्हें डची ऑफ लैनकेस्टर से दिए जाते हैं। कुछ दिन पहले ही उन्हें अपने घर रॉयल लॉज को खाली करने को कहा गया था। अब वे प्रिंस हैरी के घर फ्रॉगमोर कॉटेज में रहेंगे। इस घर में अब तक प्रिंस हैरी-मेगन मार्केल रहते थे। घर खाली करवाने का ये कदम प्रिंस हैरी की किताब स्पेयर के रिलीज होने के बाद उठाया गया है। प्रिंस एंड्रयू पर पूर्व मॉडल वर्जिनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि जब वो 17 साल की थीं, तब जेफ्री एप्सटीन (इस मामले के मुख्य आरोपी) उन्हें एंड्रयू के पास ले गए थे और प्रिंस ने उनके साथ संबंध बनाए थे।

# आर्थिक संकट के बीच जनता को झेलना पड़ सकता है और अधिक बोझ, आईएमएफ की शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहा पाक



**इस्लामाबाद ।**

आर्थिक संकट से पाकिस्तानी जनता को अभी और मार झेलनी पड़ सकती है। मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर और अधिक बोझ पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रुके हुए कर्ज को बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। देश वाशिंगटन स्थित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की धनराशि का इंतजार कर रहा है। फंड 2019 में आईएमएफ द्वारा स्वीकृत 6.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट पैकेज का हिस्सा हैं। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान को बाहरी ऋण दायित्वों की चूक से बचने के लिए यह धनराशि मिलनी जरूरी है। धनराशि की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उनकी आर्थिक टीम और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के एक साल के प्रदर्शन, आर्थिक स्थिति और चुनावों सहित कई राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से बात की। शरीफ ने कहा कि जब वह सत्ता में आए तो उन्हें और उनके सहयोगियों को पता था कि स्थिति बहुत खराब है और पाकिस्तान डिफॉल्ट के कगार पर है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि इमरान खान आईएमएफ के साथ किए गए वादों से पूरी तरह से मुकर गए है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्थितियों के परिणामस्वरूप जनता पर बोझ पड़ा और उनपर और बोझ पड़ेगा। मैं इसे पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा, आईएमएफ की सबसे कठिन शर्तों को पूरा किया गया है और हम कुछ दिनों के भीतर कर्मचारी स्तर के समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। आम आदमी की पीड़ा को समझते हुए सरकार ने बेनजीर आय सहायता कार्यक्रम के जरिए राहत देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, यूक्रेन युद्ध के कारण हुई आयातित मुद्रास्फीति ने भी उर्वरक और तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में देश को प्रभावित किया। इसके अलावा, बाढ़ ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के शर्मनाक झूठ ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा शासन परिवर्तन के बारे में अनिश्चितता पैदा की। चीन जैसे मित्र देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं, भले ही इमरान खान ने उनके भाईचारे के संबंधों को चोट पहुंचाई हो। संयुक्त राज्य अमेरिका के यूनाइटेड स्टेट्स बैंक ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि अगर उसने जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से धन सुरक्षित नहीं किया तो उसे ऋण अदायगी को रोकना होगा। बैंक ने यह भी कहा कि चीन, जिसे पाकिस्तान का करीबी सहयोगी कहा जाता है, देश के साथ घनिष्ठ संबंधों के कारण देश को बचा सकता है। बैंक की विशेषज्ञों की टीम, जिसमें इसके अर्थशास्त्री कैथलीन ओह भी शामिल हैं, ने लिखा चीन के पास निकट अवधि में राहत की कुंजी है क्योंकि यह सबसे बड़ा लेनदार है।

## इमरान को गिरफ्तार किए बगैर लौटने लगी पुलिस : कहा–

# लाहौर में 19 मार्च तक क्रिकेट मैच, हम नहीं चाहते की इनमें दिक्कत हो



**लाहौर/इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने की हर कोशिश नाकाम होती नजर आ रही है। पुलिस और रेंजर्स की टीम 22 घंटे बाद खान के लाहौर वाले बंगले (जमान पार्क) से लौटने लगी है। फुटेज में इमरान के समर्थक खुशियां मनाते देखे जा सकते हैं। पुलिस ने लौटने के लिए क्रिकेट मैचों का बहाना बनाया है। इसी बीच इमरान ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा- पुलिस गोलियां चला रही है। गिरफ्तारी सिर्फ बहाना है, असली मकसद तो मेरी हत्या करना है। तोशाखाना केस में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार शाम पहुंची थी। यहां इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पत्थर और लाठियों से हमला कर दिया। कई घंटे बाद पुलिस बैकफुट पर नजर आई। रेंजर्स भी हालात काबू में नहीं कर सके। पुलिस पर पेट्रोल बम भी फेंके गए। पुलिस ने आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। हेलिकॉप्टर और ड्रोन भी तैनात किए गए। इमरान को सरकारी खजाने (तोशाखाना) के बेशकीमती गिफ्ट्स कौड़ियों के दाम खरीदकर उन्हें अरबों रुपए में बेचने का आरोप है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें 29 मार्च तक गिरफ्तार करने का ऑर्डर जारी किया था। इमरान का कहना है कि उन्होंने 18 मार्च तक प्रोटेक्टिव बेल ले रखी है, लेकिन पुलिस अभी ही उन्हें अरेस्ट करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, 18 मार्च तक खान जिस प्रोटेक्टिव बेल का दावा कर रहे हैं, वो महिला जज को धमकी देने के मामले में हैं। लाहौर पुलिस के एक अफसर ने कहा- हमने इमरान खान की गिरफ्तारी टालने का फैसला किया है। इसकी वजह यह है कि लाहौर में 15 से 19 मार्च तक पाकिस्तान सुपर लीग के सीजन आठ के मैच लाहौर के कज्जाफी स्टेडियम में खेले जाने हैं। शहर में अफरातफरी और हिंसा का माहौल बना रहा तो पाकिस्तानी और फॉरेन प्लेयर्स को दिक्कत हो सकती है। लिहाजा, फिलहाल हम फोर्स को वापस बुला रहे हैं।

**इमरान के 12 घंटे में 3 वीडियो मैसेज सामने आए** – मंगलवार देर रात 12:15 बजे : इमरान खान ने बीबीसी के साथ बातचीत में कहा- पुलिस एकदम से आ गई। हमने न्यूज में देखा की वो मुझे गिरफ्तार करने आए हैं। मैं रात जेल में बिताने के लिए पूरी तरह से तैयार था। नहीं जानता था कि कितनी रातें मुझे जेल में रखा जाएगा पर मैं तैयार था। इमरान ने समर्थकों के नाम सोशल मीडिया पर अपील जारी की। उन्होंने कहा- मेरी गिरफ्तारी लंदन प्लान का हिस्सा है। उनका मकसद मुझे जेल में डालना और गिराना है। उन्हें नवाज शरीफ के सारे केस खत्म करने हैं। मुझे जेल में डालने का कानून से कोई ताल्लुक नहीं है। मैंने कोई जुर्म नहीं किया है। बुधवार खान ने कहा- ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। किसी भी पॉलिटिकल लीडर के घर पर हमला नहीं हुआ। मैंने बस सिक्योरिटी मांगी थी। सत्ता गंवाने के बाद से हमारे लोगों को पुलिस कस्टडी में टॉर्चर किया गया है। मैसेज में उन्होंने तोशाखाना मामले को फर्जी बताया। वीडियो मैसेज के दौरान उनकी टेबल पर बॉम्ब-बुलेट शैल दिखाई दिए।

**3 दिन से गिरफ्तारी की कोशिशें जारी** – सोमवार: जब पुलिस खान को गिरफ्तार करने पहुंची तो पीटीआई ने इलेक्शन कैम्पेन शुरू करने का ऐलान कर दिया। चंद मिनट बाद एक रैली भी प्लान कर ली गई। इमरान काले रंग की बुलेट प्रूफ गाड़ी में घर से निकले और इसी मैं बैठकर रैली को संबोधित किया। पुलिस और रेंजर्स कमांडो की एक टीम खान की हर हरकत पर नजर रख रही थी। हालात बिगड़े तो पुलिस ने जमान पार्क के इलाके में इंटरनेट बंद करा दिया। एडिशनल फोर्स जमान पार्क में बुलाई गई। हेलिकॉप्टर के साथ-साथ ड्रोन से भी निगरानी।

**गिरफ्तारी में एक पेंच- पुलिस इक्स पुलिस** – खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 10 साल इमरान खान की पार्टी की सरकार रही है। अब यहां केयरटेकर सरकार है। इसके बावजूद इमरान की सुरक्षा में राज्य की पुलिस तैनात है। वो इस्लामाबाद पुलिस को रोक रही थी और इस वजह से गिरफ्तारी में देरी हुई। यानी पुलिस और पुलिस का पेंच फंस गया है।

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज बोले- अदालत का आदेश तो मानें इमरान** – शाहबाज शरीफ ने कहा- हमने खान पर कोई केस दर्ज नहीं किया। अब अगर अदालत के आदेश का पालन भी नहीं करेंगे तो क्या होगा। इमरान कहते हैं ।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के लिए अतिरिक्त बजट दे केंद्र सरकार : शिक्षा मंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के लिए अतिक्ति बजट की जरूरत है। इससे स्कूलों में संसाधनों का विकास होगा। नई नीति जारी हुए दो साल हो गए, लेकिन केंद्र सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई अतिरिक्त बजट जारी नहीं किया है। शिक्षा मंत्री कल्ला बुधवार को यहां झालाना स्थित शिवचरण माथुर सोशल पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट (एससीएमएसपीआरआई) की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के राजस्थान में क्रियान्वयन को लेकर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा को निजी शिक्षण संस्थाओं के पैटर्न पर लाने का प्रयास किया है, किंतु ये हकीकत है कि अभी तक दो सालों तक कोई बजट नहीं आया। पढ़ाने वालों की ट्रेनिंग कैसे होगी ? प्री-प्राइमरी में स्कूलों में आधारभूत ढांचा कैसा होगा ? इसके बारे में कुछ नहीं कहा गया। उन्होंने कहा कि आजकल कॉन्सेप्ट यह आ गया है कि शिक्षा को जॉयफुल बनाएं। पढ़ने में आनंद की अनुभूति हो। खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाएं। यह पक्ष तो अच्छा है, लेकिन इसके लिए तैयारी पूरी नहीं है। जैसे शिक्षकों को ट्रेनिंग नहीं है। वैसा ही आधारभूत ढांचा तैयार होना चाहिए। डॉ. कल्ला ने कहा कि राजस्थान में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर पूरी तैयारी है। चीफ सैकेट्री की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई हुई है। जिला स्तर पर भी कलक्टर की अध्यक्षता में कमेटियां बनी हुई है। अलग-अलग कोर ग्रुप के हिसाब से छह कमेटियां बनाई हुई है। राजस्थान में 1133 स्कूलों में बाल वाटिका बनाकर प्री प्राइमरी शिक्षा शुरू कर दी। महात्मा गांधी स्कूलों को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रोत्साहन देना चाहते हैं। स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की जरूरत है। तभी ज्यादा से ज्यादा बच्चों को रोजगार मिलेगा। नई शिक्षा नीति में वैज्ञानिक शोध की बात कही गई है। वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ाना जरूरी है। इंस्पायर अवॉर्ड में राजस्थान पिछले तीन वर्षों में पूरे देश में नंबर वन आ रहा है। फिट इंडिया में नंबर वन हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चे को पढ़ने में आनंद की अनुभूति होनी चाहिए। आजकल बच्चा रटकर पास हो रहा है। वनवीक सीरीज, वनमंथसीरीज जैसी चीजें पढ़कर पास हो रहा है। यह सब बंद होनी चाहिए। बच्चों का मासिक रिव्यू होना चाहिए। साथ ही, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाएं नियमित होनी चाहिएं। बच्चों की आदतें बदल रही है। बच्चों को किताबी ज्ञान ही नहीं देना, उसे व्यवहारिक ज्ञान देना है। साथ-साथ संस्कार भी देना है। साथ ही, अच्छे नागरिक बनाना होगा। यह तब ही होगा, जब हम अपने शिक्षकों को आदर्श शिक्षक बनाए, तभी यह संभव होगा। व्यसनमुक्त समाज की सरंचना तब ही साकार होगी, जब शिक्षक व्यसनमुक्त होगा। संस्कारवान शिक्षक तैयार करने होंगे। डॉ. कल्ला ने कहा कि आजकल डिजिटल कंटेट पर जोर है। नई शिक्षा नीति में राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र की स्थापना की बात कही गई है। यह अच्छी बात है। शिक्षकों के लिए मानक बनाई जानी चाहिए। डिजिटल पुस्तकालय होना चाहिए। केंद्र सरकार योजना बनाती है, लेकिन उसे क्रियान्वित करना मुश्किल है। इसके लिए संसाधनों की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति के तहत अभी किसी भी राज्य को बजट नहीं मिला है। यह मिलना चाहिए। शिवचरण माथुर सोशल पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक व सेमिनार के समन्वयक डॉ. मनीष तिवारी ने बताया कि सेमिनार को पूर्व आईएएस व शिक्षाविद् प्रदीप बोरड़, राजस्थान सरकार के समसा कमिश्नर एम.एल. यादव और यूनिसेफ राजस्थान की चीफ इशाबेल बार्डेम ने भी संबोधित किया।

## उपभोक्ताओं को मिल रहा बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ

**हिसार ( हिंस )।** बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना की तिथि को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बुधवार को बताया कि जो बिजली उपभोक्ता अपने बकाया बिलों का भुगतान करना चाहते हैं वे उपभोक्ता बिलों का भुगतान करके इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ सभी कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू, कृषि क्षेत्र एवं सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत आदि के उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था तथा अब तक भी बिल का भुगतान नहीं किया गया है।

## पीएस टीईटी पेपर लीक मामले में बड़ा एक्शन, दो प्रोफेसर सस्पेंड

**चंडीगढ़।** पेपर लीक मामले में मान सरकार की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि गत दिवस हुई पीएसटीईटी परीक्षा में गडबड़ी मामले में जीएनडीयू के 2 प्रोफैसरों को सस्पेंड कर दिया गया है, जिनमें कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. हरदीप सिंह व इलैक्ट्रानिक टैक्नोलोजी विभाग के प्रो. डॉ. रविंद्र सिंह शामिल हैं। विभाग ने कड़ा एक्शन लेते हुए इन दोनों प्रोफेसरों को सस्पेंड कर दिया है। सीएम मान ने आज टेट पेपर में गड़बड़ी करने के मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए 24 घंटों में दो आफिसरों को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही मुलजिमों को तुरंत गिरफ्तार करने के भी आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को कहा कि इस जुर्म के मुलजिमों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए, जिससे और कोई ऐसा करने की सोचे भी ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रश्न पत्र के साथ छेड़छाड़ करना नौजवानों के कॅरियर के साथ खिलवाड़ है, जिसको किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने पुलिस को कहा कि मुलजिमों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि बीते दिन हुई पीएसटीईटी परीक्षा मामले में शिक्षा विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई थी, जिसके बाद काफी हो हल्ला मच गया था। दरअसल परीक्षा पत्र में सभी प्रश्नों के उत्तरों को बोल्ड कर दिया गया हुआ था, जोकि एक बड़ी लापरवाही बनकर उभरी। जिसके बाद शिक्षा मंत्री ने टवीट करते कहा है कि यह परीक्षा फिर से ली जाएगी और बिना फीस लिए पुन: परीक्षा होगी। वहीं सरकार ने इसे एक बड़ी लापरवाही बताया और पुलिस को तुरंत दोषियों को गिरफ्तार करने को कहा था।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं, रक्तदाता ही बनता जीवनदाता : कैप्टन भूपेंद्र

**हिसार ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र ने रक्तदान को महादान बताया है। उन्होंने कहा कि रक्त का अभी तक कोई विकल्प नहीं बना है और इसकी कमी एक आदमी के रक्तदान से ही पूरी हो सकती है। इसी कारण रक्तदान को महादान कहा गया है। कैप्टन भूपेंद्र बुधवार को आर्य समाज मंदिर मॉडल टाउन में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। यह शिविर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में टीम डॉ. वैभव बिदानी व एनएसओ की ओर से आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा वर्ग में रक्तदान के प्रति भारी जज्बा व उत्साह है। रक्तदान के प्रति युवा वर्ग व आम जनता में पहले के मुकाबले काफी जागरूकता आई है। वास्तव में कोई भी रक्तदान करने वाला रक्तदाता नहीं बल्कि जीवनदाता माना जाता है। युवाओं को चाहिए कि वे खुद भी रक्तदान करें, दूसरों को भी प्रेरित करें और इसके प्रति फैली किसी तरह की भ्रांतियों को दूर करने में भी अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि शिविर में गृह मंत्री अनिल विज के 70वें जन्मदिन पर आर्य समाज मंदिर में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी व उनके परिजनों ने हवन यज्ञ करके उनकी लंबी आयु की कामना की। तत्पश्चात आयोजित रक्तदान शिविर में 70 युनिट रक्तदान किया गया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम व डॉ. रिचा नैन के नेतृत्व में ब्लड संग्रहित किया। शिविर में एनएसओ के महासचिव बलराज खुंडिया व पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर में डॉ. वैभव बिदानी ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए आभार जताया और कहा कि वे इस तरह के जनहित के कार्यों के लिए भविष्य में भी जुड़े रहें।

## हरियाणा सरकार ने ई-टेंडरिंग की सीमा दो से बढ़ाकर की पांच लाख



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रदेश में ई-टेंडरिंग को लेकर चल रहे गतिरोध को खत्म करने का प्रयास करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसकी सीमा को दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख कर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह ऐलान ऐसे मौके पर किया, जब प्रदेश के सरपंचों के एक गुट ने 17 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान कर रखा है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच अब पांच लाख रुपए तक के विकास कार्य कोटेशन के आधार पर करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने सरपंचों का मानदेय भी तीन से बढ़ाकर पांच हजार तथा पंचों का भी एक हजार से बढ़ाकर 1600 रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने इसको सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर महंगाई भत्ते के साथ जोड़ने की बात कही। भविष्य में सरपंच ग्राम सचिव की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में अपनी टिप्पणी दर्ज कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि इस वित्त वर्ष के आखिरी तिमाही के लिए आवंटित किए गए 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव 31 मार्च 2023 से पहले अपलोड कर दें। इनमें ग्राम पंचायतों को 800 करोड़, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने बताया कि अब तक 6217 पंचायतों में से 5048 पंचायतों ने विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 2 लाख से कम राशि के 9418 कार्यों के प्रस्ताव मिल चुके हैं, जबकि 2 लाख से अधिक राशि के 1044 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत अपलोड किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की सोशल-ऑडिट के लिए ग्राम स्तर पर मौजिज लोगों की एक कमेटी बनाई जाएगी जो गांव में होने वाले विकास कार्यों पर नजर रखेगी। विकास एवं पंचायत विभाग के लिए अलग से इंजीनियरिंग विंग भी गठित की जाएगी। विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए 6 माह में सोशल ऑडिट सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा *गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण* की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य हरियाणा शेड्यूल रेट तथा डीसी रेट के अनुसार किए जाते हैं, अगर कोई सरपंच डीसी रेट से कम रेट में कार्य करवाना चाहता है तो उसकी सूचना खंड एवं विकास अधिकारी कार्यालय के बाहर चस्पा करनी होगी।

## राजस्थान : सेकेंडरी स्तर की परीक्षा आज से

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी स्तर की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होंगी। बोर्ड ने परीक्षा आयोजन के लिए प्रदेशभर में 6 हजार 81 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 तक होगी। दसवीं कक्षा का पहला पेपर अंग्रेजी विषय का होगा। सेकेंडरी स्तर की परीक्षा शुरू होने के साथ ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रहेगी। इस बार सेकेंडरी परीक्षा के लिए 10 लाख 66 हजार 628 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसी प्रकार सेकेंडरी समकक्ष संस्कृत परीक्षा प्रवेशिका के लिए 7 हजार 127 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया था। बोर्ड की सेकेंडरी स्तर की परीक्षा गुरुवार 16 मार्च से आरंभ होकर 11 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा आयोजन को लेकर बोर्ड ने व्यापक स्तर पर इंतजाम किए हैं। प्रदेश के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी का भी इंतजाम किया गया है। इसके अलावा राज्य भर में जिला शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में उड़न दस्ते भी बनाए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखेंगे। बोर्ड की 12वीं कक्षा और उसके समकक्ष वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 9 मार्च से शुरू हो चुकी है, जो 12 अप्रैल तक होगी। परीक्षा के शुरुआती सप्ताह में ऑल विषयों की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परीक्षार्थियों की संख्या कम है। 20 मार्च से सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं में भी भीड़ रहेगी।

## डॉ. तनुजा तनु को मिला *अवार्ड ऑफ इंडियन वुमेन* 2023



**जालंधर।** महिला दिवस को समर्पित अवार्ड ऑफ इंडियन वुमेन 2023 समारोह का आयोजन लुधियाना में ध्रुव प्रोडक्शन की ओर से करवाया गया। समारोह में पूरे पंजाब के अलावा दिल्ली व हरियाणा की जानी-मानी व महिला सशक्तिकरण की मिसाल 60 महिला शख्सियतों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह की चीफ गैस्ट क्रीमिका ग्रुप की डायरेक्टर पदमश्री श्रीमती रजनी बैक्टर, पनसप की पूर्व निदेशक सिम्मी चोपड़ा व ध्रुव प्रोडक्शन की डायरेक्टर अनीता कालिया ने जालंधर की लेखिका, कवियित्री, समाजसेविका व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. तनुजा तनु को *अवार्ड ऑफ इंडियन वुमेन* 2023 का अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बचपन से पोलियो ग्रसित व 7 बड़ी सर्जरी का सामना करने के बावजूद देश-विदेश में सम्मान हासिल करने वाली डॉ. तनुजा ने अपने जीवन से जुड़े बेहद खास, महत्वपूर्ण व प्रेरणादायक पहलुओं से अवगत करवाया और कहा कि जिंदगी बहुत खूबसूरत व अनमोल है इसलिए संघर्ष व प्रतिकूल परिस्थितियों में कभी हिम्मत न हारें। उन्होंने कहा कि कोई भी मुश्किल हमारे हौंसले और आंतरिक शक्ति बड़ी नहीं हो सकती इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच रखें आगे बढ़ते रहें। रजनी बैक्टर ने सभी अवार्ड विजेता महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने अवार्डी महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि बहुत खुशी हो रही है कि आज महिलाएं सफलता के नए मुकाम पर पहुंच रही हैं। ध्रुव प्रोडक्शन की डायरेक्टर अनीता कालिया ने कहा आज भी समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव व घरेलू हिंसा के मामले कम नहीं हो रहे हैं। पढ़ी-लिखी महिलाएं भी यौन शोषण व प्रताड़ना का शिकार हो रही हैं। इसलिए जागरूक समाज के निर्माण के लिए महिलआओं व पुरुषों को मिलकर काम करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा पंजाब की उपाध्यक्षा श्रीमती राशि हेमराज अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

## गेस्ट हाउस ऑफ तेलंगाना स्टेट नहीं बनाने के लिए प्रदर्शन



**अजमेर ( हिंस )।** कोटड़ा क्षेत्र में फेसिलिटी सेंटर, गेस्ट हाउस ऑफ तेलंगाना स्टेट एवं अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं बनने देने की मांग को लेकर सैंकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट अजमेर और अजमेर विकास प्राधिकरण के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारी शोर मचाया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। अजमेर के विधायक उत्तर क्षेत्र वासुदेव देवनानी एक दिन पूर्व ही बयान जारी कर कहा था कि जिला प्रशासन अजमेर के कोटड़ा क्षेत्र में ही फेसिलिटी सेंटर, गेस्ट हाउस ऑफ तेलंगाना स्टेट बनाने के को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी तेलंगाना सरकार का रास्ता साफ करने पर लगे है। इसे लेकर उन्हें राज्य सरकार के निर्देश भी है। देवनानी ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन को स्पष्ट किया था कि वे गेस्ट हाउस बनने के विरोध में नहीं है पर यह अजमेर की शहरी सीमा से बाहर बनाया जाना चाहिए ना कि रिहायशी इलाके में।

## हाईकोर्ट ने डेरा मुखी की याचिका पर पंजाब सरकार से मांगा जवाब

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। डेरा मुखी ने अपने वकीलों के माध्यम से जालंधर के एक पुलिस थाने में दर्ज मामले को रद्द करवाने के लिए यह याचिका दायर की है। इस मामले में अगली सुनवाई 31 मई को होगी। याचिका में कहा गया है कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने 28 फरवरी 2016 को सत्संग के दौरान संत कबीर व संत रविदास से संबंधित एक साखी सुनाई थी। यह साखी इतिहास की कई विश्वसनीय धार्मिक पुस्तकों में दर्ज है। आज तक किसी ने भी इन धार्मिक पुस्तकों पर कोई आपत्ति नहीं की। शिकायतकर्ता ने जानबूझकर साखी के एक संक्षिप्त हिस्से को आधार बनाकर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को भी गुमराह किया है। साखी में संत कबीर और संत रविदास की महिमा बताई गई है। डेरा मुखी के वकील ने बताया कि 7 मार्च को जालंधर जिले में एक एफआईआर दर्ज की गई है। इतने वर्ष के दौरान शिकायतकर्ता कहा था। उन्होंने कहा कि सत्संग में जो किताबों में लिखा गया है। उसके बारे में ही व्याख्या की गई थी। जिसमें गुरु-शिष्य के अटूट रिश्ते के बारे में बताया गया है। जिसे लोगों ने बहुत सराहा। एक साजिश के तहत आज सात साल बाद यह बताने का प्रयास किया गया है कि सत्संग के दौरान जाति विशेष की भावनाएं भड़काई गई हैं।

Office Order. No. DBR/SOPD/2023/57

**NOTICE INVITING TENDER**

E-tender are hereby invited from Registered Contractors/Firms, for execution of the following work under Divisional Forest Officer, Dibrugarh Division as per time schedule mentioned below and technical bid will be started from 10.00 AM (IST) on 17/03/2023 to 17/04/2023 upto 2.00 PM and will be opened on 17/04/2023 at 4.30 PM. Details of the bid may be seen at e-procurement portal website i.e. www.assamtenders.gov.in.

| Sl. No. | Name of the work | Place of work | Total work value Inclusive of all tax as applicable | Earnest money Deposit | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Entry Gate | Dehing Patkai National Park | 2000000.00 | 2% for GEN, 1% for OBC/ST/SC of the Estimated cost | 3 months from the date of issue of work order |

**NOTE:**
1. Bidding will be conducted through Open Competitive Bidding method and procedures as specified in "The Assam Public Procurement Act, 2017" and "The Assam Public Procurement Rules,2020" as amended from timeto time. These Act and Rules may be viewed and downloaded from the web-link i.e., https://finance.assam.gov.in/portlets/assam-public-procurement-rules-2020.
2. The Bidding Documents may be freely downloaded by interested Bidders from the procurement portal i.e.,https://assamtender.gov.in. w.e.f. 17/03/2023.
3. All Bids must be accompanied by a Bid Security as mentioned in the table above, unless otherwise mentioned inthe Bidding Documents.
4. Bids must be submitted online at the e-Procurement portal (i.e., http://assamtenders.gov.in) on or before the duedate for submission i.e. 17/04/2023 up to **02:00 PM.**
5. The Bidders are also required to submit the hardcopy of the Bid (with original document 27/01/2023 up to 04:00PM. The Late Bids will be liable for rejection summarily
6. The Bid will be opened online on 17/04/2023 at **4:30 PM**
7. The activity schedule for tendering process of the above-mentioned packages shall be as per the schedule shown below.

**Time schedule :-**

| Sl. No. | Schedule | Start Date | Start time | End Date | End Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 17/03/2023 | | | |
| 2 | Tender Download | 17/03/2023 | 12:00 Hrs. | | |
| 3 | Pre-Bid Meeting Date | 21/03/2023 | 12:00 Hrs. | 21/03/2023 | 17.00 Hrs. |
| 4 | Bid Submission Date | 17/03/2023 | 12:30 Hrs. | 17/04/2023 | 14.00 Hrs. |
| 5 | Technical Bid Opening Date (Cover-I) | 17/04/2023 | 16:30 Hrs. | | |
| 6 | Financial Bid Opening Date (Cover-I) | To be announced later | 16:30 Hrs. | | |

8. Pre bid Meeting will be held as per following time & venue.

**Start Time** 12.00 hrs on 21/03/2023 — **Closing Time** 17.00 hrs on 21/03/2023

Venue :- Office of the Divisional Forest Officer, Dibrugarh Division.

9. In the event of date of bid opening being a holiday, the activities will take place on the next working day.

Divisional Forest Officer
Dibrugarh Division
Dibrugarh

*-- Janasanyog /C/22883/22*

***SHORT TENDER NOTICE***

Sealed tenders affixing Non- refundable court fee stamps of Rs.8.25 (Rupees eight and paisa twenty five) are hereby invited from the intending registered contractors for supplying of following items/works and will be received in the office of the undersigned up to 3.00 pm on 31.03.2023 and will be opened on the 03.04.2023 and the same place at 3.30 pm in presence of the willing bidder or their authorized agent who wishes to attend the same. In the event of any untoward incidents if the office remains close on 31.03.2023, then the tender will be received and opened in the next working day in the same time and same place. The undersigned reserves the right of accept or reject any tender without assigning any reason thereof. The bidder Is liable to pay all the taxes as applicable. The rates are to be quoted clearly in Indian rupees only both in figures & words.

| Sl. No. | Name of the Scheme | Loca-tion | Name of the Work/Item | Unit/ No. | Total work value inclusive of all tax as Appli-cable (in lakh) | Earnest money Deposit | Time of comple-tion | Tender pro-cessing fee |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Develop-ment of other Wildlif Area | Divnl. Hd. Qtr | Supply of Iron Cage use in rescue of Leopard<br>a. Size = 1.80 M x 1.00 M, 1.10 M High<br>b. Size = 3.00 M x 1.00 M,1.10 Height<br>C. Supply of GPS (Garmin) @ 10000/- | 1 No.<br>2 Nos.<br>3 Nos. | **.63806**<br>**1.3800 each**<br>**.30** | 2% for GEN, 1% for OBC/ ST/SC of the estimated cost | 2 months from the date of issue work order | 500/- |

The tenders will be accepted within 15 days from the date of publication of Sale Tender Notice in news paper in the office of the undersigned and it will be opened on 03.04.2023 at 10.00 AM by Tender Evaluation Committee in presence of the interested tenderers or their authorized representative.

The Tender form alongwith the detailed estimate particulars may be obtained from the office of the undersigned on all working days up to 5.00 PM on payment of Rupees 500.00 (Rupees Five hundred) only in favour of **"Divisional Forest Officer, DoomDooma Forest Division, DoomDooma"** for each tender paper.

The undersigned and Tenders Evaluation Committee reserves the right to accept or cancel any tender without assigning reasons thereof.

Terms & Conditions
1. The tenders will have to submit their bill to this office within a week time after delivery of the materials.
2. The payment will be made on receipt of materials by the undersigned and subject to availability of fund
3. The materials to be supplied must be of good quality& as per specification.
4. The successful tender will have to supply the materials directly to the office of the undersigned alongwith the bills.
5. The undersigned reserve the right to reject the materials if found below standard ad quality even after getting order from the office of the undersigned.
6. The undersigned reserve right to accept reject any quotation without any claim etc.
7. The Rate quoted should be inclusive of GST & other Govt. dues.

Divisional Forest Officer,
DoomDooma Division,
DoomDooma

*-- Janasanyog /C/22914/22*



# होंडा की सबसे सस्ती बाइक लॉन्च: 100सीसी इंजन वाली बाइक की कीमत 65 हजार; बुकिंग डिलिवरी मई में शुरू होगी

**नई दिल्ली।**

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी सबसे सस्ती बाइक शाइन 100ष्लॉन्च कर दी है। ये बाइक देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली हीरो स्प्लेंडर, एचएफ डिलक्स और बजाज प्लेटिना को कॉम्पिटिशन देगी। बाइक कंपनी की पॉपुलर होंडा शाइन 125सीसी का छोटा वर्जन है। इसकी शुरुआती कीमत 64,900 रुपए (एक्स-शोरूम, मुंबई) रखी है। ऑल न्यू होंडा शाइन की बुकिंग शुरू हो गई है। बाइक की डिलीवरी मई-2023 में शुरू होगी। ये पांच कलर स्कीम में उपलब्ध होगी।

**बेहतर माइलेज देने का कंपनी का दावा** - शाइन 100 में बिल्कुल नया एयर-कूल्ड, 99.7सीसी , सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है। कंपनी का दावा है कि नया फ्यूल-इंजेक्टेड 100सीसी इंजन बेहतर माइलेज देने में सक्षम है। रिपेयरिंग के काम को आसान बनाने के लिए इसमें इंजन के बाहर एक फ्यूल पंप दिया है। इसमें एक सोलनॉइड स्टार्टर भी दिया है जो किसी भी तापमान में बाइक स्टार्ट करने में मदद करता है। नई शाइन फ्यूल पर भी चल सकेगी। वहीं इसमें हैलोजन हेडलाइट, साइड-स्टैंड इनहिबिटर, कंबाइन्ड ब्रेकिंग सिस्टम दिया गया है। यह 5 कलर ऑप्शन- ब्लैक बेस के साथ रेड, ब्लू, ग्रीन, गोल्ड और ग्रे स्ट्राइप्स में उपलब्ध है। इसका 1245 मिमी का व्हीलबेस है। सीट की ऊंचाई 786 मिमी और 168 मिमी ग्राउंड क्लियरेंस है।

**हीरो की बाइक्स से होगी होंडा शाइन की टक्कर** - होंडा शाइन 100 की टक्कर हीरो मोटोकॉर्प की बाइक्स से होगी। इस सेगमेंट में हीरो के चार प्रोडक्ट हैं। एचएफ 100, एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर+ और स्प्लेंडर+ एक्सटीईसी। इनकी कीमत 54,962 रुपए और 75,840 रुपए के बीच है। बजाज की इस सेगमेंट में केवल प्लेटिना 100 है, जिसकी कीमत 67,475 रुपए है। **होंडा की ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 3.5प्रतिशत हिस्सेदारी** - बेसिक 100 सीसी बाइक सेगमेंट का देश में कुल बाइक बिक्री का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। ऐसे में नई शाइन 100 भारत में जापानी कंपनी के लिए एक बेहतरीन प्रोडक्ट साबित हो सकता है। वर्तमान में, होंडा की ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 3.5प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी का नए शाइन 100 के साथ, इसे बढ़ाने का लक्ष्य होगा। नए शाइन 100 का अगले महीने से प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा और डिलीवरी मई 2023 में शुरू होने वाली है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलिकॉन वैली बैंक के नए सीईओ ने की जमाकर्ताओं से फिर लौटने की अपील, बोले- बैंक बचाने का यही रास्ता

नई दिल्ली । सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के नए सीईओ टिम मायोपोलोस ने जमाकर्ताओं से बैंक को



बचाए रखने के लिए अपने पैसे के साथ लौटने का आग्रह किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चुनिंदा निवेशकों और लिमिटेड पार्टनर्स (एलपी) के साथ जूम मीटिंग में उन्होंने उनसे नए डिपॉजिट करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि मौजूदा और नई दोनों डिपॉजिट फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) की ओर से बीमित होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जमा के लिए इस बैंक से सुरक्षित और कोई जगह नहीं है। नवगठित एसवीबी ब्रिज बैंक खाते की 250,000 डॉलर की विशिष्ट कानूनी सीमा के अधीन भी नहीं है। उन्होंने ग्राहकों से संस्था में अपनी जमा राशि दोबारा वापस लाने को कहा है। मायोपोलोस ने जूम कॉल पर कहा, यह एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण बात है जो आप यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकते हैं कि सिलिकॉन वैली बैंक जीवित रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसवीबी ब्रिज बैंक के लिए उपलब्ध विकल्पों में से एक यह है कि यह किसी अन्य वित्तीय संस्थान या अन्य निवेशकों के साथ मिलकर काम करेगा या फिर दूसरा विकल्प ये है कि इसे बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हालांकि हम विंड-डाउन मोड में नहीं हैं। बैंक के भविष्य पर अभी चर्चा चल रही है। लेकिन उन्होंने ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि वे कम से कम आपका कुछ पैसा संस्थान में वापस लेकर आएं। इससे पहले ग्राहकों को भेजे गए ईमेल में मायोपोलोस ने कहा था कि बैंक सामान्य रूप से कारोबार कर रहा है।

### चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 14 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी, वित्तीय गड़बड़ी का है मामला




नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल में दर्ज एक मामले के सिलिसिले में चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) के नागपुर कार्यालय समेत पूरे भारत में 14 स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि यह छापेमारी सीएनआई के जबलपुर डायोसिस के बिशप पीसी सिंह के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। एक अधिकारी ने बताया कि शहर के सदर इलाके में स्थित प्रोटेस्टेंट संप्रदाय के सीएनआई के कार्यालय की तलाशी ली जा रही है। सितंबर 2022 में सिंह को उनके खिलाफ एक अपराध दर्ज होने के बाद पूछताछ के लिए महाराष्ट्र के नागपुर हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस ने उस समय जबलपुर में बिशप के निवास से लगभग 1.6 करोड़ रुपये की भारतीय और विदेशी मुद्राएं बरामद की थीं। सिंह उस समय जर्मनी में थे। बिशप सिंह के खिलाफ मामला जुलाई 2022 में दर्ज किया गया था, इसमें आरोप लगाया गया था कि वह एक शैक्षिक सोसायटी चलाने में वित्तीय कदाचार में लिप्त थे, जिसके वह अध्यक्ष थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि एक जांच से पता चला है कि 2004-05 और 2011-12 के बीच सोसाइटी के विभिन्न संस्थानों की ओर से छात्रों की फीस के रूप में एकत्र किए गए 2.7 करोड़ रुपये कथित तौर पर धार्मिक संस्थानों में स्थानांतरित किए गए थे।

### प्री-इंस्टॉल ऐप हटाने की रिपोर्ट को सरकार ने बताया गलतः राजीव चंद्रशेखर बोले- स्टोरी समझ की कमी पर बेस्ड, सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए कमिटेड

नई दिल्ली। स्मार्टफोन कंपनियों के प्री इंस्टॉल ऐप को हटाने के ऑप्शन देने से जुड़ी रिपोर्ट का



इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने खंडन किया है। उन्होंने कहा यह स्टोरी पूरी तरह से गलत है। मोबाइल बनाने वाली कंपनियों को प्री-इन्स्टॉल ऐप को अन-इन्स्टॉल करने का ऑप्शन देना होगा। इसके साथ ही ऑपरेटिंग सिस्टम में बड़े अपडेट की स्क्रीनिंग की जाएगी। चंद्रशेखर ने कहा, स्टोरी समझ की कमी पर आधारित है। यह शायद एक रचनात्मक कल्पना है जो स्टैंडर्ड (पार्ट -3) 2021 की मोबाइल सिक्योरिटी गाइडलाइन्स पर मिनिस्ट्री और इंडस्ट्री के बीच चल रही कंसलटेशन प्रोसेस पर आधारित है। सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए 100प्रतिशत कमिटेड है और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने पर फोकस कर रही है।

## मेटा से निकाले जाएंगे 10 हजार कर्मचारी

# सीईओ जुकरबर्ग ने रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया वजह, नवंबर में 11 हजार लोगों को हटाया था

**मुंबई।**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप्प की पैरेंट कंपनी मेटा ने 10 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को निकालने का ऐलान किया है। कंपनी ने दूसरे राउंड के तहत ये छटनी करेगी, मेटा ने इससे पहले राउंड में 11 हजार कर्मचारियों को निकाला था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13प्रतिशत था। कंपनी के 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी हुई थी। कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने किया था। उन्होंने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया था।




### 5 हजार पोस्ट खाली रखी जाएगी

जुकरबर्ग ने कहा है कि ये फैसला काफी मुश्किल, लेकिन जरुरी है। 10,000 नौकरियां बंद करने के बाद कंपनी में 5 हजार पोस्ट खाली रखेगी। जुकरबर्ग ने स्टाफ को दिए मैसेज में लिखा कि कंपनी को 2022 में उस वक्त झटका लगा जब उसे पता चला कि उसका रेवेन्यू काफी गिर गया है। जुकरबर्ग ने कहा, कंपनी की कमाई में गिरावट के लिए अमेरिका में बढ़ी ब्याज दरें, दुनिया में अस्थिरता और रेग्युलेटरी लॉ में बढ़ोतरी जिम्मेदार हैं। जुकरबर्ग ने मैसेज में कहा, मेरे ख्याल से हमें नई आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि ये दौर थोड़ा लंबा खिचने वाला है।

### बुधवार को पता चलेगा किसकी नौकरी गई किसकी बची

जुकरबर्ग ने कहा, वो सबसे पहले कंपनी की रेक्रूटमेंट टीम को बताएंगे कि किसकी नौकरी गई है और किसकी बची है। जुकरबर्ग ने कहा है कि ये बात बुधवार तक साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि अप्रैल में टेक्निकल ग्रुप्स में री-स्ट्रक्चरिंग और छंटनी शुरू हो जाएगी और मई में बिजनेस ग्रुप्स को प्रभावित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### इंटरनेशनल टीमों को लोकल लीडर देंगे जानकारी

जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को दिए मैसेज में लिखा, कुछ मामलों में हम सारी प्रक्रिया साल के अंत तक ही पूरी कर लेंगे। इंटरनेशनल टीमों के लिए टाइमलाइन कुछ अलग होगी। इसके बारे में लोकल लीडर जानकारी शेयर करेगा।

### कंपनी इस स्थिति में कैसे पहुंची

मार्क ने कहा था, कोविड की शुरुआत में, दुनिया तेजी से ऑनलाइन हो गई और ई-कॉमर्स के बढ़ने से रेवेन्यू में इजाफा हुआ। कई लोगों ने प्रिडिक्ट किया कि यह बढ़ोतरी स्थायी होगी जो महामारी खत्म होने के बाद भी जारी रहेगी। मैंने भी यही सोचा, इसलिए मैंने अपने इन्वेस्टमेंट में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया। दुर्भाग्य से, यह मेरी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। न केवल ऑनलाइन कॉमर्स पहले के ट्रेंड पर लौट आया है, बल्कि मैक्रोइकोनॉमिक डाउनटर्न, कॉम्पिटिशन और कम विज्ञापन के कारण रेवेन्यू मेरी अपेक्षा से कम हो गया है। मुझसे ये गलती हुई और मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। इस नए माहौल में, हमें और अधिक पूंजी कुशल बनने की जरूरत है। हमने संसाधनों को हाई प्रायोरिटी ग्रोथ एरिया में शिफ्ट कर दिया है।

डिस्कवरी इंजन, एडवर्टाइजमेंट और बिजनेस प्लेटफॉर्म और मेटावर्स के लिए हमारा लॉन्ग टर्म विजन है। हमने बिजनेस की लागत में कटौती की है, जिसमें बजट कम करना, भत्तों को कम करना और रियल एस्टेट फुट प्रिंट को कम करना शामिल है। हम अपनी एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए टीमों का पुनर्गठन कर रहे हैं। लेकिन ये उपाय अकेले हमारे खर्चों को हमारी रेवेन्यू ग्रोथ के अनुरूप नहीं लाएंगे, इसलिए मैंने लोगों को जाने देने का कठिन निर्णय भी लिया है।

## जियो का नया फैमिली पोस्टपेड प्लान लॉन्च

# जियो प्लस में पहले महीने फ्री सर्विस मिलेगी, 3 एक्स्ट्रा कनेक्शन भी ऐड कर सकेंगे




**मुंबई।**

टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने पोस्टपेड फैमिली प्लान लॉन्च किया है। जियो के इस प्लान का नाम जियो प्लस है। इस खास प्लान में कस्टमर्स को एक महीने की सर्विस फ्री मिलेगी। पहले कनेक्शन के लिए कस्टमर्स को 399 रुपए चुकाने होंगे। इसमें 3 एक्स्ट्रा कनेक्शन ऐड करने का ऑप्शन भी मिलेगा। हर एक एक्स्ट्रा कनेक्शन के लिए 99 रुपए महीना देने होंगे।

### जियो प्लस में 4 कनेक्शन के लिए देने होंगे 696 रु

जियो प्लस में 4 कनेक्शन के लिए 696 रुपए (399+99+99+99) हर महीने चुकाना होगा। इस प्लान के साथ 75जीबी डेटा मिलेगा। 4 कनेक्शन वाले फैमिली प्लान में एक सिम पर हर महीने एवरेज 174 रुपए का खर्च आएगा। जियो ने कुछ पर्सनल प्लान भी लॉन्च किए हैं। इसमें 299 रुपए का 30जीबी का प्लान है और एक अनलिमिटेड डेटा प्लान भी है, जिसके लिए कस्टमर को 599 रुपए देने होंगे। डेटा का ज्यादा यूज करने वाले कस्टमर्स 100जीबी महीने वाला प्लान ले सकते हैं। इसके लिए कस्टमर्स को पहले कनेक्शन के लिए 699 रुपए चुकाने होंगे और हर एक्स्ट्रा कनेक्शन पर 99 रुपए देने होंगे। इस प्लान में भी 3 एक्स्ट्रा कनेक्शन ही लिए जा सकेंगे। पोस्टपेड फैमिली प्लान के फायदे जियो ट्रू 5जी वेलकम ऑफर के साथ अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा पूरा परिवार फ्री डेटा का इस्तेमाल कर सकेगा यानी शेयर कर सकेंगे अवेलेबल नंबर्स में से अपनी पसंद के नंबर का चुनाव कर सकेंगे नेटफ्लिक्स, अमेजन, जियो टीवी और जियो सिनेमा जैसे ऐप्स मिलेंगे विदेश यात्रा के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी मिलेगी जियो फाइबर, कॉर्पोरेट, अन्य ऑपरेटरों के पोस्टपेड यूजर्स के लिए जीरो सिक्योरिटी डिपॉजिट एक्सिस, बैंक के क्रेडिट कार्ड होल्डर्स को भी सिक्योरिटी डिपॉजिट नहीं देना होगा सिंगल क्लिक पर केयर-स्पेशलिस्ट से प्रायोरिटी कॉल-बैक सर्विस मिलेगी सर्विस से खुश नहीं, तो कैंसिल करा सकते हैं कनेक्शन जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो प्लस लॉन्च करने का मकसद, पोस्टपेड यूजर्स को नए बेनिफिट और शानदार एक्सपीरिएंस देना है।

# रिलायंस-मेट्रो डील को कॉम्पिटिशन कमीशन की मंजूरीः 2,850 करोड़ रुपए में हुई डील, कंपनी को 31 लार्ज फॉर्मेट स्टोर का एक्सेस मिलेगा

**नई दिल्ली।**

कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड को फूड होलसेलर मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। दिसंबर 2022 में मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने एग्रीमेंट साइन किया था। ये डील 2,850 करोड़ रुपए की है। मेट्रो जर्मनी की कंपनी है जिसने 2003 में भारत में अपने ऑपरेशन शुरू किए थे और कैश-एंड-कैरी बिजनेस फॉर्मेट पेश किया था। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, मेरठ, लखनऊ, नासिक, विशाखापट्टनम, गुंटूर, विजयवाड़ा, तुमकुरु, गाजियाबाद और हुबली में मेट्रो के प्राइम लोकेशन पर मौजूद स्टोर का एक्सेस मिल जाएगा। डील के हिस्से के रूप में रिलायंस रिटेल को रजिस्टर्ड किराना स्टोर, संस्थागत ग्राहकों और एक मजबूत सप्लायर नेटवर्क का बड़ा बेस भी मिलेगा। आरआरवीएल को मेट्रो के (होटल, रेस्तरां और कैटरर्स)




ग्राहकों के नेटवर्क तक भी पहुंच मिलेगी। इस इंटरनेशनल फूड होलसेलर के देश के 21 शहरों में लगभग 3,500 एम्प्लॉइज के साथ 31 लार्ज फॉर्मेट स्टोर हैं। अभी तक मेट्रो इंडिया ने 29.8 मिलियन यूरो की बिक्री की है। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल के फिजिकल स्टोर फुटप्रिंट को और मजबूती मिलेगी। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा, मेट्रो इंडिया भारतीय बी2बी बाजार में अग्रणी और प्रमुख खिलाड़ी है और इसने मजबूत ग्राहक अनुभव देने के लिए एक ठोस मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म बनाया है।


# अडाणी के बेटे जीत की दीवा शाह से सगाई: हीरा व्यापारी जैमिन शाह की बेटी हैं दीवा, सेरेमनी में केवल करीबी दोस्त और परिवार शामिल हुआ

**अहमदाबाद।**

भारत की दूसरे सबसे अमीर बिजनेसमैन गौतम अडाणी के बेटे जीत अडाणी ने रविवार को दीवा जैमीन शाह से सगाई की। एंगेजमेंट सेरेमनी गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित की गई थी। इस प्रोग्राम में केवल करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। दिवा सी.दिनेश एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के हीरा व्यापारी जैमिन शाह की बेटी हैं। हालांकि अभी शादी की तारीख की जानकारी सामने नहीं आई है।

**सगाई को काफी प्राइवेट रखा गया** - जीत और दीवा जैमिन की सगाई को काफी प्राइवेट रखा गया था, इसलिए इसकी जानकारी काफी लेट सामने आई है। उनके सगाई समारोह की एक तस्वीर सामने आई है। कपल इसमें पेस्टल टोन में ट्रेडिशनल पोशाक पहने दिख रहा है।





गौतम अडाणी के दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम करण अडाणी और छोटे का नाम जीत अडाणी है। करण की शादी देश के जाने-माने कॉरपोरेट वकील सिरिल श्रॉफ की बेटी परिधि से हुई है।

**2019 में अडाणी ग्रुप में शामिल हुए थे जीत** - जीत अडाणी ने यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज से अपनी पढ़ाई की है। वह 2019 में अडाणी ग्रुप में शामिल हुए और वर्तमान में ग्रुप फाइनेंस के वाइस प्रेसिडेंट हैं। वह अडाणी एयरपोर्ट्स और अडाणी डिजिटल लैब्स को लीड करते हैं। वहीं दिवा हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी हैं। जैमिन की कंपनी सी दिनेश की स्थापना चीनू दोशी और दिनेश शाह ने की थी।

**दर्जनों कारोबार में शामिल अडाणी ग्रुप** - रेलवे, हवाई अड्डे से लेकर बंदरगाह तक ऐसे दर्जनों कारोबार हैं, जहां अडाणी समूह का बड़ा दखल है। अडाणी समूह अप्रैल 2022 में 20 लाख करोड़ के मार्केट कैप वाले समूह में शामिल हुआ था। टाटा और अंबानी के बाद यह मुकाम हासिल करने वाला भारत का तीसरा समूह है। अडाणी ग्रुप की 10 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं।

## अब अमेरिका का तीसरा बैंक संकट में

# फर्स्ट रिपब्लिक बैंक का शेयर 70प्रतिशत टूटा, बैंक ने कहा- हमारे पास पर्याप्त नगदी

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर क्राइसिस थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बाद अब फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर भी बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। बीते 5 दिनों में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के शेयर में 65.61प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

वहीं एक महीने की बात करें तो स्टॉक की कीमत में 70.30प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। ऐसे में निवेशकों में इस बैंक को लेकर चिंता बढ़ गई।




### मूडीज ने फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को अंडर रिव्यू में रखा

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी जिन छह अमेरिकी बैंकों को अंडर रिव्यू रखा है, उसमें फर्स्ट रिपब्लिक बैंक का नाम भी शामिल है। इसके अलावा रेटिंग एजेंसी ने जिओन्स बैनकॉपोरेशन, वेस्टर्न एलिएंस बैनकॉर्प, कॉमेरिका इंक, यूएमबी फाइनेंशियल कॉर्प और इंट्रस्ट फाइनेंशियल कॉर्पोरेशन की रेटिंग भी डाउनग्रेड करते हुए अंडर रिव्यू में रखा है। इससे पहले सोमवार को मूडीज ने सिग्नेचर बैंक की डेट रेटिंग को डाउनग्रेड कर जंक टेरिटरी में डाल दिया था।

### बैंक ने कहा हमारे पास बैंक चलाने के लिए पर्याप्त नगदी

फर्स्ट रिपब्लिक बैंक ने अपने बचाव में कहा है कि उसके पास बैंक को चलाने के लिए पर्याप्त नगदी है। इसने अतिरिक्त नगदी के लिए फेड और जेपी मॉर्गन से हाथ मिलाया है। इससे पहले सोमवार को वेस्टर्न एलायंस ने बताया था कि बैंक के पास 25 बिलियन डॉलर से ज्यादा की नगदी उपलब्ध है।

### सिलिकॉन वैली बैंक के सवाल पर उठकर चले गए थे बाइडेन

सिलिकॉन वैली बैंक क्राइसिस अमेरिकी सरकार के लिए परेशानी बनती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से सोमवार को इस क्राइसिस पर सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इतना ही नहीं वे इवेंट से उठकर चले गए।

राष्ट्रपति जो बाइडेन व्हाइट हाउस में लचीली बैंकिंग व्यवस्था को बनाए रखने और ऐतिहासिक आर्थिक सुधार की रक्षा विषय पर बोल रहे थे। स्पीच खत्म होने के बाद रिपोर्टर ने राष्ट्रपति बाइडेन पूछा था कि आप इस बारे (सिलिकॉन वैली बैंक क्राइसिस) में अभी क्या जानते हैं कि ऐसा क्यों हुआ और क्या आप अमेरिकियों को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा नहीं आगे होगा, लेकिन जो बाइडेन इस सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए।

### भारतीय बैंकों पर अमेरिकी बैंकिंग संकट का असर नहीं

अमेरिका के दो बड़े बैंकों के दिवालिया होने का असर भारतीय बैंकों पर नहीं होगा। अमेरिकी इन्वेस्टमेंट कंपनी जेफरीज और फाइनेंशियल सर्विसेस फर्म मैक्केरी ने ऐसा भरोसा जताया है। इनका कहना है कि स्थानीय डिपॉजिट पर निर्भरता, सरकारी बॉन्ड में निवेश और पर्याप्त नकदी के चलते भारतीय बैंक मजबूत स्थिति में हैं। कुछ महीनों से भारतीय बैंक विदेशी बैंकों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जेफरीज के मुताबिक, अधिकांश भारतीय बैंकों ने 22-28प्रतिशत ही सिक्योरिटीज में निवेश किया है। बैंकों के सिक्योरिटीज निवेश में 80प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी बॉन्ड की है। अधिकांश बैंक इनमें से 72-78प्रतिशत मैच्योरिटी तक रखते हैं। इसका मतलब है कि इनकी कीमतों में गिरावट का असर इस निवेश पर नहीं होगा।


# सिस्ट की सर्जरी कराके काम पर लौटी दीपशिखा नागपाल



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म और टीवी अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल वर्तमान में ना उम्र की सीमा हो शो में दिख रही हैं। हाल ही में उनकी एक बड़ी सर्जरी हुई है। नागपाल ने इससे उबरने और काम फिर से शुरू करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मैं फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गई थी, जिस्के कारण मुझे पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने डॉक्टर से संपर्क किया जहां डॉक्टर ने मुझे जांच कराने के लिए कहा क्योंकि यह दर्द लगातार बना हुआ था। मैंने सोनोग्राफी कराई और पता चला कि मेरे पेट में सिस्ट हैं, जिसका आकार गर्भ में पल रहे 10 सप्ताह के भ्रूण के बराबर था। डॉक्टर ने मुझे सिस्ट को हटाने की सलाह देकर बताया कि अगर इलाज नहीं किया गया, तब सिस्ट (गांठ) मेरे स्वास्थ्य को और खराब कर सकती हैं। चूंकि शो में एक बड़ा ड्रामा सीक्वेंस आने वाला था, इसलिए मैं अपने शेड्यूल से पूरी तरह से पैक थी, इसलिए बिना किसी को बताए मैंने अपने सीन के हिस्से को पूरा किया और अपने छुट्टी वाले दिन का इंतजार कर सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाई। दीपशिखा ने फिल्मों और टीवी दोनों में काम किया है। वह गैंगस्टर, कोयला, बादशाह, दिल लगी, कॉपोर्रेट, पार्टनर जैसी फिल्मों का हिस्सा रही। फिल्में करने के अलावा, उन्होंने शक्तिमान, विष्णु पुराण, सीआईडी, शरारत, बाल वीर और कई अन्य टीवी शो में भी काम किया। उन्होंने कहा, सर्जरी के बाद, डॉक्टर की सिफारिशों और परामर्श के साथ मैंने कुछ दिनों की छुट्टी ली और काम पर वापस आ गयी, जहां मैंने शो के अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग को पूरा किया। मैंने बीच-बीच में आराम भी किया। जब क्रू मेंबर्स को मेरी सर्जरी के बारे में पता चला, तब उन्होंने मेरा पूरा ख्याल रखा। पूरी टीम काफी मददगार है।

# फिल्म टाइगर 3 का बड़ा हिस्सा तुर्की में फिल्माया

## -शूटिंग से लीक हुई फोटोज तो फैंस की खुशी चरम पर




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के दबंग सलमान खान ने तुर्की में अपनी आने वाली फिल्म टाइगर 3 का एक बड़ा हिस्सा फिल्माया है। शूटिंग की कुछ तस्वीरें हाल ही में ट्विटर पर आईं। ऐसा लगता है कि तस्वीरें तब क्लिक की गई थीं, जब सलमान एक्शन सीक्वेंस फिल्मा रहे थे। अनदेखी तस्वीरों में सलमान भूरे रंग की शर्ट और काली पैंट में नजर आ रहे हैं। चूंकि फिल्म की शूटिंग तुर्की में हो रही थी, सेट से एक तस्वीर में एक्टर को एक नाव पर बैठे हुए दिखाया गया है। एक तस्वीर में उन्हें स्टंट निर्देशक से बात करते हुए दिखाया गया है, जो एक कार से सीन को कैप्चर करते हुए दिखाई दे रहा है, ये एत एक्शन सीन है। दूसरे में वही स्टंट निर्देशक हैं जो सलमान ने ड्राइवर की सीट पर ले लिए थे। इससे पहले सलमान खान की इसी कपड़े में एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई थी।

इसने उन्होंने पुलिस की वर्दी पहने कुछ आदमियों के साथ पोज दिया था। यह 2021 में पोस्ट किया गया था, जब सलमान उसी फिल्म के लिए तुर्की के लिए रवाना हुए थे। शाहरुख खान जल्द ही टाइगर 3 में सलमान खान के साथ एक सीक्वेंस की शूटिंग करेंगे। फिल्म निमार्ता आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा ने छह महीने में ऐसी ही प्लानिंग की है। एक सूत्र ने खुलासा किया था, जब पठान के लिए शाहरुख और सलमान के सीक्वेंस की योजना बनाई गई थी, तो मेकर्स ने महसूस किया कि सुपर-जासूसों के इस तरह के क्रॉस ओवरों को हर बार एक पायदान ऊपर जाने की जरूरत होगी क्योंकि यह दर्शकों के लिए सबसे बड़ी यूएसपी है। इस शूट के हर डिटेल की प्लानिंग इस बात को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है कि इसे पैसा वसूल एंटरटेनर बनाने की जरूरत है, जो दर्शकों के लिए एक तमाशा भी है। मनीष शर्मा की निर्देशित टाइगर 3 में सलमान लीड रोल में हैं, जबकि कटरीना कैफ जोया के रूप में हैं और इसमें इमरान हाशमी को विलन के रूप में पेश किया गया है। टाइगर 3 इस साल दिवाली के आसपास स्क्रीन पर आने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3 की शूटिंग तुर्की, रूस और ऑस्ट्रिया जैसे कई देशों में की जा रही है। इसमें शाहरुख खान पठान के रूप में एक कैमियो में भी दिखाई देंगे।

# कई फिल्में दिवाली के मौके पर होने वाली रिलीज

## -कार्तिक, सलमान खान और अजय की फिल्में शामिल




**मुंबई (ईएमएस)।** साल 2024 में कार्तिक आर्यन के साथ सलमान खान और अजय देवगन की भी फिल्में दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली हैं। बॉक्स ऑफिस पर अगले साल बड़ा धमाका होने वाला है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। रोहित शेट्टी और अजय देगवन की इस फिल्म का नाम सिंघम अगेन रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग इसी साल जुलाई से शुरू होगी।पिंकविला की रिपोर्ट के हिसाब से सलमान खान और फिल्म निर्देशक सूरज बड़जात्या एक बार फिर साथ आने वाले हैं। दोनों, फिल्म प्रेम की शादी पर इस साल के अंत में काम शुरू करने वाले हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ये फिल्म अगले साल दिवाली पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बीते हफ्ते भूषण कुमार ने हिट फ्रेंचाइजी भूल भुलैया के तीसरे पार्ट की घोषणा की थी। दूसरे पार्ट की ही तरह भूल भुलैया 3 में भी कार्तिक आर्यन रूह बाबा बनकर लौटने वाले हैं। अजय देवगन और सलमान खान के साथ कार्तिक आर्यन की भी ये फिल्म दिवाली 2024 पर आने वाली है। बता दें, यह धमाका बेहद खास होने वाला है। एक तरफ, कार्तिक आर्यन और अजय देवगन अपनी हिट फ्रेंचाइजी का अगला पार्ट लेकर बॉक्स ऑफिस पर उतर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ, सलमान खान अपने हिट कैरेक्टर प्रेम के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने आ रहे हैं।

# प्रेमी निखिल पटेल से शादी करने जा रही दलजीत कौर



दलजीत कौर टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे फेमस अभिनेत्री में से एक हैं। फिलहाल वह अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर को जी रही हैं। दलजीत मार्च 2023 में अपने प्रेमी निखिल पटेल से दूसरी बार शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। दलजीत ने जनवरी 2023 में निखिल से सगाई की। हाल ही में, दलजीत को अपने दोस्तों से एक सुंदर ब्राइडल शॉवर मिला और इसकी झलक उनकी इंस्टा प्रोफाइल पर देखने को मिली। चूंकि दलजीत अपनी शादी के बाद अपने परिवार के साथ अफ्रीका जा रही हैं, इसलिए वह अपने दोस्तों के साथ भारत में बचे हुए समय का पूरी तरह से आनंद ले रही हैं। 11 फरवरी, 2023 को, दलजीत कौर ने अपने इंस्टा पर अपनी शादी की खरीदारी की झलकियां शेयर कीं। वीडियो में दलजीत को अपने नए खरीदे हीरे के नोज स्टड को फ्लॉन्ट करते हुए देखा जा सकता है। दलजीत ने एक खूबसूरत ड्रेस को चुना, जिसमें पिंक और नीले रंग का टैंक टॉप और तंग-फिट पैंट थे।

# डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों को कपिल शर्मा ने दी नसीहत



फिल्म अभिनेता और हास्य कलाकार कपिल शर्मा ने पहले डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों को नसीहत दी और जब कपिल से पूछा गया कि क्या वह स-साइड करने के बारे में सोच रहे थे, तब इस पर उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता था कि कोई अपना है ही नहीं। और ऐसा नहीं कि पहली बार हुआ होगा। हो सकता है कि बचपन में भी मुझे कई बार लो फील हुआ होगा या स्कूल में कभी कुछ ऐसा हुआ होगा लेकिन उस समय नॉर्मल हो गया होगा। कपिल ने कहा, मगर एक टाइम पर जब आप खुद कमा रहे हो। एक समय होता है, आपके पिता की घर में चलती है। लेकिन जब आप बाहर निकलकर कमाने लगते हो। अकेले होते हो। शादी हुई नहीं होती है। तब न आपको कोई समझाने वाला है और न आपकी कोई देखभाल करने वाला है, तब ये भी पता नहीं चलता कि आसपास जो लोग हैं, वहां आपकी देखभाल करने वाले हैं या फायदे के लिए जुड़े हुए हैं। लेकिन अब लगता है कि वहां फेज अच्छा था क्योंकि आंखे खुल गई। बहुत सारी चीजें पता चल गई हैं। परख हो गई है।

# उर्फी जावेद की ड्रेस का उड़ा रहे मजाक



**मुंबई (ईएमएस)।** एक बार फिर एक्ट्रेस उर्फी जावेद अपने लुक को लेकर ट्रोलिंग का शिकार बन गई हैं। कई लोग उनकी ड्रेस का मजाक उड़ा रहे हैं।उर्फी जावेद ने फैशन वीक में एक स्विम सूट पहना और उसके साथ ओपन गाउन को पेयर किया। वीडियो पर कई लोगों ने उन्हें बुरी तरह से ट्रोल किया है। एक ने लिखा है, उर्फी ने डायपर पहना है। एक ने लिखा है, कुछ तो पर्दा करो सामने वाले से। एक ने लिखा है, अरे कपड़ा किसने नोच लिया। एक ने लिखा है, बैटवुमन का देसी अवतार। एक ने लिखा है, इस कार्टून का कोई देखो। एक ने लिखा है, कहां से आते हैं यह लोग। वहीं, एक ने लिखा है, काश मैं तुझे गाली दे पाती। एक ने लिखा है, मेरे तो रोंगटे खड़े हो गए। उर्फी जावेद फैशनिस्टा है। वह सोशल मीडिया पर अपनी फैशन सेंस के लिए जानी जाती है, लेकिन उनकी ऑकवर्ड फैशन शो के चलते उन्हें जमकर ट्रोल भी किया जाता है। बता दें कि उर्फी जावेद बिग बॉस ओटीटी में भी नजर आ चुकी है। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। जहां बॉलीवुड की कई हसीनाओं ने लैक्मे फैशन वीक में हिस्सा लिय़ा वहीं उर्फी जावेद भी फैशन वीक में नजर आईं। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# अभिनेत्री कविता कौशिक ने ट्रोलर्स को दिया जबाव




सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोलर्स सेलिब्रेटी को निशाना बनाते हैं। इस तरह सोशल मीडिया पर खूब नकारात्मकता फैलाते हैं। ठीक इसतरह एफआईआर अभिनेत्री कविता कौशिक को यूजर्स ने निशाना बनाया। कविता को बदसूरत तक कह दिया। लाजिमी है कि ऐसी ओछी बातें किसी का भी दिल दुखा सकती है। कई बार इग्नोर करने के बाद इस बार कविता ने ट्रोलर्स को जवाब दिया है। कविता अपनी बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। कविता ने लिखा, हां मैं 42 साल की हूं। हां मैं खूबसूरत हूं। और हॉट इतनी हूं कि उफ्फ। उन्होंने कहा पहले मुझे ऐसी बातों से ठेस पहुंचती थी। इन सारी बकवास बातों के बीच लोग प्यार भी करते हैं। अगर मैं एक भी अभद्र टिप्पणी देख लूं, तब मुझे चिढ़ होगी। लेकिन फिर मैंने बिग बॉस नाम का एक शो किया और उसके बाद मुझे एहसास हुआ कि हमारे देश में लोग कितने चीजें को गलत समझ बैठते हैं। आप वास्तव में इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। वे हर चीज का अलग परसेप्शन बना लेते हैं।

# जल्द ही वेब सीरीज हंटर में नजर आएंगे सुनील शेट्टी, ट्रेलर हुआ रिलीज



सुनील शेट्टी पिछले कुछ दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में उनकी अपकमिंग सीरीज "हंटर" का ट्रेलर रिलीज हो गया है और चर्चा में है। ट्रेलर में उनके लुक को देखकर फैंस सीरीज को लेकर उत्सुक हैं। सुनील शेट्टी सीरीज हंटर में एसीपी विक्रम सिंह की भूमिका निभाएंगे। वह पैसे के लिए किसी खोए हुए व्यक्ति को खोजता है। इस एक्शन थ्रिलर सीरीज में सुनील शेट्टी को कुछ अनजान लोग क्रिमिनल एरिया में ले जाते हैं। एक लापता महिला की तलाश करते हुए सुनील शेट्टी अपने अतीत में खो जाते हैं। ट्रेलर की शुरूआत सुनील शेट्टी अपनी दोनों बेटियों के साथ खेलते हुए करते हैं। उसके बाद सब कुछ बदल जाता है। हंटर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए सुनील शेट्टी ने कहा, "एसीपी विक्रम की दुनिया में आपका स्वागत है। मेरी दुनिया में केवल तोड़ने की इजाजत है, तोड़ना नहीं। अमेजन मिनी टीवी पर मेरी नई सीरीज "हंटर" देखें। सुनील शेट्टी के साथ में ईशा देओल, बरखा बिष्ट, राहुल देव, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। सीरीज 22 मार्च को रिलीज होगी।

# राखी सावंत का वीडिया वायरल, लोग कर रहे कमेंट



टीवी अभिनेत्री राखी सावंत का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें वह रोते हुए कह रही हैं कि लोग कहते हैं राखी को कौन धोखा दे सकता है। राखी के साथ क्या बुरा हो सकता है। मैं इंसान नहीं हूं क्या। मैं फीमेल नहीं हूं क्या। मेरे सीने में दिल नहीं है क्या।

मैं घर बसाने के सपने नहीं देख सकती क्या। राखी सावंत का ये वीडियो देखने के बाद लोगों का रिएक्शन आना शुरू हो गया। एक यूजर ने लिखा कि मुदस्सर बेचारा डर गया। एक ने लिखा- बस करो राखी। इतना ओवर हमेशा नहीं करना होता है। कभी नॉर्मल बिहेव कर लिया करो।

# ऑस्कर मिलने के बाद हेमा मालिनी ने की फिल्म 'आरआरआर' की तारीफ

ऑस्कर 2023 पुरस्कार समारोह में भारतीय फिल्म को दो ऑस्कर अवार्ड मिलने से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में जश्न का माहौज है। फिल्म इंडस्ट्री में सबसे प्रतिष्ठित माने जाने वाले इस ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में कई कलाकारों ने शिरकत की। इस साल भारत को दो श्रेणियों में ऑस्कर मिले हैं। इनमें से एक ऑस्कर अवार्ड फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू नाटू' ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की कैटेगरी में जीता। उसके बाद से सोशल मीडिया पर कई खास लोगों ने आरआरआर फिल्म की तारीफ की। सांसद व एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने भी आरआरआर फिल्म की तारीफ की है। एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं हैरान और बहुत खुश हूं कि हमारे देश में इस तरह की फिल्में बन रही हैं। आरआरआर एक बहुत ही लोकप्रिय फिल्म है। मैंने भी यह फिल्म देखी है। फिल्म के गाने में दोनों कलाकारों का डांस देखने लायक है। उन्होंने बेहतरीन डांस किया है। आरआरआर की पूरी टीम को बधाई।' इस साल का 95वां ऑस्कर समारोह लॉस एंजेलिस में आयोजित किया गया। समारोह में अभिनेत्री मिशेल योह ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता, जबकि ब्रेंडन फ्रेजर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता।

## सूडोकु नवताल- 6371

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6370 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्दजाल- 7118

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | डु | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डो | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

### शब्दजाल - 7117 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मु | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6071

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | 1 | | 3 | 7 |
| 2 | 32 | | 34 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | 5 | | 3 |
| | 34 | 6 | 31 | 1 | 27 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | | 3 | | 5 |
| | 33 | | 30 | 4 | 32 | 6 |
| 3 | | 2 | | 7 | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6070 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 32 | 1 | 29 | 3 | 29 | 2 |
| 1 | 6 | 5 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 34 | 6 | 30 | 1 | 30 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 31 | 3 | 32 | 7 | 43 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# विमेंस प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्ज और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: बेंगलुरु हारा तो फाइनल की रेस से बाहर

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लेब में यूपी वारियर्ज और रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के बीच मुकाबला होगा। मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। यूपी ने अब तक 4 मैच खेले है। इसमें उसे 2 में जीत और 2 में हार मिली है। दूसरी तरफ बेंगलुरु को अब तक एक भी जीत नहीं मिली है। मंधाना की टीम ने अपने पांचो मुकाबले हारे है। उनके टेबल में 0 पॉइंट्स है। बेंगलुरु को फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच जीतना ही होगा। दोनों टीमें टूर्नामेंट में दूसरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। पिछले मुकाबले में यूपी ने ब्रेबोर्न स्टेडियम में बेंगलुरु को 10 विकेट से हराया था। मैच में यूपी ने बेंगलुरु को 138 रन पर ऑल आउट कर दिया था और फिर बिना विकेट खोए टारगेट चेज कर लिया। यूपी ने अब तक 4 मकाबले में से 2 जीते है। इस समय यूपी पॉइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं, मुंबई 10 पॉइंट्स के साथ पहले और दिल्ली 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नुंबपर पर। अगर यूपी मुकाबला जीत जाता है, तो टेबल में 6 पॉइंट्स के साथ वह तीसरे नंबर ही रहेगा। लेकिन, फिर उसके और गुजरता के बीच 4 पॉइंट्स का फासला हो जाएगा। वहीं, वह दिल्ली से सिर्फ 2 पॉइंट्स पीछे रहेगा। आखिरी मैच में यूपी को मुंबई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्ज को 8 विकेट से हराया था। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए यूपी ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। एलिसा हीली ने 58 और ताहलिया मैक्ग्रा ने 50 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया था। बेंगलुरु को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। उसे दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार दूसरी बार हराया। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसे मुंबई, यूपी और गुजरात ने भी एक-एक बार हराया है। दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। डी वाई पाटिल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 150 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

**प्लेइंग इलेवन**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, सोभना आशा, रिचा घोष (विकेटकीपर), हीथर नाइट, श्रेयांका पाटिल, प्रीति बोस, मीगन शट, दिशा कसत और रेणुका सिंह।

**यूपी वॉरियर्जः** एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सेहरावत, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, देविका वैद्य, शबनिम इस्माइल, सोफी एक्लेस्टन, अंजलि सर्वनी और राजेश्वरी गायकवाड़।

## न्यूज ब्रीफ

### हेलिकॉप्टर से लटककर 1 मिनट में 32 पुल-अपः आर्मेनियाई एथलीट ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड



**येरेवन।** आर्मेनिया के एक एथलीट का हैरतअंगेज वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह हेलिकॉप्टर से लटककर पुल-अप लगाता नजर आ रहा है। दरअसल, हैमजास्प लोयान नाम के इस एथलीट ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया और वह इसमें सफल भी रहा। लोयान ने अपने देश की राजधानी येरेवन में हेलिकॉप्टर से लटककर एक मिनट में 32 पुल-अप्स लगाए। एक दिन पहले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने अपने अधिकृत पेज पर यह वीडियो पोस्ट किया है, जिसे सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। लोयान ने अपने ही देश के रोमन सहराडियन के रिकॉर्ड को तोड़ा है। सहराडियन के नाम पर एक मिनट में 23 पुल-अप लगाने का रिकॉर्ड था। सहराडियन ने यह रिकॉर्ड 2022 में बनाया था। लोयान ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने पिछला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले रोमन सहराडियन से ट्रेनिंग ली और बाद में उन्हीं का रिकॉर्ड तोड़ा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया- एक मिनट में हेलिकॉप्टर से सबसे अधिक पुल-अप करने का रिकॉर्ड अब हैमजास्प लोयान के नाम है। उन्होंने एक मिनट में 32 पुल-अप किए हैं।

### बांग्लादेश ने वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैड पर क्लीन स्वीप किया



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने मीरपुर के शेर-ए- बांग्ला स्टेडियम में विश्व चैंपियन टीम इंग्लैंड को 3 टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में 16 रन से हरा दिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट खो कर 158 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खो कर 142 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिटन दास को 73 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नजमुल हुसैन शान्तो को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी कर रही मेजबान टीम के लिए ओपनर बैटर लिटन दास ने 57 गेंदों पर 73 रन बनाए। 55 रन पर टीम का पहला विकेट गिरा। उनके अलावा नजमुल हुसैन शान्तो ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद और क्रिस जॉर्डन ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। फिल सॉल्ट और डेविड मलान ने पारी की शुरुआत की। साल्ट शून्य पर आउट हुए। इंग्लैंड के लिए डेविड मलान ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। उनके अलावा जोस बटलर ने 40 और क्रिस वोक्स ने 13 रन की पारी खेली।

### भारतीय दौरे पर आईबीए अध्यक्ष उमर क्रेमलेव, कहा- हमारी अनुमति के बिना आईओसी नहीं करा सकती ओलंपिक क्वालिफायर



**नई दिल्ली ।** अंतरराष्टीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने स्पष्ट कर दिया कि बिना उसकी अनुमति के अंतरराष्टीय ओलंपिक समिति (आईओसी) पेरिस ओलंपिक के क्वालिफायर नहीं करा सकती है। 15 मार्च से आईजी स्टेडियम में शुरु हो रही विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए आए क्रेमलेव ने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों संस्थाओं को समन्वय और आपसी सहयोग से काम लेकर इसे हल करना होगा। क्रेमलेव ने कहा कि ओलंपिक से पहले आईबीए ओलंपिक क्वालिफायर और विश्व चैंपियनशिप के आयोजन के लिए जिम्मेदार है। अगर आईओसी ओलंपिक क्वालिफायर का आयोजन कराना चाहता है तो इसके लिए उसे आईबीए की अनुमति लेनी होगी।

विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की लगातार 5वीं जीत

# प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम, गुजरात को 55 रन से हराया

**मुंबई।**
**मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने लीग में लगातार 5वीं जीत दर्ज की। मुंबई की टीम ने गुजरात जायंट्स को 55 रनों से हराया है।बतौर होस्ट खेल रही मुंबई की टीम ने अपने सभी 5 मुकाबले जीते हैं। वह पॉइंट टेबल में सबसे ज्यादा 10 अंक लेकर टॉप पोजिशन पर है। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी मुंबई की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में गुजरात की बल्लेबाज 20 ओवर में 9 विकेट पर 107 रन ही बना सकीं। हरमनप्रीत का आतिशी अर्धशतक मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 30 गेंदों पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने लीग में तीसरा अर्धशतक जमाया। हरमन ने अपनी पारी में 170.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके और दो छक्के शामिल थे।**



कप्तान के अलावा, ओपनर यस्तिका भाटिया ने 44 और नैटली सीवर ने 36 रन का योगदान दिया। गुजरात की ओर से एश्ले गार्डनर ने तीन विकेट लिए। किम गार्थ, स्नेह राणा और तनुजा कंवर को एक-एक विकेट मिला। ब्रंट का दोहरा प्रदर्शन इंग्लिश ऑलराउंडर नेटली सीवर ब्रंट ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 31 गेंद पर 36 रन की पारी खेली और गेंदबाजी में चार ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। हेली ने लिया लीग में दसवां विकेट ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, हालांकि वे बैट से योगदान नहीं दे सकीं और शून्य पर पवेलियन लौट गईं।

### पहले ओवर में गिरा मैथ्यूज का विकेट

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज का विकेट गंवा दिया। उन्हें एश्ले गार्डनर ने कैच आउट कराया। उनके बाद नैटली सीवर और यस्तिका भाटिया ने पावरप्ले में और विकेट नहीं जाने दिया। 6 ओवरों के बाद टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बनाए।

### गुजरात ने डंकली, सदरलैंड को शामिल किया

गुजरात जायंट्स की कप्तान स्नेह राणा ने टीम में 2 बदलाव किए हैं। लौरा वॉल्वार्ट की जगह सोफिया डंकली और जॉर्जिया वेयरहम की जगह एनाबेल सदरलैंड को टीम में शामिल किया। वहीं मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**गुजरात जायंट्सः** स्नेह राणा (कप्तान), सोफिया डंकली, हरलीन देओल, सब्बिनेनी मेघना, सुष्मा वर्मा (विकेटकीपर), दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, एनाबेल सदरलैंड, मानसी जोशी, एश्ले गार्डनर और किम गार्थ।

**मुंबई इंडियंसः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर ब्रंट, अमीलिया केर, हुमायरा काजी, धरा गुज्जर, इजाबेल वॉन्ग, अमनजोत कौर, जींतिमनी कलिता और साइका इशाक।

नॉर्वे के डांस क्रू क्विक स्टाइल के साथ थिरके विराट

# रील बनाई, बैट पकड़कर डांस किया, क्रू उन्हें फॉलो करता नजर आया



**मुंबई।**
विराट कोहली ने मुंबई में नॉर्वे के डांस ग्रुप क्विक स्टाइल के मेंबर्स से मुलाकात की। वे क्विक स्टाइल के साथ स्टीरियो नेशन के गाने इश्क पर थिरकते नजर आए। क्रिकेटर ने डांस क्रू के सदस्यों के साथ फोटो भी शेयर किया। इसमें कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, देखिए मैं मुंबई में किससे मिला। शूट के दौरान कोहली ने ग्रुप के साथ एक रील बनाई। इसमें क्विक स्टाइल का एक मेंबर एक क्रिकेट बैट उठाता है, वह यह नहीं जानता कि इसका क्या किया जाए। एक सफेद टी-शर्ट और काली जींस पहने, कोहली सीन में आते हैं। बल्ला पकड़कर स्टेप्स करते है। डांस क्रू उन्हें फॉलो करता है। नॉर्वे का डांस क्रू क्विक स्टायले बॉलीवुड गानों पर डांस करने के लिए फेमस है। क्विक स्टाइल ने कुछ महीने पहले अपने ही साथी की शादी में काला चश्मा और साड्डी गली गाने पर डांस किया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद डांस क्रू की लोकप्रियता बढ़ गई। क्विक स्टाइल भारतीय और पाकिस्तानी गानों पर डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करता रहता है।

भारतीय खिलाड़ियों ने चौथे टेस्ट के पहले अहमदाबाद में जमकर होली खेली थी। इस दौरान विराट कोहली ने टीम बस में शुभमन गिल के साथ डांस भी किया था। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में नागपुर में शाहरुख खान की मूवी पठान के गाने का हुक स्टेप भी किया था। विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट में अहमदाबाद में 364 बॉल पर 186 रन की मैराथन पारी खेली। उन्होंने 520 मिनट बैटिंग की। इसके साथ ही उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक जड़ा जो 1205 दिन बाद आया। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट के 75 इंटरनेशनल शतक हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच आखिरी टेस्ट ड्रॉ हुआ, लेकिन भारत अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुका है। भारत का मुकाबला 7 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की राजधानी लंदन के द ओवल ग्राउंड पर होगा।

# मोरक्को में खेला जा सकता है फीफा वर्ल्ड कप 2030: मेजबानी के लिए स्पेन और पुर्तगाल के साथ मिलकर मोरक्को करेगा बिड

**नई दिल्ली।**
फीफा वर्ल्ड कप की बिड में अब एक और नया देश शामिल हो गया है। 2030 फीफा वर्ल्ड कप के लिए बिड ली जा रही है। इसमें अब स्पेन और पुर्तगाल के साथ मिलकर मोरक्को भी मेजबानी कर सकता है। इससे पहले यूक्रेन, स्पेन और पुर्तगाल के साथ मिल कर बिड करने वाला था। लेकिन, रूस के खिलाफ जंग की वजह से यूक्रेन का रुख स्पष्ट नहीं हुआ है। यूक्रेन के फुटबॉल एसोसिएशन में जंग को लेकर चिंता भी बनी हुई है।

वर्ल्ड कप की मेजबानी यूरोप और अफ्रीका को साथ लाएगी अफ्रीकी देश मोरक्को के राजा मोहम्मद ने कहा कि, मोरक्को ने फैसला किया है कि वह स्पेन और पुर्तगाल के साथ मिल कर 2030 वर्ल्ड कप की मेजबानी करने के लिए बिड करेगा। यह पार्टनरशिप यूरोप और अफ्रीका को साथ लाएगी। हम अपना बेस्ट देंगे।

### रवांडा में फुटबॉल संघ के बीच होगी मीटिंग

स्पेनिश फुटबॉल एसोसिएशन ने बोली में मोरक्को के शामिल होने की पुष्टि नहीं ही है। हालांकि, तीनों देशों के महासंघ किसी भी संभावित बदलाव की घोषणा करने से पहले बुधवार को रवांडा में मिलेंगे।

### लैटिन अमेरिकी देशों ने भी की है बिड



अर्जेंटीना, चिली, पैराग्वे और उरुग्वे ने आधिकारिक तौर पर 2030 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए अपनी जॉइंट बिड लगाई है। 1930 में उरुग्वे में पाहजली बार वर्ल्ड कप खेला गया था। साउथ अमेरिका का फुटबॉल एसोसिएशन चाहता है कि 2030 में वर्ल्ड कप के 100 साल पूरे होने पर फिर लैटिन अमेरिका में ही खेला जाए।

### 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिल कर होस्ट करेंगे वर्ल्ड कप

2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको साथ में होस्ट कर रहे है। 2026 में पहली बार फीफा वर्ल्ड कप में 48 टीमें शामिल होंगी। पहले फीफा हर ग्रुप में 3 टीमें रखने पर विचार कर रहा था। लेकिन, अब 4 टीमों का एक ग्रुप बनेगा। पूरे टूर्नामेंट में 12 ग्रुप होंगे।

# रॉबिन उथप्पा ने लगातार तीन छक्के जड़कर उड़ाए पाकिस्तानी गेंदबाज के होश, ओवर में बटोरे इतने रन

**नई दिल्ली।**
भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में अपना जलवा बिखेरा। एलएलसी के चौथे मैच में उथप्पा ने उम्दा पारी खेली और इंडिया महाराजास को एशिया लायंस पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उथप्पा ने पाकिस्तान के गेंदबाज मोहम्मद हफीज को अपने निशाने पर लिया और उनकी लगातार तीन गेंदों में तीन छक्के जड़कर फैंस का भरपूर मनोरंजन किया। इंडिया महाराजास की टीम मैच में 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी। मोहम्मद हफीज पारी का 9वां ओवर करने आए।



### गेंद को स्टैंड्स में पहुंचाया

मोहम्मद हफीज हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटा ग्लेडिएटर्स के लिए खेले थे। एलएलसी के मैच में हफीज को शॉर्ट लेंथ की गेंद डालना भारी पड़ गया। उथप्पा ने लगातार तीन गेंदों में तीन छक्के जड़ दिए। पहला छक्का बल्लेबाज ने मिडविकेट के ऊपर से जमाया। फिर अगले दो छक्के ऐसे जमाए, मानो रीप्ले देख रहे हो। तीन छक्के के बाद उथप्पा ने एक चौका जमाया और फिर एक सिंगल लिया। इस तरह ओवर में उन्होंने कुल 23 रन बटोरे। बता दें कि एशिया लायंस द्वारा मिले 158 रन के लक्ष्य को इंडिया महाराजास ने बेहद आसानी से 12.3 ओवर में बिना विकेट गवाएं हासिल कर लिया। उथप्पा (88*) और गौतम गंभीर (61*) ने उम्दा अर्धशतक जमाए । रॉबिन उथप्पा ने केवल 39 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद 88 रन बनाए। वहीं गौतम गंभीर ने 36 गेंदों में 12 चौके की मदद से नाबाद 61 रन बनाए। इसी के साथ इंडिया महाराजास ने मौजूदा एलएलसी में अपनी जीत का खाता खोला। इससे पहले उसे एशिया लायंस और वर्ल्ड जायंट्स से एक-एक शिकस्त मिल चुकी थी। हालांकि, इंडिया महाराजास की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में दूसरे स्थान पर जमी हुई है।

मिशन वर्ल्ड कप पर टीम इंडिया

# भारत-ऑस्ट्रेलिया दावेदार; वनडे सीरीज एक-दूजे की वीकनेस-स्ट्रेंथ जानने का मौका

**मुंबई।**
भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया है। अब भारतीय टीम मिशन वनडे वर्ल्ड कप पर है। जो अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरजमीं पर ही खेला जाना है। टीम इंडिया ने आखिरी आखिरी वर्ल्ड कप भी अपनी सरजमीं पर ही जीता था। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अपनी तैयारी भी पुख्ता रखनी होगी, क्योंकि भारतीय फैंस की उम्मीदें उस इतिहास को दोहराते देखने की होंगी।




**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से मिशन की शुरुआत** – राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी। टीम को वर्ल्ड कप से पहले कम से कम 14 वनडे मैच खेलने हैं। इनमें 9 द्विपक्षीय सीरीज के और 5 एशिया कप के मैच होंगे। यदि भारत एशिया कप के फाइनल में पहुंचता है तो एक मैच और बढ़ जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 17 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाएगा। 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपने नियमित कप्तान पैट कमिंस के बिना उतर रही है, लेकिन चोट से वापसी कर रहे ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श टीम का हिस्सा होंगे। टीम की अगुआई स्टीव स्मिथ करेंगे।

**जुलाई में वेस्टइंडीज दौरा** - ऑस्ट्रेलिया से सीरीज खेलने के बाद भारतीय टीम जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने जाएगी। वहां से बोर्ड से सहमति मिलने के बाद भारतीय टीम को सितंबर महीने में पाकिस्तान में एशिया कप खेलना है। एशिया कप के बाद रोहित आर्मी अपने घर में कंगारुओं से 3 मुकाबलों की एक और सीरीज खेलेगी।

**भारत के कमजोर व मजबूत पक्ष**

**मजबूतीः भारतीय टीम में स्टार परफॉर्मर्स की भरमार** - भारतीय टीम बैटिंग और बॉलिंग दोनों ही क्षेत्र में दमदार प्रदर्शन के साथ फील्डिंग में भी ठीक प्रदर्शन कर रही है। टीम के टॉप और मिडिल ऑर्डर में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बल्लेबाज हैं। तो लोअर ऑर्डर की कमान हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर के पास है। गेंदबाजी की बात करें, तो घरेलू पिचों पर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के साथ अक्षर पटेल भी अच्छा कर रहे हैं। सीमर्स की अगुवाई जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके साथ मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे बॉलर्स रहेंगे।

**कमजोरीः बड़े मैचों में चोक कर रही टीम इंडिया** – पिछले कुछ साल से टीम बड़े मैचों में चोक कर रही है। पिछले दो वर्ल्ड कप से हम टॉप-4 के मुकाबलों में हार कर बाहर हो रहे हैं। ऐसे में रोहित के सामने यह ट्रेंड बदलने की चुनौती होगी। खिलाड़ियों की इंजरी भारतीय टीम के कई बड़े खिलाड़ी इंजरी से जूझ रहे हैं। रोहित की फिटनेस पर भी सवाल उठते रहे हैं। फिलहाल, बुमराह और अय्यर में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। वहीं, ऋषभ पंत कार दुर्घटना का शिकार हुए हैं। उनके भी खेलने पर संशय है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट के सामने अपने खिलाड़ियों को चोट से दूर रखने की चुनौती होगी, क्योंकि वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम को 14 वनडे मैचों भी खेलना है। सही टीम कॉम्बिनेशन की तलाश सिलेक्टर्स के सामने वर्ल्ड कप के लिए सही टीम कॉम्बिनेशन तलाशने की चुनौती भी होगी, क्योंकि इस बार वर्ल्ड कप की मेजबानी हमें ही करनी है। ऐसे में टीम का कॉम्बिनेशन क्या हो इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# भाषाओं में बनाएं करियर

बहुत से करियर विकल्प ऐसे भी होते हैं जहां अपनी मातृभाषा के अलावा किसी दूसरी भाषा का ज्ञान फायदेमंद हो सकता है। अगर आपको नई भाषाएं सीखना पसंद है तो आप इस तरह के करियर को अपना सकते हैं। वैश्वीकरण के चलते भारत में विदेशों से बहुत काम आ रहा है जिसके लिए कंपनियों को एसे लोगों की जरूरत है जिन्हें विदेशी भाषाओं का अच्छा ज्ञान हो। पिछले कुछ सालों में जिन विदेशी भाषाओं का बोलबाला रहा है वे हैं- फ्रेंच, जर्मन, रशियन, चाइनीज, जापानीज, स्पेनिश और कोरियन। इस करियर को अपनाकर जिन क्षेत्रों में आपको अवसर मिल सकते हैं, वे हैं-

- ऑपरेटर
- कटेंट राइटर्स
- टेक्निकल ट्रांसलेटर
- इंटरप्रेटर
- शिक्षक

किसी विदेशी भाषा के ज्ञान के साथ अगर आपके पास और भी कोई प्रोफेशनल डिग्री है तो आप टूरिज्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री, पब्लिशिंग हाउस आदि में भी कार्य कर सकते हैं। इसके साथ ही सरकारी संस्थानों में भी विदेशी भाषाओं के लिए अवसर हैं। विदेशी भाषाओं को सीखने के लिए 3 तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। सर्टिफि केट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स और डिग्री कोर्स। बहुत से संस्थानों में बेसिक लेवल और एडवांस्ड लेवल दोनों ही कोर्स कराए जाते हैं जिसमें आप स्नातकोत्तार डिग्री भी ले सकते हैं। योग्यता अगर आप किसी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स या डिग्री कोर्स करना चाहते हैं तो उसके लिए हायर सेकंडरी उत्ताहृर्ण होना आवश्यक है।

कई विश्वविद्यालयों में डिग्री कोर्स करने के लिए संबंधित भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स किया होना आवश्यक होता है। वेतन इस क्षेत्र में वेतन आपके कार्य के अनुरूप ही मिलता है। अगर आप शिक्षण के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं तो आप 10,000 रूपए से 20,000 रूपए प्रतिमाह कमा सकते हैं वहीं अगर आप ट्रांसलेटर के पद पर कार्यरत हैं तो आपका वेतन 50 रूपए से 500 रूपए प्रति पेज हो सकता है। अगर आप इंटरप्रेटर के पद पर कार्य करना चाहते हैं तो उन्हें वेतन घंटों के हिसाब से दिया जाता है।

सरकारी संस्थाओं में इंटरप्रेटर के लिए बहुत से अवसर होते हैं और वेतन 8000 रूपए प्रतिमाह से लेकर 10,000 रूपए प्रतिमाह भी हो सकता है।

### कहां से करें कोर्स

अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी कालीकट विश्वविद्यालय, मल्लपुरम दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली इनके अतिरिक्त मुंबई, लखनऊ, चेन्नई, पुणे, भुवनेश्वर आदि में भी बहुत से विश्वविद्यालय इन कोर्स का संचालन करते हैं।



# आइडिया के दौर में अनुभव अहम



**आपने सुना होगा एक आइडिया जो बदल दे आपकी दुनिया। आज का दौर आइडिया का है। हर किसी के पास आइडिया है और जिसका आइडिया काम कर गया, वही बाजार का बादशाह है। ऐसे समय में अनुभव काफी काम आता है और किसी भी काम में सफल होने के लिए प्रैक्टिस अहम होती है।**

अकसर आपने खुद में या आसपास के लोगों में पाया होगा कि वे ओवर कॉन्फीडेंट नजर आते हैं। उन्हें लगता है कि उनका आइडिया सबसे अच्छा है और इसके लिए उन्होंने पूरी तैयारी कर ली है जबकि हकीकत इसका उल्टा है। जब भी आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हों या फिर नौकरी के दौरान किसी खास मीटिंग में जा रहे हों तो हर मसले पर आप एक बार जरूर सोचें। आज का दौर आइडिया का है। ऐसे में हर किसी के पास आइडिया है।

### बेहतर आयडिया

आज के दौर में नये आयडिया को खरीदना काफी महत्वपूर्ण चुनौती है। यदि आप इससे संबंधित किसी खास मीटिंग में रखे जाने वाले प्रपोजल को लेकर तैयारी कर रहे हैं तो आपको इसकी तैयारी करनी होगी कि आप अपने चांस को बेस्ट बनाने के लिए क्या कर रहे हैं। हालांकि यह सवाल काफी कठिन है लेकिन लेखक लोन्रे वाइटहेड के पास इस मामले को लेकर काफी मजबूत ओपेनियन है। उनका कहना है कि हवा में पंख फड़फड़ाने की जरूरत नहीं है, बावजूद इसके कि आपको सबकुछ पता है। भले ही विचार बुलेटप्रूफ की तरह लगता है और आपकी बातों को सुनने वालों से आप किस तरह की उम्मीद रखते हैं, यह अहम सवाल है।

### तैयारी

किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति में उसकी तैयारी मुख्य चाबी है। अधिकतर लोगों मानना होता है कि उन्होंने जो आइडिया लोगों के सामने रखा है, वह सर्वश्रेष्ठ है। हालांकि हकीकत यह है कि वे उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की जाने वाले मेहनत से कोसों दूर रहते हैं। इस मामले को ऐसे सोचें, यदि आप फिजिक्स की परीक्षा दे रहे हैं और उसमें एक सौ सवाल हैं तो यदि आप सिर्फ अपना टेक्स्ट बुक पढ़ते हैं तो इससे अधिक फायदा नहीं होगा क्योंकिकई सवाल प्रैक्टिकल पर आधारित होंगे। कुल मिलाकर कहें तो यही परीक्षा है।

### प्रैक्टिकल

अधिकतर लोग प्रैक्टिकल आधारित सफलता पाने की प्रैक्टिस नहीं करते क्योंकि उनमें पारस्परिक बहस और प्लॉनिंग की कमी होती है। लोग सोचते हैं कि वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं और इसके लिए वह सिर्फ अपने प्रस्ताव का अध्ययन करते हैं और इसके लिए सिर्फ उस प्रक्रिया का ध्यान रखते हैं जिसके जरिए निर्णय तक पहुंचा जा सकता है। ऐसे में आवश्यक है कि किसी खास मुद्दे पर आगे बढ़ने से पहले बाकी लोगों से भी बात करें। इससे फायदा यह होगा कि हम हकीकत में बातों को समझ सकेंगे और लक्ष्य पाने की दिशा में जो भी सवाल सामने आएंगे, उसका उत्तर हमें मालूम होगा।

### निर्णय

दरअसल, हमें मालूम नहीं होता कि जो चीजें हमें पता है, उनके जरिए हम डिफेंसिव, फ्रस्ट्रेशन या फिर उससे तनाव नहीं होगा। साथ ही हमें यह भी मालूम नहीं होता कि हम किस रास्ते से जा रहे हैं और हमें यह भी नहीं मालूम कि हमने जो निर्णय लिया है, उसके जरिए लक्ष्य प्राप्त करने में कितना समय लगेगा। ऐसी परिस्थितियों से निजात पाने में हमारी सहायता कौन कर सकता है, यह अहम सवाल है। ऐसे में जाहिर है, किसी भी मामले में सफलता उसे लेकर किया जाने वाला प्रैक्टिस अहम होता है क्योंकि यही सफलता हासिल कराता है।

### पहचानें

अपनी क्षमता को पहचानें और सकारात्मक लोगों के बीच रहें। वैसे लोगों के बीच रहें जो आपकी बातों को ध्यान से सुनते हैं और ईमानदारी से अपनी फीडबैक देते हैं। जब भी परेशान हों तो खुद के बारे में सोचें और लगातार सामना करने वाले सवालों पर शांति से विचार करें। जो भी सवाल आपके मन में आ रहे हैं, उन्हें नोट करें और उनका हल सोचें। असफल होने पर परेशान न हों।

# आपका व्यक्तित्व आपकी सफलता



प्रत्येक नियोक्ता, कंपनी अथवा उपम यानी इंटरव्यू कमेटी यह जरूर देखती है कि संबंधित पद के लिए वह जिस अभ्यर्थी का चयन कर रही है वह उसके लिए कितना उपयुक्त है। उसका व्यक्तित्व कैसा है यानी देखने में कैसा है। उसकी भाषा शैली कैसी है वगैरह-वगैरह। इसलिए प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आपका व्यक्तित्व न सिर्फ दूसरों के सामने आपको प्रभावी बनाता है बल्कि आपकी सफलता भी सुनिश्चित करता है। इसके लिए आपको निम्न बिंदुओं पर अवश्य ध्यान देना चाहिए।

**कहते हैं कि काबिल होना जितना जरूरी है उससे कहीं ज्यादा जरूरी है काबिल दिखना। यह सच भी है, क्योंकि रोजगार की तलाश में निकले शिक्षित युवाओं को जितनी मेहनत लिखित परीक्षा और उसकी तैयारी के संदर्भ में करनी पड़ती है, उससे कहीं यादा सावधानी उन्हें साक्षात्कार यानी इंटरव्यू के दौरान बरतनी पड़ती है।**

### आत्मविश्वास अहम पूँजी हैं

आपके व्यक्तित्व पर आत्मविश्वास की स्पष्ट छाप होनी चाहिए। कहने का मतलब यह है कि आपकी प्रत्येक गतिविधि में आपका आत्मविश्वास झलकना चाहिए। आत्मविश्वास आपकी सबसे अहम पूँजी है। आपके चेहरे पर झलकने वाला आत्मविश्वास सामने वाले को यह जता देता है कि आप अपने लक्ष्य के प्रति कितने सजग और प्रयत्नशील हैं। अपने काम के प्रति आपकी लगन और समर्पण का पैमाना क्या है। इंटरव्यू के समय नियोक्ता कंपनी या उपम के प्रतिनिधि अभ्यर्थी के समूचे व्यक्तित्व का आकलन करते हैं। वे यह जानने-समझने की पूरी कोशिश करते हैं कि संबंधित पद के लिए जो भी अभ्यर्थी उनके सामने बैठा है, वह कार्य निष्पादन के वक्त आने वाली चुनौतियों का सामना करने के योग्य है अथवा नहीं।

### चलने-बैठने के तरीका

बहुत से लोग काबिल और अपने क्षेत्र में पारंगत तो होते हैं लेकिन उनके उठने, बैठने और चलने का तौर-तरीका कुछ चालू किस्म का होता है। करियर बनाने की दिशा में, प्रयासरत युवाओं के लिए यह बात बेहद नुकसानदेह है। कब बैठना और कैसे उठना है तथा बाहर आना है आदि बिंदु आपके लिए खासे महत्वपूर्ण हैं। इनका भलीभाँति ध्यान रखना चाहिए। चलने, बैठने और उठने के सभ्य तरीके आपके व्यक्तित्व में चार चाँद लगाते हैं। इसलिए सारी बातों के साथ इस बिंदु पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए।

### दबा-दबा सा न हो बोलचाल का लहजा

युवाओं में अकसर एक कमी यह पाई जाती है कि वे अपने विषय में पारंगत तो होते हैं उनके सामान्य ज्ञान का स्तर भी सुपर होता है लेकिन बोलचाल का उनका हलका और दबा-दबा सा लहजा उनकी सारी काबिलियत को धो देता है। बातचीत के दौरान आधी बात उनके मुँह में ही रह जाती है। हकलाहट की बीमारी ने होते हुए भी जवाब देते समय उनकी जुबान लड़खड़ाने लगती है और सारे किए धरे पर पानी फिर जाता है। इस स्थिति से बचना चाहिए।

अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा है तो आप स्वयं प्रश्न उत्तर बनाकर उनका अकेले में अथवा अपने मित्रों के साथ अभ्यास कर सकते हैं। इससे आपकी झिझक खत्म होगी और इंटरव्यू के दौरान आप अपनी बात सहज भाव से सबके सामने रख सकेंगे।

### भाषा पर रखें पकड़


साक्षात्कारकर्ताओं के साथ बातचीत करते समय आप चाहे जिस भी भाषा का प्रयोग करें लेकिन इतना ध्यान रखें कि उस भाषा पर आपकी पूरी पकड़ होनी चाहिए। हिंदी हो या अंग्रेजी, भाषा पर आपकी पकड़ आपकी स्थिति मजबूत करती है। मिश्रित भाषा का प्रयोग करते समय आपको यह ध्यान रखना होगा कि किस जगह किस भाषा या शब्द का प्रयोग उचित है। इंटरव्यू हो या सामान्य जीवन की दैनिक बातचीत, अधकचरी भाषा का प्रयोग आपके व्यक्तित्व को कमजोर करता है, सामने वाला यह सोचने पर विवश हो जाता है कि आपको संबंधित भाषा का ज्ञान नहीं है, बस आप सिर्फ हाँके जा रहे हैं। बाद में यानी पीठ पीछे लोग ऐसे शख्स की खिल्ली उड़ाने से भी बाज नहीं आते। इसलिए जरूरी है कि हम या आप उसी भाषा का प्रयोग करें, जिसकी हमें या आपको पूरी जानकारी हो।

### व्यक्तित्व के निर्धारण में पहनावा है खास



बतौर पोशाक आप क्या पहनना अधिक पसंद करते हैं, यह बिंदु आपके व्यक्तित्व के निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है। आमतौर पर इंटरव्यू के लिए जाते समय लोग कमीज, पतलून और टाई का प्रयोग करते हैं। सर्दियों में सूट को भी तरजीह दी जाती है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप टाई बांधे ही बल्कि सिर्फ कमीज-पतलून ही पहना जा सकता है। कहने का आशय यह कि कभी-कभी कुछ युवा टाई में खुद को असहज महसूस करते हैं। इंटरव्यू में पहनावे की शर्त महज इतनी होती है कि वे ऑफिस वीयर हों। पिकनिक वाली पोशाक कतई इस्तेमाल नहीं की जानी चाहिए। सिर्फ कमीज-पतलून में आप खुद को परफेक्ट और सहज महसूस कर सकते हैं। इससे आप इंटरव्यू के समय भटकेंगे नहीं। आपकी पोशाक आपका ध्यान भंग नहीं कर सकेगी।

# मन की आवाज को न करें नजरंदाज



कई बार हम महत्वपूर्ण कार्य करने के पहले अपने आप से कई प्रकार के प्रश्न पूछते हैं। इन प्रश्नों में कार्य की सफलता से लेकर असफ लता और कई और बातें भी शामिल रहती है। व्यक्ति स्वयं से प्रश्न पूछते समय स्वयं की सकारात्मक बातों को पहले रखता है, पर भीतर ही भीतर नकारात्मक परिदृश्य भी उमडता रहता है। इस कारण कई बार व्यक्ति सफ लता निश्चित होने के बावजूद असफ लता हाथ लगती है। असफलता मिलने के बाद व्यक्ति सोचने लगता है और फिर उन बातों को याद करने लगता है, जब उसके मन में असफलता की बातें घूम रही थीं। दरअसल मन तो मन है, उसमें विचारों का प्रवाह चलता रहता है और लगातार चलता है। इन विचारों में से स्वयं के व्यक्तित्व और स्वभाव के अनुरूप क्या ठीक हो सकता है, इसका चयन करना जरूरी है।

इन विचारों में सकारात्मकता और नकारात्मकता रहती है और व्यक्ति को दोनों विचारों में से स्वयं के अनुरूप विचारों का चयन करना होता है। इन विचारों का न केवल चयन करना होता है, बल्कि उसका मनन भी करना होता है। कई बार युवा साथी इंटरव्यू के लिए जाते हैं और असफ लता मिलने पर इंटरव्यू लेने वाले पर या कंपनी पर ही आरोप जड देते हैं, जबकि गलती उनकी स्वयं की होती है और वे जानते हैं कि गलती अपनी ही है, पर स्वयं गलती मानने को कौन तैयार होता है।

लिहाजा कंपनी ही गलत है, ऐसा प्रचार करते हैं। अगर ध्यान से देखा जाए तो ये तथ्य सामने आता है कि चाहे इंटरव्यू हो या फि र अन्य कार्य हो, आपको स्वयं के आत्मविश्वास व कार्य की सफलता के बारे में पता होता है और ये पता भीतर से ही चलता है। भीतर की आवाज सुनना कोई आध्यात्मिक क्रिया नहीं है, बल्कि ये एक सामान्य प्रक्रिया है और सभी इस तरह से सोचते हैं और भीतर की आवाज सुनते हैं। इसका मतलब ये भी नहीं कि व्यक्ति प्रयत्न ही न करे और असफ लता मिलने की आशा है, इस कारण कोई कार्य ही न करे। कार्य करें और अपनी ओर से पूर्ण मेहनत के साथ करे, पर अगर मन में जरा-सी भी शंका हो तब उस शंका का निवारण जरूरी है, क्योंकि ये मन ही है जो आपको सच से साक्षात्कार करवाता है और सत्य बात आपके सामने बिना लाग लपेट के रखता है। अगर आपने मन के विचारों को मारना आरंभ कर दिया तो सत्य बात आपके सामने नहीं आएगी और स्वयं से ही झूठ बोलने की शुरूआत हो जाएगी।

ये स्थिति मनमर्जी की होती है। दरअसल प्रयत्न और भीतर की आवाज सुनने में एक तरह से संतुलन बैठाना होता है और जिसने सही तरीके से संतुलन बिठा लिया। उसकी सफ लता की दर बढने की संभावना रहती है, क्योंकि वो अपनी गलतियों को स्वयं के सामने रखने का माद्दा रखता है।

# मंत्रमुग्ध कर देगी चमोली की खूबसूरत फूलों की घाटी

**उत्तराखंड में चमोली (गढ़वाल) जिले और नेपाल-तिब्बत के बार्डर से घिरी है बेहद खूबसूरत फूलों की घाटी फ्लावर नेशनल पार्क। मानसून में यहां गजब का दृश्य होता है। हिमालय की ऊंची घाटियों में स्थित इस पार्क में लगभग 300 तरह के एलपाइन फूल पाए जाते हैं। जिससे बर्फ से ढंके पहाड़ों के आगे ऐसा लगता है मानो रंग-बिरंगी कालीन बिछी हों। लगभग 55 मील में फैले इस पार्क को 1982 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। यह उद्यान नंदी देवी नेशनल पार्क के पास ही है। यह दिल्ली से 595 किलोमीटर दूर है।**



फूलों की यह घाटी जून से लेकर सितंबर तक खुलती है। बाद में यह पूरी घाटी बर्फ से ढंक जाती है। अगर यहां के फूलों का खूबसूरत नजारा देखना चाहते हैं, तो जुलाई से अगस्त तक का समय सबसे बेहतर है। यहां की पहली बारिश के बाद फूलों की खूबसूरती देखते बनती है। जुलाई से पहले इस घाटी में एक भी फूल नहीं खिलता। इस समय पहाड़ों से पिघलती बर्फ का आनंद लिया जा सकता है। जुलाई से अगस्त तक यह घाटी फूलों से भर जाती है पर अगस्त खत्म होते-होते फूल अपने आप ही पीले पड़ने लगते हैं और धीरे-धीरे मुरझा जाते हैं। मौसम की बात करें, तो यहां की रात और सुबह काफी ठंड होती है।

हालांकि इस घाटी की चढ़ाई काफी मुश्किल है मगर यहां आकर ऐसा लगता है मानो आप किसी जादू की नगरी में आ गए हैं। चारों तरफ का वातावरण सुकून और शांति प्रदान करता है। वैली ऑफ फ्लावर के रास्ते में अनगिनत फूल अपनी खूबसूरती से आपका मन मोह लेंगे। ऐसा प्रतीत होता है मानो उस घाटी में जाने के लिए फूल आपका स्वागत कर रहे हों।

फूलों के अलावा यहां ऐसे जानवर देखे जा सकते हैं, जो लगभग विलुप्त हो रहे हैं। जैसे स्नो-लेपर्ड, ब्राउन बीयर, ब्लू शीप, एशियाटिक ब्लैक बीयर। 1882 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिलने के बाद अब यह बर्ल्ड हेरिटेज साइट भी बन गया है। वहां के निवासी यह मानते हैं कि फूलों की घाटी में परियों का निवास है। यह ट्रेकिंग के लिए भी अच्छी जगह है।

1931 में इस जगह की खोज ब्रिटिश माउन्टेनियर्स ने की थी और उन्होंने ही इस खूबसूरत घाटी वैली आफ फ्लावर्स नाम दिया था। उन्होंने इस पर किताब भी लिखी थी।

इस घाटी से सबसे नजदीक शहर है जोशीमठ। जहां से आप सड़क से सीधे हरिद्वार और देहरादून जा सकते हैं। जोशीमठ से थोड़ी दूर है गोविंद घाट, जहां से ट्रेकिंग की शुरूआत होती है। 14 किलोमीटर ट्रेकिंग के बाद ट्रेकर्स इस घाटी से तीन किलोमीटर पहले धनगारिया पहुंचते हैं।

इस उद्यान में खूबसूरत फूलों के अलावा कई औषधीय पौधे भी हैं। इसलिए बॉटनिस्ट भी यहां अध्यन के लिए आते रहते हैं।

नेशनल फ्लावर पार्क ऋषिकेश से 276 किलोमीटर दूर है। नजदीकी हवाई अड्डा देहरादून में है। सबसे नजदीक रेलवे स्टेशन ऋषिकेश में है। यहां जून से सितंबर तक कभी भी जा सकते हैं।

# इन चीजों को खाली पेट खाने की गलती न करें वरना...

अगर आप सुबह उठ कर नाश्ते में कुछ भी खा लेते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि इससे आपका पेट खराब हो सकता है और पाचन क्रिया पर असर पड़ सकता है। हर चीज को खाने का एक समय और एक मात्रा तय होती है। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

दही, कच्चे टमाटर, केले और दूसरी कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें खाली पेट खाना ठीक नहीं होता। सुबह-सुबह खाली पेट मसालेदार खाना खाने से पेट में एसिड बनता है और पेट संबंधित कई बीमारियां हो जाती हैं। आइए जानते हैं कि सुबह खाली पेट किन चीजों से परहेज करना चाहिए-



**पेस्ट्री और केक :** अगर आप ऐसी चीजें खाएंगे जिसमें ईस्ट की मात्रा ज्यादा होती है, तो आपका पेट पूरे दिन फूला रहेगा।

**दही :** खाली पेट दही खाने से पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड बनता है जिससे लैक्टिक एसिड वाला बैक्टीरिया खत्म हो जाता है और आपके बैक्टीरियल सिस्टम को नुकसान पहुंचता है।

**नाशपाती :** नाशपाती में कुछ कच्चे फाइबर होते हैं, जिसे खाली पेट खाने से श्लेष्मा झिल्ली को चोट पहुंच सकती है।

**टमाटर :** टमाटर में काफी मात्रा में टैनिक एसिड होता है। खाली पेट इसे खाने से गैस्ट्रिक अल्सर हो सकता है।

**खीरा और अन्य हरी सब्जियां :** कच्ची सब्जियों में अमीनो एसिड होता है। इससे सीने की जलन और पेट दर्द हो सकता है।

**कार्बोनेटेड ड्रिंक :** खाली पेट इसे पीने से श्लेष्मा झिल्ली को चोट पहुंचत सकती है। इससे ब्लड की सप्लाई भी घटती है और खाना पचने में काफी समय लेता है।

**केला :** केले में मैग्नीशियम होता है जिससे खून में एक तत्व झट से बढ़ जाता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)